सूर्योदय : 6:57
सूर्यास्त : 5:33
अधिकतम तापमान : 21
न्यूनतम : 6.7

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-212 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 21 जनवरी 2026
01 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# नितिन नबीन अब मेरे बॉस और मैं कार्यकर्ता

### ■ पीएम मोदी ने भरी सभा में कार्यकर्ताओं को दे दिया मैसेज



**नई दिल्ली।** बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने औपचारिक रूप से पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह, एस जयशंकर जैसे दिग्गज नेता मौजूद रहे। नितिन नबीन की ताजपोशी के बाद पीएम मोदी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने नितिन नबीन को दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और जमकर तारीफ की।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सर्वप्रथम, विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के अध्यक्ष चुने जाने पर नितिन नबीन को हार्दिक बधाई। पिछले कई महीनों से, संगठन की सबसे छोटी इकाई से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक, पूरी प्रक्रिया शत प्रतिशत लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुई है। आज यह प्रक्रिया विधिवत और औपचारिक रूप से संपन्न हो गई है। आज से अब नितिन नबीन मेरे बॉस हैं और मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नितिन नबीन भाजपा की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। आज के युवाओं की भाषा में कहें तो नितिन जी स्वयं एक तरह से मिलेनियल हैं। अगले 25 वर्ष बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह वह दौर है जब एक विकसित भारत का निर्माण होना है और यह होना तय है। इस महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत में, हमारे नितिन नबीन जी भाजपा की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। आज के युवाओं की भाषा में कहें तो नितिन जी स्वयं एक तरह से मिलेनियल हैं। वे उस पीढ़ी से हैं जिसने भारत में बड़े आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी परिवर्तन देखे हैं। वे उस पीढ़ी से हैं जिसने अपने बचपन में रेडियो से सूचना प्राप्त की और अब एआई का सक्रिय उपयोगकर्ता है। नितिन जी में युवा ऊर्जा और संगठनात्मक कार्य का व्यापक अनुभव दोनों हैं। यह हमारी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए बहुत लाभकारी होगा।

अटल जी, आडवाणी जी और मुरली मनोहर जोशी जी के नेतृत्व में भाजपा ने शून्य से लेकर शिखर तक का सफर देखा है। इस सफर में वेंकैया नायडू जी और नितिन गडकरी जी सहित हमारे कई वरिष्ठ साथियों ने संगठन को विस्तार दिया। राजनाथ जी के नेतृत्व में पहली बार भाजपा ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल किया। फिर अमित भाई के नेतृत्व में देश के कई राज्यों में भाजपा की सरकारें बनीं और लगातार दूसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनी। फिर जेपी नड्डा जी के नेतृत्व में भाजपा पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक और सशक्त हुई और लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनी। मैं भाजपा के पूर्व के सभी अध्यक्षों का बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता की सेवा हमारे लिए हमेशा सर्वोपरि रही है। हमने सत्ता को सुख का नहीं बल्कि सेवा का माध्यम बनाया है इसलिए भाजपा पर जनता का विश्वास निरंतर मजबूत होता गया है। अगर बीते 11 वर्षों की ही बात करें तो भाजपा की यात्रा जनविश्वास अर्जित करने की अद्भुत यात्रा रही है। बीते 11 वर्षों में भाजपा ने हरियाणा, असम, त्रिपुरा और ओडिशा में पहली बार अपने सामर्थ्य से सरकार बनाई। पश्चिम बंगाल और तेलंगाना में भाजपा जनता की आवाज़ बनकर उभरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी भाजपा ने अलग तरह की पार्टी के रूप में अपनी यात्रा शुरु की थी। आज भाजपा सुशासन की पार्टी भी है।

## भाजपा को मिलेगी नई ऊर्जा और दिशा, नितिन नबीन से मुलाकात पर बोले योगी



**नई दिल्ली/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की। सीएम योगी ने उन्हें बधाई के साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मंगलवार को योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट किया। साथ ही अपने सोशल मीडिया एकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट करके उन्हें बीजेपी का नया अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आपके कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक अनुभव और दूरदर्शिता से पार्टी को नई ऊर्जा-दिशा मिलेगी।

# कर्नाटक में अश्लील वीडियो कांड पर सरकार का एक्शन

### ■ डीजीपी रामचंद्र राव को किया सस्पेंड



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के डीजीपी के रामचंद्र राव पर सख्त एक्शन लेते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। उनके कई अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें वो महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे थे।

वीडियो सामने आने के बाद कर्नाटक में बवाल मच गया। वहीं, रामचंद्र ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उनका कहना है कि उन्हें फंसाया जा रहा है। वीडियो कांड के बाद रामचंद्र कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर से भी मिलने पहुंचे थे, मगर दोनों की मुलाकात नहीं हो सकी। गृह मंत्री के आवास के बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान रामचंद्र ने कहा, ये पूरी तरह से मनगढ़ंत है और ये वीडियो पूरी तरह से फेक है।

बता दें कि रामचंद्र राव राज्य के वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी और नागरिक अधिकार प्रवर्तन निदेशालय (डीसीआरई) के महानिदेशक (डीजीपी) थे। उनके कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हो गए, जिसमें वो अपने कार्यालय में महिला के साथ नजर आ रहे हैं।

#### अंतरंग वीडियो वायरल

वीडियो में डीजीपी रामचंद्र राव को उनके कार्यालय में एक महिला के साथ अंतरंग होते देखा गया है। एक वीडियो में वह वर्दी पहने हुए अपनी कुर्सी पर बैठकर महिला के साथ आपत्तिजनक आचरण करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, एक अन्य वीडियो में वह सूट पहने हुए हैं और उनके कक्ष में भारतीय ध्वज तिरंगा एवं पुलिस विभाग का प्रतीक चिन्ह साफ दिखाई दे रहा है।

# पीठासीन अधिकारियों ने जवाबदेही पर किया मंथन

### ■ विधायिका को बताया लोकतंत्र की आत्मा



**लखनऊ।** अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों और सचिवों के 86वें सम्मेलन के दूसरे दिन विधायिका की जवाबदेही पर मंथन हुआ। विधानसभा मंडप में आयोजित सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए विधानसभा अध्यक्षों ने विधायकों के लिए एक सिलबेस तैयार किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। विधायिका को लोकतंत्र की आत्मा बताया।

गुजरात के विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शिक्षित, प्रशिक्षित और सक्षम जनप्रतिनिधियों का होना अत्यंत आवश्यक है। आज विधायक की भूमिका केवल सदन तक सीमित नहीं रह गई है। उन्हें कानून निर्माण, बजट पर विचार, क्षेत्रीय विकास, जनसंपर्क, प्रशासनिक समन्वय और पार्टी संवाद जैसे अनेक दायित्व निभाने होते हैं। ऐसे में उनके लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण एक अनिवार्य आवश्यकता बन गई है। इसके लिए एक सिलबेस तैयार किया जाना चाहिए।

आपसी सहयोग और सौहार्द बढ़ाने के लिए विधायक क्रिकेट लीग और सामूहिक आयोजनों जैसे प्रयास किए गए, जिससे विधायकों, मंत्रियों और अधिकारियों के बीच समन्वय मजबूत हुआ। डिजिटल नवाचार के तहत पेपरलेस विधानसभा, ऑनलाइन प्रश्नोत्तर और डाटा आधारित बजट तैयारी ने कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और जनोन्मुख बनाया है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सशक्त, प्रशिक्षित और मूल्यनिष्ठ जनप्रतिनिधि अत्यंत आवश्यक हैं। सशक्त विधायक ही सशक्त लोकतंत्र की नींव हैं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने कहा कि लोकतंत्र का मूल आधार जनता के प्रति विधायकों की जवाबदेही है। जनप्रतिनिधि सत्ता के स्वामी नहीं, बल्कि संविधान और जनता के सेवक हैं। महाभारत और इस्लामी शिक्षाएं, दोनों न्याय, लोककल्याण और परामर्श पर बल देती हैं। विधानमंडल में हमारा अधिकार पद से नहीं, बल्कि जनता के विश्वाास से प्राप्त होता है। कानून निर्माण, कार्यपालिका की निगरानी और गरिमापूर्ण बहस के माध्यम से जनहित की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। लोकतंत्र संवाद से सशक्त होता है, अव्यवस्था से नहीं।

# प्रदेश में देश का सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर बनेगा

### ■ एएम ग्रीन ग्रुप करेगा 2.25 लाख करोड़ का निवेश



**लखनऊ।** निवेश को लेकर यूपी टीम को दावोस में जारी विश्व आर्थिक मंच में बड़ी सफलता मिली है। एएम ग्रीन ग्रुप ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक ऐतिहासिक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत प्रदेश के ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में एक गीगावॉट क्षमता का अत्याधुनिक कंप्यूट डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा, जो वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वर्कलोड्स को सेवाएं देगा। यह समझौता उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख डेटा सेंटर और एआई हब बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा।

एएम ग्रीन द्वारा स्थापित किया जाने वाला यह एआई इंफ्रास्ट्रक्चर हब चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। परियोजना की पहली क्षमता की शुरुआत वर्ष 2028 तक हो जाएगी, जबकि 2030 तक पूरे एक गीगावॉट क्षमता के साथ इसे पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में लगभग 25 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 2.25 लाख करोड़ रुपये) का निवेश प्रस्तावित है। यह निवेश न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में अब तक के सबसे बड़े डेटा सेंटर निवेशों में से एक होगा, जो भारत सरकार के 'विकसित भारत 2047' विजन के अनुरूप है।

इस मेगा डेटा सेंटर में लगभग 5 लाख अत्याधुनिक हाई-परफॉर्मेंस चिपसेट्स लगाए जाएंगे, जो हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी) और एआई आधारित सेवाओं को गति देंगे। यह सुविधा वैश्विक हाइपरस्केलर्स, फ्रंटियर लैब्स, एंटरप्राइजेज और भारत की सॉवरेन एआई पहल को बड़े पैमाने पर सपोर्ट करेगी। यह डेटा सेंटर भारतीय डेवलपर्स को भी चिपसेट एक्सेस उपलब्ध कराएगा। इस परियोजना से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आने की संभावना है। साथ ही हजारों उच्च कौशल रोजगार सृजित होंगे।

#### हरित ऊर्जा और सतत विकास की नीति को मिलेगी मजबूती

प्रदेश सरकार की डेटा सेंटर पॉलिसी, मजबूत औद्योगिक कॉरिडोर, बेहतरीन कनेक्टिविटी और निवेशक अनुकूल माहौल के चलते एएम ग्रीन ग्रुप ने यूपी को इस परियोजना के लिए चुना है। यह सुविधा कार्बन-फ्री ग्रीन एनर्जी पर आधारित होगी, जिसमें पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और पंप्ड स्टोरेज का उपयोग किया जाएगा। इससे योगी सरकार की हरित ऊर्जा और सतत विकास की नीति को भी मजबूती मिलेगी।

# गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे 10,000 मेहमान

### ■ सरकार बोली- मकसद जन भागीदारी बढ़ाना



**नई दिल्ली।** इस साल 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड को देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित अतिथियों में आय और रोजगार सृजन में अनुकरणीय कार्य करने वाले, सर्वश्रेष्ठ नवप्रवर्तक, शोधकर्ता और स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूह और प्रमुख सरकारी पहलों के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लोग शामिल हैं।

रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सम्मानित करने और राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें आमंत्रित किया गया है। इन विशेष अतिथियों को कर्तव्य पथ पर प्रमुख स्थान पर बैठाया जाएगा। समारोहों के अतिरिक्त, विशेष अतिथियों के लिए राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, प्रधानमंत्री संग्रहालय और दिल्ली के अन्य प्रमुख स्थानों के भ्रमण की व्यवस्था की गई है। उन्हें संबंधित मंत्रियों से बातचीत करने का अवसर भी मिलेगा।

इस बीच, 77वें गणतंत्र दिवस समारोह से पहले, खुफिया एजेंसियों से प्राप्त कई आतंकी खतरों की सूचनाओं के मद्देनजर, दिल्ली पुलिस ने कर्तव्य पथ और पूरे नई दिल्ली जिले में एक व्यापक, प्रौद्योगिकी-आधारित सुरक्षा तंत्र स्थापित किया है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के लिए बैठने की जगहों का नाम भारतीय नदियों के नाम पर रखा गया है।

# राज्य पुलिस कर सकती है केंद्र सरकार के कर्मचारियों की जांच

### सुप्रीम फैसला

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि राज्य पुलिस केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ रिश्वत और भ्रष्टाचार के मामलों में जांच कर सकती है और चार्जशीट दाखिल कर सकती है। इसके लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कोई अनुमति लेने की जरूरत नहीं है।



कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार और रिश्वत के मामलों की जांच न सिर्फ सीबीआई, बल्कि राज्य पुलिस या किसी अन्य पुलिस एजेंसी भी कर सकती है। कोर्ट ने यह भी बताया कि ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि काम दोहराने से बचा जा सके। आम तौर पर सीबीआई केंद्रीय कर्मचारियों के मामलों की जांच करती है और राज्य की एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) राज्य कर्मचारियों के मामलों की।

मामले में सुनवाई करते के बाद आया सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए आया है। बता दें कि इससे पहले इस मामले में हाईकोर्ट ने भी माना था कि राजस्थान एसीबी केंद्रीय कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर सकती है।

# 37 सांसद विधानसभा चुनाव में जीत दिलाएंगे

### ■ चुनावी मोड में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को सपा के सभी सांसदों की मीटिंग बुलाई। अखिलेश अपने सांसदों से आगामी चुनावी रणनीति और संगठन मजबूत करने की चर्चा की। हर संसदीय क्षेत्र की विधानसभा सीटों की स्थिति पर चर्चा हुई। इस दौरान अखिलेश यादव ने अपने सांसदों में कहा कि यह 37 सांसद 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत दिलाएंगे।

समाजवादी पार्टी के सांसद ज़िया उर रहमान बर्क ने कहा, हमने अहम बैठक की है ताकि हम मजबूती के साथ चुनाव लड़ें और अपनी सरकार बनाए। हमारी पार्टी मजबूत है और एक है। जनता के भरोसे और उनकी मदद से सभी सांसद मिलकर प्रयास करेंगे कि हम अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाए। अखिलेश ने लखनऊ कैंट विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने और एसआईआर संबंधी कामों पर निगरानी के लिए पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी के पुत्र पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी को लगाकर भविष्य की अपनी रणनीति का संकेत दे दिया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कैंट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की ओर से इस संबंध में महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी को पत्र भेजा गया है। पत्र मिलने की पुष्टि करते हुए सिद्दीकी ने बताया कि कैंट में हम पूरी दमदारी से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। सपा नेतृत्व के इस पत्र में कहा गया है कि अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी व पूर्व मंत्री पवन पांडेय को लखनऊ की कैंट विधानसभा क्षेत्र में लगाया गया है। कैंट सीट ब्राह्मण बहुल मानी जाती है। इस विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर वर्ष 2022 में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक चुनाव जीते थे।

## निकाय चुनाव में नहीं चला ठाकरे बंधुओं का मराठी दांव

# महाराष्ट्र में 80 गैर-मराठी बने पार्षद



**मुंबई।** ठाकरे बंधुओं उद्धव और राज ठाकरे द्वारा मराठी मानुष, मराठी भाषा और मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने का मुद्दा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मगर, इसके बावजूद इस बार 227 सदस्यों वाली मुंबई महानगरपालिका में रिकार्ड 80 गैर-मराठी भाषी पार्षद चुनकर आए हैं। यह संख्या अब तक के चुनावों में सबसे ज्यादा है। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह के मीरा-भायंदर में दिए गए एक बयान को मुद्दा बनाकर ठाकरे बंधुओं ने यह प्रचारित कर भाजपा को बैकफुट पर लाने की कोशिश की। उन्होने कहा कि भाजपा तो गैरमराठी व्यक्ति को मुंबई का मेयर बनाना चाहती है।

ऐसा प्रचारित करके ठाकरे बंधु मुंबई के मराठी भाषी मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करना चाहते थे। लेकिन प्रतिध्रुवीकरण के रूप में इसके परिणामस्वरूप मुंबई में 80 गैर-मराठी भाषी पार्षद चुनकर आ गए हैं।

अब तक के चुनावों में यह संख्या सबसे अधिक है। 2017 में सिर्फ 72 गैरमराठीभाषी पार्षद चुनकर आए थे। इनमें भाजपा के पार्षदों की संख्या 36 थी। इस बार चुनकर आए गैर-मराठी पार्षदों में भी सर्वाधिक संख्या भाजपा के 38 पार्षदों की है। कांग्रेस के कुल चुने गए 24 पार्षदों में से 18, तो ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के सभी आठ और समाजवादी पार्टी के सभी दो पार्षद गैर-मराठी हैं। मराठी की ही राजनीति करनेवाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के भी कुल 65 में से छह एवं राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कुल छह में से एक पार्षद गैर-मराठी है। जबकि शिंदे गुट की शिवसेना के 29 में से तीन पार्षद गैर-मराठी हैं।

देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव रखने वाली मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने का भय उद्धव और राज ठाकरे बार-बार दिखाते रहे हैं। जबकि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यह कहकर इसका जवाब देते रहे हैं कि मुंबई को किसी के बाप का बाप का बाप भी महाराष्ट्र से अलग नहीं कर सकता। भाजपा को मिली 89 सीटों में चुनकर आए उसके 51 मराठी पार्षद भी फडणवीस के इस दावे को सही ठहराते हैं कि मराठी भाषी मतदाताओं पर सिर्फ शिवसेना (यूबीटी) और मनसे का ही अधिकार नहीं है।

#### बीजेपी ने दी प्रतिक्रिया

बीएमसी के नए सदन में गैर-मराठी पार्षदों की यह संख्या सदन की कुल संख्या की एक तिहाई से भी अधिक है। भाजपा प्रवक्ता प्रेम शुक्ला इतनी बड़ी संख्या में गैर-मराठी पार्षदों के चुनकर आने को मुंबई की प्रकृति से जोड़कर देखते हैं। शुक्ला के अनुसार, मुंबई सही मायनों में बहुभाषिक कॉस्मोपॉलिटन शहर है। यहां सारे संप्रदायों, जातियों, नस्लों को जगह मिलती है।

## राहुल गांधी को सालों बाद वापस मिला दादा फिरोज गांधी का ड्राइविंग लाइसेंस

**रायबरेली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मंगलवार को उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक व्यक्ति ने उनके दादा फिरोज गांधी का ड्राइविंग लाइसेंस उन्हें सौंपा। अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दौरे के दूसरे दिन विकास सिंह नामक एक व्यक्ति ने फिरोज गांधी का ड्राइविंग लाइसेंस सौंपा। विकास ने यह लाइसेंस सहेजकर रखा हुआ था।

रायबरेली प्रीमियर लीग के आयोजक मंडल के सदस्य विकास सिंह ने बताया कि वर्षों पहले एक कार्यक्रम के दौरान उनके ससुर को अचानक यह ड्राइविंग लाइसेंस मिला था। तब से उन्होंने इसे सहेजकर रखा हुआ है। सिंह ने कहा कि उनके ससुर की जब मृत्यु हो गई तो उसके बाद उनकी सास ने भी इसे संभाल कर रखा। विकास सिंह ने बताया कि इस बार राहुल गांधी के आने की जानकारी हुई तो उनकी सास ने कहा कि उनकी (राहुल) एक अमानत मेरे पास रखी है और इसे उन्हें ले जाकर दे दो।

# जम्मू को कश्मीर से अलग नहीं किया जा सकता

### ■ बंटवारे की मांग करने वाले लोग मूर्ख : फारूक अब्दुल्ला



**जम्मू।** जम्मू- कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि जम्मू को कश्मीर से अलग नहीं किया जा सकता और वह ऐसे किसी भी व्यक्ति का समर्थन नहीं करते जो इस विचार का समर्थन करता है। जम्मू प्रांत के प्रखंड अध्यक्षों और सचिवों के सम्मेलन के दूसरे दिन यहां संवाददाताओं से बात करते हुए डॉ. अब्दुल्ला ने कहा, जो लोग जम्मू क्षेत्र को कश्मीर से अलग करने की वकालत कर रहे हैं, वे मूर्ख और अज्ञानी हैं। लद्दाख को बांटने के बाद क्या मिला और एक दिन यह फिर से जम्मू- कश्मीर के साथ एकजुट हो जाएगा। पीर पंजाल और चिनाब घाटी को स्वायत्तता देने की बात भी डिक्सन योजना का हिस्सा है, जिसे हमने खारिज कर दिया था।

उन्होंने बताया कि सर ओवेन डिक्सन एक ऑस्ट्रेलियाई जज थे जिन्हें 1950 में कश्मीर मुद्दे का समाधान सुझाने के लिए नियुक्त किया गया था। डिक्सन एक योजना लेकर आए थे जिसमें लद्दाख को भारत को देने, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर, गिलगित और बाल्टिस्तान सहित पाकिस्तान के पास रहने देने, कश्मीर घाटी में स्वतंत्रता के विकल्प के बिना जनमत संग्रह कराने और जम्मू को धार्मिक आधार पर विभाजित किए जाने की बात कही गई थी।

जम्मू-कश्मीर के बंटवारे का समर्थन करने वाले कश्मीर के नेताओं के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. अब्दुल्ला ने कहा कि लद्दाख भी अब जम्मू- कश्मीर के साथ फिर से जुड़ना चाहता है। उन्होंने प्रदेश में ज़िले बनाने की मांग पर कहा, इसकी ज़रूरत नहीं है क्योंकि हमारे पास पहले से ही काफ़ी हैं। पीपुल डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती द्वारा बेरोज़गारी के मुद्दे पर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए डॉ. अब्दुल्ला ने कहा, वह भी मुख्यमंत्री थीं, और उनके पिता भी मुख्यमंत्री रहे थे। उन्होंने क्या किया? दूसरों पर उंगली उठाना आसान है, लेकिन याद रखें कि तीन उंगलियां उनकी तरफ भी इशारा कर रही हैं।

# डीएम-एसपी ने ली बैठक, नो मैंस लैंड, जीरो लाइन से 15 किमी भारत की तरफ अतिक्रमण हटाने पर चर्चा, बनी रणनीति

## एसएसबी व प्रशासन की संयुक्त टीमें निरीक्षण और सत्यापन कर हटवाएगी अतिक्रमण



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी ।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नो मेन्स लैण्ड, जीरो लाइन से भारत की तरफ 05 किमी और जीरो लाइन से भारत की तरफ 15 किमी के अन्तर्गत सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाने को लेकर शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने अफसरों संग बैठक की। जिसमें एसएसबी, उप जिला अधिकारियों, वन विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारियों से अनधिकृत कब्जे को लेकर विस्तृत चर्चा और मंथन हुआ डीएम-एसपी ने अफसरों संग सशस्त्र सीमा बल 39वी बटालियन गदनिया पलिया, 49वी बटालियन एसएसबी जनपद पीलीभीत 70वी बटालियन एसएसबी मझराफार्म के कार्यक्षेत्र में भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर नो मेन्स लैण्ड तथा जीरो लाइन से भारत की तरफ 05 किमी एवं जीरो लाइन से भारत की तरफ 15 किमी के तहत सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमण को सशस्त्र सीमा बल व राज्य सरकार की संयुक्त टीम बनाकर निरीक्षण, सत्यापन एवं अतिक्रमण को हटवाने पर रणनीति तय की। बैठक में तय हुआ कि नो मैंस लैंड पर अतिक्रमण के हटाने संबंध में दोनों देशों के संबंधित सीमावर्ती जिलों/अंचल के प्राधिकृत अधिकारियों के मध्य संवाद, समन्वय एवं संयुक्त सर्वेक्षण के उपरांत दोनों ओर के अतिक्रमण हटाने पर विचार विमर्श करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इंडो-नेपाल बार्डर के भारत की ओर पांच किलोमीटर के दायरे में जो खेती के लिए अतिक्रमित भूमि है उसे चिन्हित करें। राजस्व कागजात से मिलान कराये। गड़बड़ी पर लोगों पर कार्रवाई करें। अधिकारियों को नो मैन्स लैंड पर अनाधिकृत खेती योग्य भूमि और झोपड़ी या फिर मकान हो उसकी सूची तैयार कर सक्षम स्तर को प्रेषित करते हुए नियमानुसार जरूरी कार्यवाही करें डीएम ने एसएसबी अधिकारियों की उपस्थिति में संबंधित अधिकारियों को इसके लिए एसएसबी के साथ समन्वय बनाते हुए एक माह के भीतर अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को अतिरिक्त अतिक्रमण न हो इसका भी ख्याल रखने का निर्देश दिया बैठक में डीडी दुधवा टाईगर रिजर्व जगदीश आर, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, कमाण्डेन्ट/डिप्टी कमांडेंट एसएसबी 39वीं बटालिन, गदनिया/एसएसबी तृतीय वाहिनी, 49वी बटालियन एसएसबी जनपद पीलीभीत/ 70वी बटालियन एसएसबी मझराफार्म एसडीएम निघासन, सीओ पलिया/निघासन, तहसीलदार पलिया/निघासन मौजूद रहे।

## पुरानी कच्ची दीवार अचानक गिर जाने से मलबे में दबे मां-बेटा, 23 वर्षीय सरजीत की मौत

**लखीमपुर खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के पकरिया सह्लिहा गांव में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे दर्दनाक हादसा हुआ। एक घर की पुरानी कच्ची दीवार अचानक गिर जाने से मां-बेटा मलबे में दब गए। हादसे में 23 वर्षीय युवक सरजीत की मौत हो गई, जबकि उसकी मां मीना देवी 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव पकरिया सह्लिहा निवासी सरजीत की शादी आगामी 26 फरवरी को होनी थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह मां-बेटे दीवार के पास बैठे थे। उसी दौरान मिट्टी की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार गिरते ही मां-बेटा उसके नीचे दब गए। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। ग्रामीणों की मदद से दोनों को तत्काल बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सरजीत को मृत घोषित कर दिया।

# जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष शिवकुमार सिंह की अध्यक्षता में मध्यस्थता अभियान की बैठक की गई आयोजित



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष शिवकुमार सिंह की अध्यक्षता में मध्यस्थता अभियान की बैठक आयोजित की गई ।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक मध्यस्थता अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत ऐसे सभी वादों का चयन किया जाएगा जिनका निस्तारण सुलह समझौते के माध्यम से किया जा सकता है। इस अवधि में न्यायालय द्वारा चिन्हित किए गए मामलों को मध्यस्थता केंद्र भेजा जाए उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत वैवाहिक वाद, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्य विभाग सेवा विवाद, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपति के बंटवारे, बेदखली, भूमि अधिग्रहण और अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किया जा जाएगा, बैठक में उपस्थित समस्त सभी न्यायिक अधिकारीगणों को मध्यस्थता अभियान 2.0 के लिए चिन्हित वादों व रेफरल वादों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि समस्त न्यायिक अधिकारी अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर मीडिएशन सेंटर को प्रेषित करना सुनिश्चित करे जिससे कि मध्यस्थता अभियान 2.0 को सफल बनाया जा सके।

## 04 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 23/2026 धारा 109(1)/351(2)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्मस एक्ट में वांछित 04 नफर अभियुक्तों 1.मंगल उर्फ राममूर्ति 2.आलोक पुत्र रामगोपाल 3.सनी उर्फ सर्वेन्द्र पुत्र कृपाराम 4.गोलू उर्फ अमित पुत्र रामविलास निवासीगण ग्राम ग्रन्ट नं0 12 थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

## गर्दन में फंसा चाइनीज मांझा बाल-बाल बची महिला

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** चाइनीज मांझा सड़क चलते लोगों के लिए बना मुसीबत टुन्नू सिंह चौराहे पर जा रही महिला की गर्दन में फंस गया मांझा।गले में शॉल पड़ी होने के कारण बाल-बाल बची महिला इससे पहले इसी स्थान पर एक स्कूटी सवार की स्कूटी में मांझा फंसने से स्कूटी सवार गिरते-गिरते बचा।

## 18 वर्षीय नैन्सी के पश्चिम बंगाल से रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला आया सामने

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र की अलीगंज पुलिस चौकी के ग्राम सरांय रमुवापुर निवासी ऊभन पुत्र रामऔतार की 18 वर्षीय पुत्री नैन्सी के पश्चिम बंगाल से रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने अज्ञात लोगों द्वारा अपहरण की आशंका जताते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से गुहार लगाई है।

पीड़ित पिता ऊभन ने बताया कि वह अपनी पत्नी गीता देवी, पुत्री नैन्सी और बहन रामबेटी के साथ बस द्वारा गंगासागर तीर्थ जा रहे थे। यात्रा के दौरान कोलकाता के बाबू घाट बस पार्किंग थाना मैदान क्षेत्र में सभी लोग कपड़ा खरीदने के लिए न्यू मार्केट गए थे।

खरीदारी के बाद लौटते समय नैन्सी ने यह कहकर परिजनों से अलग होकर दुकान की ओर जाने की बात कही कि उसका पर्स वहीं छूट गया है बताया गया कि कुछ देर बीत जाने के बाद भी जब नैन्सी वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। इस दौरान एक बस और एक काली कार वहां से गुजरती दिखाई दी, जिसके बाद से नैन्सी नजर नहीं आई। परिजनों ने तीन दिन तक कोलकाता में रहकर अपनी बेटी की तलाश की और 11 जनवरी को थाना मैदान पुलिस को घटना की सूचना दी। पीड़ित पिता का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने 12 घंटे में बेटी को खोज लेने का आश्वासन दिया, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

## अवैध खनन के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही, दो डंपर चीज

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना सरसावा पुलिस, एसडीएम सदर व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान ओवरलोड रेत व बजरी से भरे, बिना प्रपत्र के 02 डम्पर सीज किए है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन में अवैध खनन एवं खनन सामग्री के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, एसडीएम सदर एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार व राजस्व टीम के नेतृत्व में रात्रि को चौकी शांहजहापुर में संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान थाना सरसावा पुलिस व एवं एसडीएम सदर व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 02 डम्परो को चेक किया गया जो ओवरलोड रेत व बजरी से भरे, बिना किसी वैध प्रपत्र के परिवहन कर रहे थे। उक्त वाहनों को नियमानुसार सीज किया गया है। इस कार्यवाही का उद्देश्य जनपद सहारनपुर में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं नियमविरुद्ध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा पर्यावरण संरक्षण एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है।

## भाकियू टिकैत ग्रुप द्वारा 26 को निकल जाएगी तिरंगा यात्रा,दिया जाएगा ज्ञापन

**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप द्वारा आगामी 21 जनवरी को होने वाली मासिक पंचायत को निरस्त कर दिया गया है। संगठन की जनपद इकाई के जिलाध्यक्ष रमाशंकर शंखधार ने जानकारी देते हुए बताया कि हाई कमान से वार्ता के बाद आगामी 21 जनवरी को होने वाली मासिक पंचायत को निरस्त किया गया है।उन्होंने बताया एक 21 की जगह अब 26 जनवरी को आरटीओ ऑफिस से तिरंगा झंडा यात्रा ट्रैक्टर मार्च कर निकाली जाएगी तथा एक सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि ज्ञापन का प्रमुख मुद्दा विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर होंगे,इसका संगठन द्वारा पूर्ण रूप से विरोध किया जाएगा।उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा आगामी 26 जनवरी को सौंपे जाने वाले ज्ञापन की मांगों पर यदि जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन को मजबूरीवश पूरे जनपद में आंदोलन करना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## डीएम की अध्यक्षता में आज आयोजित किया जाएगा किसान दिवस

**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार यानी आज मध्यान्ह 12:00 बजे से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित किया जायेगा,जिसमें जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित रहेगें। उन्होंने कहा कि कृषक अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए किसान दिवस में उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिले परिवार के पांच लोगों के गोली लगे शव, फैली सनसनी

**सरसावा। (अवधनामा संवाददाता)** कस्बा सरसावा में मकान के अंदर एक ही परिवार के पांच लोगों के गोली लगे शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। पुलिस के उच्च अधिकार मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार सभी मृतक मूल रूप से नकुड़ तहसील क्षेत्र के गांव खारीबांस के निवासी बताए जा रहे हैं।

मृतकों में दो महिलाएं, दो स्कूली छात्र और एक पुरुष शामिल हैं। पुरुष की पहचान अशोक के रूप में हुई है, जो नकुड़ तहसील में अमीन के पद पर तैनात था। मृतकों में अशोक (अमीन), उनकी पत्नी अजिता, पुत्र कार्तिक, पुत्र देव और माता विद्यावती शामिल है। बताया जा रहा है कि अशोक ने करीब तीन वर्ष पूर्व अपने पिता सुरेंद्र के स्थान पर अनुकंपा के आधार पर अमीन की नौकरी प्राप्त की थी और वर्तमान में नकुड़ तहसील में कार्यरत था।

पुलिस को घटनास्थल से तीन तमंचे भी बरामद हुए हैं। इसी कारण पुलिस इस मामले को हत्या और आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर जांच रही है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि परिवार के किसी एक सदस्य द्वारा पहले सभी की हत्या की गई और बाद में स्वयं आत्महत्या कर ली गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने मकान को सील कर दिया है और फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता के लिए शिकायतकर्ता के साथ वार्ता के फोटोग्राफ भी निस्तारण की आख्या के साथ संलग्न करें अधिकारी: डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** डीएम साहिबा ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आई जी आरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए यदि आवश्यक हो तो स्थलीय निरीक्षण करें तथा मौके पर हीशिकायतकर्ता के साथ वार्ता की जाए और उसके फोटोग्राफ भी शिकायत निस्तारण की आख्या के साथ संग्लन किया जाना सुनिश्चित करें ताकि निस्तारण की गुणवत्ता प्रमाणित हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए के इसी के साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी अनिवार्य रूप से प्राप्त करें और यदि किसी शिकायत का निस्तारण संभव न हो और शिकायत मांग पर आधारित हो तो शिकायत को मांग की श्रेणी में रखकर उसके निस्तारण की कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने



विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी शिकायत डिफॉल्ट श्रेणी में नहीं आनी चाहिए सभी शिकायतों का निस्तारण समयपूर्वक एवं गुणवत्ता के साथ करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आईजी आरएस से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए। उन्होंने आईजी आरएस पोर्टल पर पंचायत राज एवं ए आरटीओ विभाग शिकायत के स्थलीय निरीक्षण न करने तथा असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजी आरएस पोर्टल पर प्राप्त विभागीय शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिस स्तर से भी शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता प्रभावित होती है, उस अधिकारी के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि शिकायत के निस्तारण के लिए आवश्यकता के बावजूद स्थलीय निरीक्षण नहीं किया जाता तो संबंधित अधिकारी विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप उसी शिकायत के निस्तारण को निस्तारित माना जाएगा, जिस पर शिकायतकर्ता की संतुष्टि प्राप्त हो।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आमजन की शिकायतों की पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के लिए बहुत ज्यादा गंभीर और संवेदनशील है। अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण को पूर्ण गंभीरता के साथ लें और किसी भी तरह से निगेटिव अथवा संतोषजनक फीडबैक प्राप्त न होने पाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपर जिलाधिकारी न्यायिक शरद पाल सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री सतगुरु बावा लाल का जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया

## लाल द्वारा में पूजन, ध्वजारोहण, भजन-कीर्तन व विशाल भंडारे का किया आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** श्री सतगुरु बावा लाल का 671वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ? मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से बावा लाल की वाणी का गुणगान किया। बाड़ा लाल दास रोड स्थित लाल द्वारा के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः काल चरणपादुका व गंगा पूजन से हुआ। इसके पश्चात सतगुरु बावा लाल सेवक मंडल के प्रधान अशोक अरोड़ा, महामंत्री राजेश कपूर तथा लाल द्वारा प्रमुख इंद्र मोहन जोशी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। विनोद शर्मा, मनीष आनंद एवं प्रदीप सूरी ने बावा लाल जी का तिलक व माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि नगर विधायक राजीव गुम्बर ने संगत को संबोधित करते हुए इस स्थान को संतों की तपोभूमि बताया तथा कहा कि बावा लाल जैसे संतों ने अपने जप, तप और योगबल से सनातन परंपरा को सुदृढ़ किया। विशिष्ट अतिथि सर्वेश्वर प्रभाकर ने बावा लाल की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि यह तपोभूमि स्वर्गीय केदारनाथ प्रभाकर की भी प्रिय स्थली रही है। कार्यक्रम में वंदना कक्कड़, पूजा कपूर, रूबी भाटिया, रिंकू लूथरा व प्रदीप शर्मा ने भजनों के माध्यम से बावा लाल जी की वाणी का गुणगान किया। जन्मोत्सव के अवसर पर ऊना (हिमाचल प्रदेश) स्थित बावा रुद्रानंद आश्रम से आई महिलाओं की विशाल मंडली ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंडल के रवि भाटिया, विनोद शर्मा, डॉ. अशोक भाटिया व राजकुमार गंभीर ने अतिथियों को सम्मान चिन्ह भेंट किए। शिवम बांगा, सन्नी ठक्कर, गौरव गांधी, सुनील पाहुजा सहित अन्य युवाओं ने भंडारे की व्यवस्था संभाली। अटूट भंडारा देर शाम तक चलता रहा। समारोह में अनेक श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राजेश कपूर एडवोकेट ने किया।

# विधायक एवं जिलाधिकारी के समक्ष किया पर्यटन विभाग की नवीन परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण

## जनपद सहारनपुर में पर्यटन विकास कार्यों संबंधी 05 स्थलों हेतु 3.8 करोड़ रुपये के पर्यटन विकास कार्य स्वीकृत



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विधायक राजीव गुम्बर एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल के समक्ष जनपद में चल रहे पर्यटन विकास कार्यों एवं नवीन कार्ययोजना में सम्मिलित परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार मैं आयोजित बैठक मे बताया गया कि राजीव गुम्बर की विधानसभा से भूतेश्वर महादेव मंदिर को भी नवीन कार्ययोजना में शामिल किया गया है, जिसके लिये पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 80 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जायेगी। विधायक नगर द्वारा कार्यदायी संस्था उ0प्र0 आवास विकास परिषद को निर्देशित किया गया कि कार्य सभी मानकों एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न हो। जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा समय से कार्य को शुरू व पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर फुलवारी आश्रम पर चल रहे पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस द्वारा अवगत कराया गया कि फुलवारी आश्रम पर एक पर्यटक सुविधा केन्द्र, ओपन एयर थियेटर, आर्ट गैलरी तथा डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान आर्ट गैलरी में लगाई जाने वाली म्यूरल्स पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान डिजिटल लाइब्रेरी के लिये तैयार की गई वीडियो का प्रस्तुतीकरण भी किया गया जिसमें विधायक नगर द्वारा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के सभी पहलुओं को सम्मिलित किये जाने हेतु निर्देश दिये तथा जिलाधिकारी द्वारा भगत सिंह के फुलवारी आश्रम से जुड़ाव को म्यूरल्स में सम्मिलित किये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविशंकर द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष पर्यटन विभाग द्वारा 05 स्थलों गंगोह विधानसभा स्थित बाबा घूमरा देव मंदिर, रन्ढ़ेड़ी, रामपुर विधानसभा स्थित शिव मंदिर, अम्बोली, सहारनपुर देहात स्थित गोगाम्हाड़ी, मानकमऊ, सहारनपुर विधानसभा में भूतेश्वर महादेव मंदिर एवं देवबन्द विधानसभा में संत रविदास मंदिर, कुरल्की पर लगभग 3.8 करोड़ रुपये के पर्यटन विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। बैठक में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविशंकर, परियोजना प्रबन्धक सीएण्डडीएस रविन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता उप्र आवास एंव विकास परिषद नन्द बाला बल्लभ, जिला सूचना अधिकारी दिलीप कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## अधिकारी समस्याओं का तेजी से निस्तारण करें: नगरायुक्त

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** नगर निगम में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आज सात समस्याएं आई। नगरायुक्त शिपू गिरि ने एक समस्या का तत्काल निस्तारण कराया तथा बाकि शिकायतों के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का तेजी से निस्तारण करें। वार्ड 4 पंत विहार कॉलोनी निवासी देशपाल ने कॉलोनी की नालियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने तत्काल क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर समस्या का निस्तारण करा दिया। इसके अतिरिक्त वार्ड 56 सम्राट विक्रम कॉलोनी के मौ. जहूर, वार्ड 6 मौ. अहमद कॉलोनी के मुजक्किर तथा वार्ड 17 मौहल्ला गढ़ी मलूक निवासी इंदर कुमार ने अपनी-अपनी कॉलोनियों में नालियों की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए।

# लूट की घटना का खुलासा कर दो आरोपी भेजे जेल

## हजारों रुपए की नगदी व बाइक बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार उनके कब्जे से 17900 रूपये नकद व घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियो का चालान काटकर जल भेज दिया। थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 19 जनवरी को वादी शौकीन पुत्र जमील निवासी ग्राम पथरवा थाना बेहट की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवारो के खिलाफ गांगरो नदी पुल से वादी की जेब में रखे 50,000 रुपये छीनकर भाग जाने के सम्बन्ध में थाना बेहट पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। थाना प्रभारी सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि आज उनके व उप निरीक्षक करन नागर, महेश चन्द व अरविन्द तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान मुकदमे में



वांछित भूपेन्द्र पुत्र ताराचन्द निवासी मोहल्ला बड़ी माजरी कस्बा व थाना बेहट, तरुण पुत्र सूरज निवासी मोहल्ला बाल्मीकि बस्ती कस्बा व थाना बेहट को बेलका नहर पुल के पास कच्ची पटरी की तरफ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मुकदमा में लूटे गये 17900 रू0 नगद व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियो का चालान काटकर जल भेज दिया।

## अविमुक्तेश्वरनंद के साथ मारपीट की घटना के विरोध में दिया धरना

**सहारनपुर।** प्रयागराज मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद के साथ धक्का मुक्की व मारपीट की घटना के विरोध में युवा एकता समिति के पदाधिकारियों ने भूख हड़ताल रख धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष आशीष सैनी ने कहा कि भूख हड़ताल पर बैठने की सूचना प्रशासन को दी थी आज प्रशासन ने 5 पुलिस के जवान घर पर भेजे थे। प्रशासन ने विरोध प्रदर्शन रोकने की कोशिश की थी उसमे वह विफल रहा। उन्होंने कहा कि वह पुलिस सिक्योरिटी से निकलकर डीएम कार्यालय पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू किया और हनुमान चालीसा का पाठ हुआ।

## विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी : पुलिस अधीक्षक

**जनतंत्र इंटर कॉलेज कुलपहाड़ में 12वीं के विद्यार्थियों के लिये भव्य विदाई समारोह हुआ सम्पन्न**

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने, समय के सदुपयोग, नैतिक मूल्यों को अपना कर समाज व राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनते हुए देश को ऊंचाइयों और खुशहाल बनाने में अहम भूमिका निभाए। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है।

यह विचार पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने जनतंत्र इंटर कॉलेज कुलपहाड़ में आयोजित 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम दौरान व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को नसीहत देते हुए कहा कि अभी तक की पढ़ाई तो एक नींव थी, अब आगे की पढ़ाई में आपको बिल्डिंग तैयार करना है। जीवन एक संघर्ष है, इसलिए आपका अपना ब्रेन माइंड पर कन्ट्रोल करना जरूरी है। आपको देखना है कि आपकी गरिमा क्या है, एचीवमेंट क्या है, जिसे अपनी मेहनत से पूर्ण करना है। एसपी ने छात्र-छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए तथा विद्यार्थियों को जीवन में आने वाली कठिनाइयों, चुनौतियों और प्रतिस्पर्धा से दृढ़ता के साथ मुकाबला करने की प्रेरणा दी। समारोह में निवर्तमान सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल ने विद्यार्थियों से कहा कि देश का भविष्य आप लोग हैं। आप उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश सेवा का जज्बा लेकर जा रहे हैं, इसलिए, अपने माता-पिता गुरूजनों के आदर्शों पर चलने का कार्य करें। कहा कि यदि आपने अपने विद्यालय परिवार के संस्कारों को दरकिनार करते हैं, तो आपको समाज नकार देगा। पूर्व सांसद ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आप अपनी मेधा व प्रतिभा के बल पर उच्च शिखर पर पहुंचकर अपने विद्यालय व क्षेत्र तथा देश का नाम रोशन करें। इससे पूर्व मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह व अन्य अतिथियों मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित किए।

## आरोप : बेरोज़गारी, सामाजिक अन्याय और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आप पार्टी का पदयात्रा

**रोजगार दो वरना हर महीने दस हजार बेरोजगारी भत्ता दो : संजय सिंह**

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** आम आदमी पार्टी की रोज़गार दो-सामाजिक न्याय दो पदयात्रा के पाँचवें दिन मंगलवार को वाराणसी में जनता के समर्थन के बीच नारा बुलंद हुआ। सुबह मौर्या लॉन, जनसा चौराहा से जैसे ही पदयात्रा आगे बढ़ी,ढोल,नगाड़ों,फूलों की वर्षा और गगनभेदी नारों के बीच सांसद संजय सिंह का जोरदार स्वागत किया गया।पदयात्रा में बच्चे बुरे और नौजवान शामिल हुए।

पदयात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की यह लड़ाई अब सिर्फ बड़ों की नहीं रही, इसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी एकजुट हो चुके हैं और यही एकता बदलाव की सबसे बड़ी ताकत बनेगी।जनसा से गोपालपुरा, कोरोटा होते हुए लहरतारा स्थित समृद्धि होटल बैंक्वेट एंड लॉन तक हर गली, हर चौराहे पर लोगों ने पदयात्रा का स्वागत किया। संजय सिंह ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए मनरेगा पर कहा कि भाजपा सरकार ने इस योजना की आत्मा को ही कमजोर कर दिया है। राज्यों पर भारी हिस्सेदारी डालकर मनरेगा को धीरे-धीरे ठप करने की साजिश रची गई, जिसका खामियाजा गांवों के गरीब मजदूर भुगत रहे हैं। काम के दिन घटते जा रहे हैं और भुगतान महीनों लटक रहा है। उन्होंने कहा कि आज मंगलवार को पूरे उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी द्वारा मणिकर्णिका घाट को तहस-नहस किए जाने,मंदिरों और मूर्तियों को तोड़े जाने तथा पौराणिक-सांस्कृतिक विरासत से छेड़छाड़ के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन किया गया। संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश के हर ज़िले में आप कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का सड़कों पर उतरना भाजपा सरकार के लिए साफ चेतावनी है। उन्होंने कहा कि आस्था,इतिहास और विरासत पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जनता इसका करारा जवाब देगी। इस दौरान उन्होंने पूरे प्रदेश में मणिकर्णिका घाट ध्वस्तीकरण के खिलाफ आम आदमी पार्टी के प्रदर्शन की बात कही। अंत में संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि यह पदयात्रा अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रही है। सारनाथ अब महज़ 24 किलोमीटर ही दूर है। इस दौरान विधायक सुरेन्द्र चौधरी,पूर्व विधायक/प्रदेश सहप्रभारी दिलीप पांडेय, नि. प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल, मीडिया क्वार्डिनेटर सर्वेश मिश्रा,काशी प्रान्त अध्यक्ष पवन तिवारी, मुख्य प्रवक्ता वंशराज दूबे, प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सिंह, जिलाध्यक्ष कैलाश पटेल, विनय पटेल आदि उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक हुई संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जनपद स्तरीय उद्योग तथा व्यापार बंधु की बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से विद्युत से संबंधित समस्या, महोबा से कबरई के बीच खराब रोड, खनिजों के अवैध परिवहन को रोकने के संबंध में तथा कबरई में पेयजल की समस्या के संबंध में प्रकरण प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही कबरई से बांदा के बीच रोड खराब होने का प्रकरण तथा प्रदेश में उपखनिजों के परिवहन में गलत चालान करने के संबंध में उद्यमियों द्वारा समस्या रखी गई। उपरोक्त प्रकरणों पर जिलाधिकारी महोदया द्वारा विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता, झाड़ू छतरपुर के साइट इंजीनियर, वरिष्ठ खान अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय तथा परिवहन विभाग को समयांतर्गत कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश निर्गत किए गए। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग श्री महेश चंद्र सरोज द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम कुमार, सहायक आयुक्त व्यापार कर तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों व उद्यमियों तथा व्यापारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उद्यमी व व्यापारी संगठन की तरफ से देवेंद्र मिश्रा, रघुराज सिंह, मोहम्मद वसीम, भागीरथ नगाइच, राम जी गुप्ता इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## द्वितीय काशी कप ओपन स्टेट कराटे चैंपियनशिप



**नवनीता कुंवर पब्लिक स्कूल का दबदबा, 22 पदक जीतकर प्रथम स्थान**

अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** काशी कप ओपन स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन को मां सरस्वती गर्ल्स इंटर कॉलेज, चांदपुर में किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नवनीता कुंवर पब्लिक स्कूल एवं जे.के.एस. स्पोर्ट्स फिटनेस एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 22 पदक अपने नाम किए और विद्यालय को प्रथम स्थान दिलाया।

प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल शोतो-काई कराटे एसोसिएशन ऑफ वाराणसी से संबद्ध खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न जनपदों से आए लगभग 150 से 200 खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले हुए। नवनीता कुंवर पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने अपने-अपने आयु एवं भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण पदक और 7 रजत पदक हासिल किए। कुमिते वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी प्रीथा पाण्डेय, अनन्या पटेल, शान्वी,वैष्णवी राय, आराध्या राय, आस्था पाण्डेय, अनुज यादव,आयुष यादव,मयंक कुमार, वरुण राजपुरोहित, देवांशी सहित अन्य खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।रजत पदक विजेता खिलाड़ी

आयांशी सिंह, आराध्या वर्मा, आरोही सर्वा, वैष्णवी राय (काता), दृष्टी कुमारी,आदित्य कुमार, अनुज यादव (काता) ने रजत पदक प्राप्त किए।

टीम की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक श्री राजेश राय, प्रधानाचार्य डॉ. दिवाकर राय, उपाध्यक्ष श्री प्रवीण राय, सीनियर एवं जूनियर समन्वयक मिस सत्य प्रिया एवं अशिम घोषाल, तथा टी.एस.के.एफ.आई. के अध्यक्ष रेंसिन अमित गुप्ता ने खिलाड़ियों एवं विद्यालय के कराटे प्रशिक्षक श्री जयपाल कुमार सोनकर को सम्मानित किया।

## वंदे मातरम के 150 साल के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता




अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ (सीआईएचटीएस) में बंदे मातरम के 150 साल का पूरे होने पर उत्सव समारोह का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 20 से 26 जनवरी तक चलेगा। संभोट भवन में एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद वंदे मातरम की ऐतिहासिक विरासत और समकालीन प्रासंगिकता पर संक्षिप्त चर्चा हुई। समारोह की नोडल अधिकारी डॉ.दीप्ति अग्रवाल ने रजिस्ट्रार डॉ. सुनीता चंद्र को सम्मानित किया।

अध्यक्षता करते हुए कुलसचिव डॉ सुनीता चंद्रा ने कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, एकता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में प्रेरणा दी और आज भी हमें आत्मनिर्भर व विकसित भारत के सपनों को पूरा करने के लिए एकजुट रहने और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प लेने का संदेश देता है। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. उरगेन जी,डॉ.अनुराग त्रिपाठी और डॉ. जसमीत गिल रहे।छात्रों ने अंग्रेजी और हिंदी में आत्मविश्वास से भरे और विचारपूर्ण भाषण दिए।

## अतिक्रमण अभियान, दरगाह के पास गुमटियां हटाने पर दुकानदारों ने निजी संपत्ति बताते हुए जताया विरोध

**एसडीएम शिवध्यान पांडेय ने जमीन के कागज पेश करने की दुकानदारों को दी मोहलत**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** शहर के सार्वजनिक स्थानों और चौराहो से अतिक्रमण हटाए जाने के जिलाधिकारी ने बैठक दौरान संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए थे, जिससे प्रमुख चौराहे व्यवस्थित और सुंदर बनाए जा सके। डीएम के निर्देशों का पालन करते हुए मंगलवार को नगर के हृदय स्थल ऊदल चौक में सदर एसडीएम शिवध्यान पांडेय के नेतृत्व में नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान के चलते दरगाह के समीप गुमटियां हटाने पर दुकानदारों ने निजी संपत्ति बताते हुए विरोध जताया, जिस पर एसडीएम ने जमीन के कागज पेश करने की दुकानदारों को मोहलत दी।

सदर एसडीएम नेतृत्व में तहसीलदार और नगर पालिका की संयुक्त टीम भारी पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरी। अभियान का मुख्य उद्देश्य चौराहो, फुटपाथ, नालियों के अवैध कब्जों और दुकानों को हटाना था, जो शहर की यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न कर रही है।। अभियान दौरान एसडीएम ने सड़क की पटरियों पर सामान फैलाने वाले दुकानदारों को सख्त हिदायत दी और मौके पर कई अवैध अतिक्रमण हटाए गए। मामला तब गरमा गया जब टीम ऊदल चौक स्थित दरगाह के पास रखी गुमटियों को हटाने पहुंची। यहां स्थानीय दुकानदारों ने इस जगह को निजी संपत्ति बताया। स्थानीय निवासी जमील सिद्दकी ने बताया कि लोग दशकों से यहां गुमटियां लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। बताया कि कई बार ऐसी शिकायतें हुई हैं, लेकिन जांच में यह हमेशा निजी जमीन ही साबित हुई है।

## सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की मंडल स्तरीय समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**मंडल के 7500 के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 4599 ऋण स्वीकृत व 4313 ऋण वितरित**

**अलीगढ़।** मंडलायुक्त संगीता सिंह ने समस्त बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की गहन समीक्षा बैठक की। बैठक में एसओपी के अनुरूप आवेदन पत्रों के निस्तारण में हो रही गंभीर लापरवाही पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

आयुक्त ने बताया कि नवंबर में हुई पिछली बैठक में सीएम युवा योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण के लिए स्पष्ट एसओपी निर्धारित की गई थी, जिसके अनुसार बैंकों को पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का 15 दिवस के भीतर निस्तारण करना अनिवार्य था। समीक्षा में पाया गया कि निर्धारित समय सीमा के बावजूद अलीगढ़ में 746, एटा में 1126, हाथरस में 258 और कासगंज में 224 आवेदन पत्र लंबित हैं।

समीक्षा के दौरान यह भी सामने आया कि सर्वाधिक आवेदन पत्र भारतीय स्टेट बैंक के स्तर पर लंबित हैं। इस पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी लंबित आवेदनों का निस्तारण इसी सप्ताह सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त पिछली बैठक से अब तक एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक एवं यस बैंक द्वारा एक भी ऋण वितरण न किए जाने पर आयुक्त ने नियमानुसार कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। आवेदन पत्रों के निरस्तीकरण की स्थिति की समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि जनपद अलीगढ़ में ही विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा अब तक 1578 आवेदन पत्र निरस्त किए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 70 प्रतिशत आवेदन गलत कारणों से निरस्त पाए गए। इस पर नाराजगी जताते हुए आयुक्त ने चारों जनपदों के उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि निरस्त सभी आवेदनों की पुनः स्क्रूटनी कर गलत आधार पर निरस्त किए गए आवेदन पत्रों को दोबारा संबंधित बैंकों को प्रेषित किया जाए।

## शहर के हर चौराहे पर लगा भीषण जाम, स्कूली बच्चे हुए परेशान



**वाराणसी।** इन दिनों वाराणसी के हर एक चौराहे पर भीषण जाम लग रहा है। एक तरफ टोटो,ई रिक्शा, रिक्शा और टेंपो चालक तो वहीं दूसरी तरफ पाइपलाइन और अन्य कार्यों के लिए नगर निगम एवं पीडब्ल्यूडी द्वारा खोदें गए गड्ढे का काम पूरा होने के बाद भी नहीं पटने का कारण भी है। ऐसे में स्कूली वाहन, एम्बुलेंस के साथ आम नागरिकों को परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है। मंगलवार को कामअच्छा भेलूपुर मार्ग में लगभग आधा घंटा भीषण जाम लगा रहा, जिसके बाद मौके पर पहुंची प्रशासन ने जाम को हटाया और रास्ता को सुचारू रूप से चालू करवाया।

## पिता की तेरहवीं में खून की होली, दबंगों ने पुत्र की चाकू से गोदकर की हत्या, परिवार के पांच सदस्य घायल

**परिजनों व ग्रामीणों की मदद से घायलो को जिला अस्पताल में कराया भर्ती, एक ही हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज झांसी में लिए रेफर**

अवधनामा संवाददाता





**महोबा।** थाना अजनर के लेवा गांव में पिता की तेरहवीं के दिनपिता की तेरहवीं के दिन दबंगों ने दबंगों ने पुत्र को घेर लिया और मारपीट करने के बाद चाकू से हमलाकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे अन्य पांच लोगों पर भी दबंगों ने हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। परिजनों व ग्रामीणों की मदद से घायलो को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने पुत्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक ही हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

लेवा गांव निवासी विकास (25) अपने पिता राम कृपाल की मौत के 13 दिन बाद सोमवार की देर शाम घर पर पिता की तेरहवीं कार्यक्रम में सहयोग कर रहा था, तभी गांव के कुछ शराबी दबंग बाइकों में सवार होकर आए और कार्यक्रम दौरान हुड़दंग मचाने लगे। परिजनों ने शोर मचाने से मना किया, जिस पर दबंग चुपचाप वहां से चले गए। कुछ देर बाद विकास किसी काम से गांव के बाहर गया तभी तीन बाइकों में करीब आधा दर्जन दबंगों ने उसे घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी, इसके बाद दबंगों ने चाकू से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। शोर शराब सुन विकास के चाचा सुरजन सिंह (45) और चचेरे भाई अनिल (22), आकाश (23) प्रदीप व जीतू उसे बचाने पहुंचे तो दबंगों ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे सभी लोग घायल हो गए। ग्रामीणों और परिजनों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए।

ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने घायलों को उठाया और आनन फानन में वाहनों से जिला अस्पताल ले गए, जहां पर डाक्टरों ने घायलों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए विकास को मृत घोषित कर दिया, जबकि अनिल की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया और शेष घायलों को वार्ड में भर्ती कर उनका उपचार किया जा रहा है।

## अलीगढ़ पुलिस की लापरवाही फिर आई सामने, महिला की शिकायत नहीं हुई दर्ज

**अकराबाद (अलीगढ़)।** महिला को उसके पति ने मारपीट कर ओवरब्रिज के नीचे छोड़ दिया। महिला ने अपने पति, सास और ननद पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंची तो महिला को पुलिस ने यह कहकर वापस भेज दिया कि मामला दूसरे जिले का है। जबकि कोर्ट का यह भी आदेश है कि पीडिता कहीं भी मामला दर्ज करा सकती है, पुलिस मामला दर्ज करने के बाद संबंधित थाने को ट्रांसफर कर सकती है लेकिन थाना पुलिस ने मामला टरका दिया। 13 साल पहले कासगंज के थाना गंजडुंडवारा के गांव धुवियाई निवासी इंस्पेक्टर सिंह से हुई।

## सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा शमसाबाद पहुँचकर स्वच्छ भारत मिशन 2.0 (शहरी) के अंतर्गत जलनिगम शहरी द्वारा निर्मित किये जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया। अधिशासी अभियंता जलनिगम शहरी द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 शहरी के अंतर्गत 05 एम0एल0डी0 का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है, शमसाबाद में 02 नाले है जिनका पानी इस प्लांट में आयेगा, प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुल 3.2 किलोमीटर पाइपलाइन डाली जाएगी, ड्राइंग तैयार हो गई है,, पम्पिंग स्टेशन का कार्य शुरू हो गया है,अभी कस्बे का डिस्चार्ज 4.8 एम0एल0डी0 है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रोजेक्ट का कार्य समय से पूरा करे, गुडवत्ता का विशेष ख्याल रखे, जो सड़के खोदी जाये उन्हे पाइप डालने के तुरंत बाद मोटरेबिल किया जाये, खोदी गई सड़को पर साइनेज लगाए जाए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, अधिशाषी अभियंता जलनिगम शहरी व संबंधित मौजूद रहे।

## नितिन नवीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने मिष्ठान वितरण किया

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को भाजपा के संविधानिक चुनावी प्रक्रिया के अंतर्गत नया राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया है इस अवसर पर आवास विकास स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आतिशबाजी छुड़ाकर व मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद एवं नितिन नवीन जिंदाबाद के नारे लगाए।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है जिसका राष्ट्रीय अध्यक्ष एक सामान्य परिवार में जन्मे हुआ व्यक्ति को बनाया गया है। भाजपा के संगठन में छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी संगठन स्तर पर बड़े दायित्वों का निर्वहन कर सकता है। अन्य राजनीतिक दल परिवारवाद और वंशवाद की परिपाटी पर आधारित है लेकिन भारतीय जनता पार्टी एक साधारण कार्यकर्ता भी संगठन के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में एक नए युग की शुरुआत हुई है जहां पर एक 45 वर्ष की आयु का कार्यकर्ता देश की सबसे बड़ी राजनीतिक दल के प्रतिष्ठित पद पर निर्वाचित हुआ है। जनपद के कार्यकर्ताओं में उत्साह है एक सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी योग्यता के बल पर शीर्ष तक पहुंच सकता है आगामी विधानसभा चुनाव एवं पंचायत चुनाव की चुनौतियां हैं भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना करेंगे और फिर एक बार प्रदेश में सरकार बनाने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह आलू विपणन संघ के सभापति विमल कटियार जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता जिला महामंत्री डीएस राठौर जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक वीरेंद्र सिंह राठौड़ पूर्व सभासद प्रबल त्रिपाठी डॉ उदय प्रताप सिंह धीरेंद्र वर्मा सभासद डब्बू अग्निहोत्री वीर बहादुर पाल सोशल मीडिया संयोजक अभिषेक बाजपेई सागर गुप्ता अमन कटिहार रामकिशन दीक्षित जिला मंत्री धर्मेंद्र राजपूत जिला मंत्री अभिषेक बाथम अभय कठेरिया लव कनौजिया आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारा भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र जिला चुनाव अधिकारी को सौंपा गया

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** मंगलवार को बढ़पुर विकासखंड में सहकारिता के अंतर्गत भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कटियार ने अपना नामांकन पत्र जिला चुनाव अधिकारी सतीश कुमार को सौपा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ भूदेव सिंह राजपूत पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह आलू विपणन संघ सभापति विमल कटियार सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा के बाद कोई भी दूसरा नामांकन पत्र दाखिल नहीं हो सका। इसलिए पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कटियार का निर्विरोध निर्वाचन तय होना सुनिश्चित होगा। जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता बढ़पुर विकासखंड के प्रांगण में मौजूद रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिनेश कटियार का निर्विरोध निर्वाचन तय है इससे पूर्व भी वह भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे इस बार पार्टी ने फिर एक बार उनको प्रत्याशी बनाया था किसी और का नामांकन पत्र दाखिल नहीं होने पर दिनेश कटियार अध्यक्ष बनना तय हो गया है यह कार्यकर्ताओं के लिए आनंदित होने वाला पल है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है एक सामान्य सा कार्यकर्ता भी भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सुशासन एवं विकास की सरकार चल रही है पिछली सरकारों ने पूरे सहकारिता विभाग को भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहकारिता विभाग समृद्ध हो रहा है। इस निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आलू विपणन संघ सभापति विमल कटियार पूर्व रूपेश गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ भूदेव सिंह राजपूत पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक ठाकुर वीरेंद्र सिंह राठौड़ पूर्व जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंह राठौड़ संकिसा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल राजपूत जिला महामंत्री डीएस राठौर जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता पूर्व सभासद प्रबल त्रिपाठी विजेंद्र अग्निहोत्री उर्फ मामा आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में नूतन वर्षाभिनंदन का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**वाराणसी।** सोनारपुरा स्थित कुछ बिहार काली बाड़ी के सामने स्थित एक सभागार में वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में नूतन वर्षाभिनंदन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी वर्ग एवंसमाजसेवी तथा पत्रकारइकट्ठा हुए। मौके पर अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नए वर्ष के अभिनंदन स्वरूप सभी शुभचिंतक मित्र व समाजसेवी पत्रकार भाइयों के लिए बाटी, चोखा,खीर का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यापारी नेता प्रेम मिश्रा, राजकुमार जायसवाल, मनोरमा, बलराम, विनोद, संतोष, प्रदीप, विवेक, सहर्ष, मयंक अशोक कुमार गुप्ता ओमप्रकाश जायसवाल,डॉ नीरज जायसवाल,इंदु जी,अंजू, रेणु,सुमन, सरोज जयसवाल करुणा मिश्र के साथ ही पत्रकार,साहित्यकार और समाजसेवी बंधु उपस्थित रहे।


कार्यालय - अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम,
ऐशबाग लखनऊ

पत्रांक 2397/EE(HQ)2025-26
दिनांक 20.01.2026

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27.01.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 27.01.2026 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स मे प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 27.01.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. Repairing of 16" Dia Water Pipe Line at Filter Plant Road At H.Q. धरोधर धनराशि 2500.00 एवं निविदा मूल्य 150.00
2. Repairing of 400 mm Dia C.I Pipe Line At Aishbagh, धरोधर धनराशि 2500.00 एवं निविदा मूल्य 150.00
3. Repairing of 300 mm Pipeline Leakage Near Settling Tank no.-2 at Aishbagh Campus. धरोधर धनराशि 3000.00 एवं निविदा मूल्य 200.00
4. Supply of 25 SQ.MM Cable At (HQ), धरोधर धनराशि 8500.00 एवं निविदा मूल्य 500.00

(प्र0) अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

# दामोदर धर्मशाला के दुकानदारों को कर वसूली में मिली राहत




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनशिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित संभव कार्यक्रम में कुल 18 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 11 का महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने तुरंत समाधान कराया, जबकि सात प्रकरण गली एवं नाली निर्माण कार्य से जुड़े थे, जिसकी जांच कर स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान दामोदर धर्मशाला के दुकानदारों ने 3.20 लाख रुपये बकाया गृह एवं जलकर वसूली को ज्यादा करार देते हुए राहत देने की मांग की, जिस पर जनसुनवाई की अध्यक्षता कर रहे महापौर ने वसूली रोकते हुए पुनर्मूल्यांकन कर चार किस्तों में बकाया जमा कराने की सुविधा प्रदान करने के निर्देश मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को दिए। महापौर ने घनश्याम सिंह की शिकायत पर बनवीरपुर में जल निकासी की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य मार्गों से इतर कॉलोनी एवं गलियों में सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत स्वास्थ्य विभाग को दी। इस मौके पर सड़क, नाली, गली के निर्माण, मार्ग प्रकाश व्यवस्था के जल एवं सफाई को लेकर शिकायतें आईं, जिसका समयबद्ध समाधान कराने का भरोसा महापौर ने दिया।

# विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाएं: अजय कुमार त्रिपाठी

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के न्याय पंचायत देवरिया में मंगलवार को शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमडांडा में हुई इस बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। खंड शिक्षा अधिकारी त्रिपाठी ने शीतकालीन अवकाश के बाद विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों से संपर्क साधने के निर्देश दिए। उन्होंने निपुण लक्ष्य ऐप पर शिक्षकों से निपुण लक्ष्य आकलन का अधिक से अधिक अभ्यास कराने पर भी बल दिया। उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमडांडा के टीएलएम कॉर्नर का निरीक्षण किया और उससे जुड़ी विषयगत जानकारी लेते हुए विभिन्न मॉडलों और नवाचारों की सराहना किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया। बैठक को एआरपी गणित करुणेश सिंह, नोडल शिक्षक अजय गुप्ता, पूर्व एआरपी अनिल सिंह, शिक्षक संकुल सरोज बिंद, शची पूर्णा सिंह, विजय कुमार यादव और निवेदिता उपाध्याय सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन खेल अनुदेशक वकार अहमद ने किया, जबकि प्रधानाध्यापिका कमलेश कुमारी ने इसकी अध्यक्षता की।इस अवसर पर शशि भूषण पांडेय, अभिषेक मिश्रा, वंदना श्रीवास्तव, प्रतिमा रानी श्रीवास्तव, कुमारी छाया, दिनेश वर्मा, बेनजीर बेगम, ओम प्रकाश सिंह, मोहम्मद सरवर, सुरेश श्रीवास्तव, दिनेश तिवारी, ध्रुव कुमार, इम्तियाज अहमद, डॉ धीरज, विनय कुमार, प्रीतू कुशवाहा, ममता यादव, उर्मिला यादव, पिंकी जायसवाल, रागिनी सिंह, प्रतीक्षा यादव, मीरा, पूजा यादव, उषा यादव, ललिता कुमारी, राज कुमार और बृजेश कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मान्यता के आरोपों पर एडी बेसिक कौस्तुभ सिंह ने कहा बिना दस्तावेज संभव नहीं स्वीकृति

**अयोध्या।** निजी स्कूल संचालकों द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद सहायक निदेशक (बेसिक) कौस्तुभ नारायण सिंह की सफाई सामने आई है। एडी बेसिक ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि बिना पूरे और वैध दस्तावेजों के किसी भी विद्यालय को मान्यता देना संभव नहीं है।एडी बेसिक ने बताया कि उदया पब्लिक स्कूल द्वारा स्थायी मान्यता के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन विद्यालय के पास अस्थायी मान्यता से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। मान्यता संबंधी समिति ने 9 जनवरी को आवेदन की जांच के बाद उसे खारिज कर दिया था। इसके बावजूद 14 जनवरी को स्कूल प्रबंधक कार्यालय पहुंचकर मान्यता के लिए दबाव बनाने लगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालय की ओर से मान्यता से जुड़े दस्तावेज एक सप्ताह पहले प्राप्त हुए थे।

लेकिन उनमें पूर्व की मान्यता से संबंधित कोई भी वैध अभिलेख शामिल नहीं था। इसी कारण फाइल वापस कर दी गई।एडी बेसिक ने डॉ. चंद्र प्रकाश त्रिपाठी द्वारा लगाए गए अभद्रता और रुपये की मांग के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा कि यदि इस संबंध में कोई भी साक्ष्य उपलब्ध हो तो प्रस्तुत किया जाए, निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही एडी बेसिक ने मंडल स्तर पर अवैध और गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची तलब की है। उन्होंने कहा कि नियमों के विरुद्ध संचालित सभी गैर-मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी।

# सहकारी ग्राम विकास बैंक प्रतिनिधि पद के लिए संजय सिंह राजू ने किया नामांकन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक शाखा अयोध्या के प्रतिनिधि पद के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी संजय सिंह राजू ने मंगलवार को मसौधा ब्लॉक कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्धारित समय तक अन्य किसी प्रत्याशी द्वारा नामांकन न किए जाने के कारण उनका निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है।

नामांकन के दौरान भाजपा के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और ऐसे प्रतिनिधियों का चयन आवश्यक है जो किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में कार्य करें।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सहकारी ग्राम विकास बैंक ग्रामीण विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण संस्था है, ऐसे में प्रतिनिधि का अनुभव और सामाजिक जुड़ाव अहम भूमिका निभाता है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि राजू सिंह सहकारी बैंक के माध्यम से ग्रामीण विकास और किसानों के हित में प्रभावी कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता और किसानों के हितों की रक्षा के लिए पार्टी प्रतिबद्ध है ।

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा युवाओं का सैलाब, देशभक्ति से गूंजा हैदरगंज



*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगंज -अयोध्या।** देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत युवा ही देश की अस्मिता की रक्षा कर सकता है। आज की पीढ़ी में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करना समय की आवश्यकता है और इसके लिए युवाओं को महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। यह विचार वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को हैदरगंज में आयोजित तिरंगा अभियान यात्रा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। थाना क्षेत्र हैदरगंज में बरुआ बाबा इमलिया देव स्थल से लगभग पांच किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा भारी जनसमूह के साथ निकाली गई। यात्रा को पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. प्रदीप कनौजिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक दीपु मिश्रा ने की, जबकि संचालन शैलेंद्र शुक्ला ने किया।तिरंगा यात्रा का नेतृत्व युवा नेता दिव्यांश सिंह, दिव्यांश पांडे उर्फ छोटू, शिवकुमार सरोज, रोहित सिंह, डॉ. श्याम बहादुर तिवारी, तूफान सिंह, गोलू सिंह, रवि दुबे, विवेक तिवारी, आशु, शिवम पांडे, विक्की दुबे, रितेश शुक्ला सहित अन्य युवाओं ने किया।

सैकड़ों युवा डीजे की धुन पर देशभक्ति गीतों पर झूमते हुए भारत माता के जयकारे लगाते नजर आए।यात्रा बलरामपुर, हनुमानगढ़ी चौराहा, धोबिना चौराहा, ब्रह्म बाबा चौराहा होते हुए प्राथमिक विद्यालय हैदरगंज के मैदान पर पहुंची, जहां यह जनसभा में परिवर्तित हो गई। यहां आयोजित सभा की अध्यक्षता पूर्व प्रधान संदीप तिवारी ने की तथा संचालन शैलेंद्र ने किया।

# पिकप की टक्कर मासूम की दर्दनाक मौत, पीड़ित ने दी तहरीर



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** घर जाते समय मासूम को लापरवाही पूर्वक चला रहे पिकप चालक ने टक्कर मार दी इलाज के लिये जैदपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया जिसकी शिकायत मृतक के पिता द्वारा जैदपुर थाने में की गयी, पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार रामगोपाल पुत्र रामापति निवासी ग्राम गढ़ी गंजरिया थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि दिनांक 18-01-26 को समय लगभग शाम 5.30 बजे प्रार्थी का लड़का अंशू उम्र लगभग 5 वर्ष अपने घर जा रहा था तभी गाँव के तिराहे के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए पिकप सा. यूपी 32 आरटी 4842 चालक गुलशन चौहान पुत्र रंजीत निवासी उपरोक्त ने प्रार्थी के लड़के अंशू को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के पश्चात प्रार्थी के लड़के अंशू को जैदपुर सीएचसी लाया गया वहाँ पर लड़के अँशू की मृत्यु घोषित कर दिया गया, मामला संज्ञान में आते ही जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

## घास छिलने के बहाने नाबालिक के साथ दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की को गांव के ही एक व्यक्ति ने मिनी सचिवालय में घास छीलने के बहाने बुलाया और सचिवालय में अश्लील हरकत करने लगा, साथ में गया लड़की का भाई सचिवालय के बाहर खड़ा था तभी उसे अपनी बहन की आवाजें आने लगी तो वह भाग कर मिनी सचिवालय पंहुचा तो वहाँ का नजारा देख अचंभित हो गया बहन बचाओ बचाओ की आवाज करने लगी उसकी आवाज सुनकर लोग इकठ्ठा हो गये। आरोपी नाबालिग लड़की को छोड़ कर भाग निकला, घर आकर लड़की ने अपनी आप बीती घटना की सारी जानकारी अपने परिवार के लोगों को बताया तो आक्रोशित पिता ने अपनी बेटी व बेटे को जैदपुर कोतवाली ले जाकर घटनाक्रम की तहरीर देते हुये कार्यवाही है, परिवार के लोगों ने बताया कि 100 रूपये देने का लालच देकर नाबालिग को घास काटने के लिये गांव के बाहर बने मिनी सचिवालय में ले गया था, जिसके साथ उसका छोटा भाई भी गया था, जो बाहर खेल रहा था तभी उसके साथ अरोपी जबरदस्ती मुंह काला करने का प्रयास की कोशिश की।

# मारपीट व धमकी के मामले में दो आरोपियों को सजा

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत महराजगंज पुलिस को एक और सफलता मिली है। मारपीट, गाली-गलौज और जान-माल की धमकी देने के मामले में न्यायालय द्वारा आरोपियों को सजा सुनाई गई है। थाना पुरंदरपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 49/1997, धारा 323/504/506 भादवि के अंतर्गत अभियुक्त रामलखन पुत्र रामआसरे एवं उमेश पुत्र रामनयन निवासीगण हेरवा खुर्द, थाना पुरंदरपुर, जनपद महराजगंज के विरुद्ध प्रभावी विवेचना एवं सशक्त पैरवी की गई। इसके परिणामस्वरूप दिनांक 20 जनवरी 2026 को न्यायालय जेएम फरेंदा द्वारा दोनों अभियुक्तों को एक-एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा तथा प्रत्येक को 750-750 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन में अभियोजन विभाग से समन्वय कर की गई इस कार्रवाई से अपराधियों में कानून का भय और आमजन में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

# नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए डिस्ट्रिक्ट गैलरी का होगा आयोजन



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश दिवस (यूपी दिवस) के सफल आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रस्तावित कार्यक्रमों, व्यवस्थाओं और विभागीय सहभागिता की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि यूपी दिवस पर जनपद स्तर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां आमजन को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही जनपद के विकास, उपलब्धियों और नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए ÷डिस्ट्रिक्ट गैलरी का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को विकास कार्यों पर आधारित शॉर्ट वीडियो, उच्च गुणवत्ता के बैनर व स्टैंडी तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यूपी दिवस के साथ राष्ट्रीय बालिका दिवस, राष्ट्रीय मतदाता दिवस और राष्ट्रीय पर्यटन दिवस को जोड़कर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने तथा ग्राम पंचायतों व नगर निकायों में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ. प्रवीण तोगड़िया का 24 जनवरी को महराजगंज में आगमन

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया का महराजगंज जनपद में आगमन प्रस्तावित है। इस संबंध में आयोजकों द्वारा जिला प्रशासन को विधिवत सूचना दे दी गई है। आयोजकों के अनुसार 24 जनवरी को जिला पंचायत सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस तथा नगर पंचायत चौक स्थित गंभीरनाथ चौराहे पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं प्रशासनिक नियमों के अंतर्गत संपन्न कराने का आश्वासन दिया गया है। कार्यक्रम के आयोजक अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, महराजगंज के जिलाध्यक्ष आचार्य रविश त्रिपाठी तथा राष्ट्रीय बजरंग दल, महराजगंज के जिला अध्यक्ष विशाल पुष्कर ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# फरीदपुर में मिलावट पर बड़ा प्रहार, खाद्य विभाग का दो कंपनियों पर ताबड़तोड़ छापा

**जांच रिपोर्ट तक बिक्री पर रोक, दोषी पाए गए तो होगी सख्त कार्रवाई**

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** मिलावटखोरों के खिलाफ जारी अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने सोमवार को फरीदपुर क्षेत्र में बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए खंडेलवाल एडिबल ऑयल्स और सृष्टिपूर्ति वेलनेस पर अचानक छापा मारा। इस कार्रवाई से क्षेत्र के खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान सरसों तेल और धनिया पाउडर की गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर विभाग ने नमूने सील कर प्रयोगशाला भेज दिए और जांच रिपोर्ट आने तक संबंधित उत्पादों की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि फरीदपुर के गौसगंज सराय स्थित खंडेलवाल एडिबल ऑयल्स के निरीक्षण के दौरान कच्ची घानी सरसों तेल की गुणवत्ता पर गंभीर



सवाल खड़े हुए। नेपाल निर्मित माया ब्रांड सरसों तेल के 15 किलो वाले टिन को खोलकर नमूना लिया गया। इसके बाद 110 टिन सरसों तेल की बिक्री पर रोक लगा दी गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2.93 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही नेपाल निर्मित साजन ब्रांड रैपसीड ऑयल के 30 टिन भी जांच के दायरे में आए। इस तेल की बिक्री भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गई है। इसका बाजार मूल्य करीब 63 हजार रुपये आंका गया है। खाद्य सुरक्षा टीम ने गांव जेड स्थित कॉम्पिटेंट इंडस्ट्रियल पार्क में संचालित सृष्टिपूर्ति वेलनेस पर भी कार्रवाई की। यहां से धनिया पाउडर का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने तक परिसर में रखे 108 किलोग्राम धनिया पाउडर की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। बोतलबंद पानी कंपनियों पर भी विभाग की सख्ती कार्यवाही यहीं नहीं रुकी रजऊ परसपुर स्थित किस्टल बेवेरेजेज (कैंपा स्योर ब्रांड) द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर लाइसेंस निलंबन की संस्तुति की गई।

अंधरपुरा स्थित एसआरएम स्प्रिंग प्राइवेट लिमिटेड में कमियां मिलने पर नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई। परसाखेड़ा क्षेत्र की वृंदावन बेवरेजेज (किनले ब्रांड) को भी जांच रिपोर्ट न दिखाने पर सुधार का नोटिस दिया गया। रिपोर्ट आते ही होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के न्याय पंचायत औराटार के प्राथमिक विद्यालय नक्शा-बक्शा में शासन के निर्देशानुसार मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन बैठक में निपुण असेसमेंट का परिणाम बेहतर हो द्य इसके लिए बिस्तार पूर्वक चर्चा - परिचर्चा किया गया एआरपी राम भवन गुप्ता द्वारा 05प्वाइंट टूल किट के बारे में बिस्तार से चर्चा किया गया द्य नोडल शिक्षक संकुल सतीश कुमार द्वारा कहां गया कि बच्चों का निपुण आकलन दिनांक 27 जनवरी से प्रारम्भ होकर 14 फरवरी तक होना सुनिश्चित हैं। जिसके क्रम हम सभी लोगों को प्रतिदिन निपुण लक्ष्य एप पर अभ्यास करना जरुरी है जिससे असेसमेंट का परिणाम सकारात्मक होद्य द्य मदन मोहन पटेल ने शिक्षक संदर्शिका का कक्षा - कक्ष में प्रयोग पर चर्चा किए,संतोष कुमार मिश्रा ने कहां कि बच्चों का नियमित होम वर्क दिया जाय और उसका जांच किया जाय, जिससे अधिगम क्षमता में वृद्धि होगी मदन प्रसाद और लवकुश प्रसाद गौतम ने नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति एवं ठहराव कैसे सुनिश्चित हो इसके संदर्भ मे विस्तार पूर्वक बताया गया द्य इस अवसर पर राजकुमार, शाह आलम, अनिल कपूर, अशोक यादव, बीरेंद्र नायक, त्रिभुवन नाथ, चंद्रभान गुप्ता, दिनेश वर्मा, जितेन्द्र सिंह, अर्जुन प्रसाद पूजा यादव, कल्पना सिंह,सैयदा खातून संगीता भारती, छोटेलाल, मनोज कुमार भारती, आदि शिक्षक मौजूद थे।

# ताहिर के प्रयास से जल्द बनेगा नाली व खड़ंजा, वार्डवासियो मे खुशी



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** वार्ड रईस कटरा, नगर पंचायत ज़ैदपुर में पाईप लाईन पड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है और जल्द ही नाली खडंजा भी बनेगा। ताहिर भाई ने जानकारी दी कि ठेकेदार से बात हो चुकी है, जल्द पाइपलाइन का कार्य पूरा कर दिया जायेगा। जिसे लेकर मोहल्ले के लोगों में खुशी का माहौल बन गया है। बताते चलें कि बहुत चर्चित सभासद ताहिर अंसारी के लगातार प्रयासों से वार्ड रईस कटरा, नगर पंचायत ज़ैदपुर में पाइपलाइन का काम शुरू हो गया है। यह कार्य जल निगम द्वारा कराया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए वार्ड लोगों ने सभासद ताहिर अंसारी का दिल से धन्यवाद और सराहना करते हुये बताया कि जनता के मुद्दों को गंभीरता से उठाकर ज़मीन पर काम कराना ही सच्ची जनसेवा है और उम्मीद है कि पाइपलाइन के बाद नगर पंचायत जैदपुर द्वारा खड़ंजा और नाली का काम भी शुरू कराया जाएगा। जिससे लोगों को आने-जाने में सुविधा मिले और गंदे पानी की समस्या से राहत मिलेगी,। जो कि काफी दिनों से आम जनता के लिये बड़ी समस्या बनी हुयी थी। इस संबंध में अधीशाषी अधीकारी राम जनक तिवारी ने बताया कि जल निगम द्वारा पाईप डालने के बाद खोदे गये रास्ते को सही किया जायेगा,और कार्य योजना बनाकर जल्द से जल्द नाली खडंजा भी बनवाया जायेगा।

# प्रदेश प्राथमिक शिक्षकों की मासिक बैठक आयोजित



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शिक्षा क्षेत्र रामनगर के प्राथमिक विद्यालय सिरौली कला में जिला महामंत्री उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ उमानाथ मिश्र की अध्यक्षता में मासिक शिक्षक संकुल बैठक जनवरी माह का आयोजन किया गया। बैठक का आरंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज तिवारी द्वारा सभी आगंतुकों को बैज लगाकर माल्यार्पण करते हुए नववर्ष के उपलक्ष में डायरी वा पेन भेंट कर उनका स्वागत किया गया। बैठक के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा नवग्रहों का परिचय संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों का ध्यानाकर्षण किया। बैठक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों को जाड़े से बचने के लिए ऊनी टोपी का भी वितरण किया गया। मासिक शिक्षक संकुल बैठक में एआरपी मृदुलिमा पाठक, न्याय पंचायत प्रभारी आशुतोष प्रकाश गौतम, ग्राम प्रधान श्रीकांत शुक्ला, आलोक शुक्ला, देश दीपक शुक्ला,श्याम किशोर बाजपेई, संकुल शिक्षक सिद्धार्थ शंकर शुक्ला, संदीप सिंह, शिशिर पांडे, प्रदीप वर्मा, रूबी शुक्ला, प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज तिवारी, मनोज पाठक, प्रियंका द्विवेदी, निर्मल कुमार, रामू कुमार, अनीता देवी,अर्चना वर्मा, सहित कई अध्यापक उपस्थित रहे।

# पशु तस्करी की गलत खबर फैलाने के नाम पर वसूली करने वाले आरोपी गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सफदरगंज पुलिस ने पशु तस्करी की गलत खबर फैलाने के नाम पर अवैध वसूली करने वाले 4 अभियुक्तों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुवे गिरफ्तार करते हुवे एक वाहन और 5 मोबाईल बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक सफदरगंज पुलिस को ज्ञात हुआ की कुछ लोग गौशाला जाकर लोगो पर दबाव बनाकर जबरन पशु तस्करी करवाकर अवैध वसूली करने वाले आरोपी विशाल गुप्ता पुत्र नत्थू गुप्ता निवासी मझारा थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा, मनीष कुमार उर्फ सम्राट पुत्र श्री कृष्ण कुमार मौर्या निवासी बेनीपुर पहुटा इटियाथोक जनपद गोण्डा, आशीष मिश्रा पुत्र भगवान प्रसाद निवासी बालचन्दपुरवा चन्द्रापुर थाना बजीरगंज जनपद गोण्डा, रूबी अवस्थी पुत्री बद्री प्रसाद निवासी पूरे




खेमकरन थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया की पकडे गये अभियुक्तों से पूछताछ पर आरोपियों ने बताया की थाना सफदरगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम औलियालालपुर गौशाला में जाकर पशु- तस्करी जैसी गलत खबर फैलाने तथा दबाव बनाकर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अवैध वसूली किया जा रहा था। अभियुक्तों द्वारा अक्सर पत्रकार बनकर आस- पास के क्षेत्रों में घूमकर गलत खबर न चलाने के नाम पर अवैध वसूली किया जाता है। अभियुक्त विशाल गुप्ता, मनीष कुमार उपरोक्त गैंगस्टर के अभियुक्त है, तथा अभियुक्त विशाल गुप्ता जनपद गोण्डा का हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी है।

## 18 वर्ष पूर्ण करने वाला हर युवा बने मतदाता : कन्हैया पासवान



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु अंतर्गत मंडल बर्डपुर में भारत नेपाल सीमा क्षेत्र पर गांव - गांव लगभग 45 बूथों पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने मतदाता पंजीयन की समीक्षा की।

जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने बूथों पर पार्टी के बूथ अध्यक्ष बीएलए 1 व बीएलओ से संवाद कर कितने वोटर घटे और कहा बढ़े कि जानकारी ली।

जिलाध्यक्ष ने कहा विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण अभियान में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा वर्ग व छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु आवश्यक प्रपत्र लेकर समय से कार्य को बीएलओ पूर्ण करें।

वहीं भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में ऑनलाइन बूथ मैपिंग व अन्य समस्या के संदर्भ में मौके पर ही जिलाध्यक्ष ने अपर जिलाधिकारी से वार्ता कर समाधान के लिए कहा।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष बर्डपुर अमित उपाध्याय, क्षेत्रीय मंत्री पिछड़ा मोर्चा दीपेंद्र चौधरी, जिला मिडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय, भाजपा नेता संतोष शुक्ला, मंडल महामंत्री मंगलेश शुक्ला सहित पार्टी के बूथ अध्यक्षण और बीएलओ उपस्थित रहें।

# सीएचसी कर्नलगंज में स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही से प्रसूता की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

- डिलीवरी के बाद बिगड़ी हालत, सही से इलाज ना करने और देर से रेफर करने का आरोप

**देवी अवस्थी संवाददाता**

**गोंडा।** कर्नलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में डिलीवरी के लिए आई एक प्रसूता की उपचार में कथित लापरवाही के चलते मौत हो जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों पर समय पर उचित इलाज और रेफर न करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के पाल्हापुर गांव निवासी संदीप कुमार अपनी 28 वर्षीय पत्नी नीलू को प्रसव के लिए सीएचसी कर्नलगंज लेकर पहुंचे थे। सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे नीलू ने सामान्य डिलीवरी से एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चे के जन्म के बाद नीलू की तबियत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि डिलीवरी के बाद महिला की हालत गंभीर होने के बावजूद सीएचसी में न तो समुचित इलाज किया गया और न ही समय रहते उसे उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया। जब नीलू की हालत और बिगड़ गई, तब करीब एक घंटे बाद दोपहर लगभग 3 बजे उसे गोंडा जिला महिला अस्पताल रेफर किया गया। एंबुलेंस से जिला महिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही नीलू की मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**समय पर बेहतर इलाज मिलता या शीघ्र रेफर किया गया होता, तो प्रसूता की बच सकती थी जान :** मृतका के पति संदीप कुमार का कहना है कि उनकी पत्नी की पल्स लगातार गिर रही थी, लेकिन सीएचसी में तैनात डॉक्टरों और कर्मचारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई। उनका आरोप है कि यदि समय पर बेहतर इलाज या शीघ्र रेफर किया गया होता, तो नीलू की जान बच सकती थी। बताया गया कि नीलू की शादी 2 मार्च 2025 को हुई थी और यह उसका पहला बच्चा था। परिवार में खुशियों के बजाय मातम छा गया है। परिजनों ने इस पूरे मामले में सीएचसी कर्नलगंज के जिम्मेदार डॉक्टरों और कर्मचारियों के खिलाफ जांच व सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में गोंडा मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि महिला को जिला महिला अस्पताल मृत अवस्था में लाया गया था। उनके अस्पताल में इलाज के दौरान किसी प्रकार की मृत्यु नहीं हुई है। डिलीवरी सीएचसी कर्नलगंज में ही हुई थी। वहीं, इस मामले में कर्नलगंज सीएचसी के अधीक्षक से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठ सका। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति और आपात प्रसूति व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करता है या मामला फाइलों में सिमट कर रह जाएगा।

## अनियमितताओं का आरोप अधिकारियों की चुप्पी ने तोड़ा मौन व्रत

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** विकास खंड बसखारी के ग्राम पंचायत अजमेरी बादशादपुर में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि गोल्ड ब्रिक फील्ड (ईंट भट्ठा) की जीएसटी बंद होने के बावजूद भुगतान किया गया, वहीं कई बिलों पर हस्ताक्षर, मोहर और तिथि के बिना ही ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया। यही नहीं, इसी प्रकार के बिल अन्य ग्राम पंचायतों* में भी ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड पाए गए हैं, जहाँ पूर्व में सचिव के रूप में एकता यादव तैनात रही हैं।

बताया जा रहा है कि बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के बिल बाउचर अपलोड कर भुगतान किया गया, जिन पर न तो ग्राम पंचायत सचिव के हस्ताक्षर हैं, न ही संबंधित फर्म या भट्ठे की मोहर अथवा तिथि अंकित है। इस तरह की गंभीर लापरवाही सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और मिलीभगत की आशंका को जन्म देती है। इस मामले को लेकर जब लगातार सवाल उठाए गए और खबरें अख़बारों व सोशल मीडिया पर प्रकाशित हुईं, तब जाकर विभाग हरकत में आया। हालांकि आरोप है कि शुरुआती दौर में अधिकारियों ने चुप्पी साधे रखी और केवल पत्राचार के माध्यम से औपचारिकता निभाई जाती रही, जिससे संबंधित लोगों के हौसले बुलंद होते रहे। सूत्रों के अनुसार, ग्राम पंचायत सचिव एकता यादव को विभाग की ओर से स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद अब विभागीय कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। यह मामला न केवल पंचायत स्तर की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका को भी कटघरे में खड़ा करता है। फिलहाल विभागीय जांच की प्रक्रिया चल रही है और अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच के बाद दोषियों पर कितनी सख्त कार्रवाई होती है या मामला लीपापोती की भेंट चढ़ जाता है।

# उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न

- मिठवल ब्लॉक में सर्वसम्मति से चुने गए सभी पदाधिकारी
- लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बने अजीत कुमार

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार विकास खण्ड मिठवल के ब्लॉक सभागार में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का मिठवल इकाई का द्विवार्षिक चुनाव 20 जनवरी को पार्दर्शिता के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। संघ के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार गौतम की

उपस्थिति व हिन्देश कुमार राव की देखरेख में हुए चुनाव में सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन होने से संगठन में एकता और विश्वास का संदेश मजबूत हुआ। चुनाव में अजीत



कुमार को लगातार तीसरी बार निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया, वहीं राज कपूर चौधरी को ब्लॉक मंत्री तथा राजेश कुमार को ब्लॉक कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। विनोद कुमार को ब्लॉक संगठन मंत्री तथा रामकिशोर जख्मी को ब्लॉक संप्रेक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर संघ के जिला मंत्री विजय कर पाठक एवं जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सहित संघ के अनेक पदाधिकारी व सदस्य भी उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए माल्यार्पण किया गया। निर्वाचित सभी सदस्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजीत कुमार ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ सफाई कर्मचारियों के हित, सम्मान और अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा।

## झिलाही रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म निर्माण में अनियमितता के आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** गोरखपुर-गोंडा रेलवे प्रखंड पर स्थित झिलाही रेलवे स्टेशन पर नए सिरे से हो रहे प्लेटफार्म निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है निर्माण में प्रयुक्त होने वाले मैटेरियल मिश्रण अनुपात सहित अन्य सामग्रियों में जमकर खेल किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में पीले ईंटों तथा मानक विहीन निर्माण सामग्रियों का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार प्लेटफार्म निर्माण में प्रयुक्त सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। निर्माण में हो रही मनमानी को लेकर जब संबंधित संस्था द्वारा लगाए गए मौके पर कार्य कर रहे लोगों से संपर्क करके ठेकेदार का संपर्क नम्बर लिया गया तो मिले नंबर पर लगातार कई बार घंटी बजाई गई लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। ऐसे में ठेकेदार का पक्ष नहीं जाना जा सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि



रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है, तथा भविष्य में जिला ही से ही कट कर अयोध्या जाने के लिए एक क्रॉस लाइन की भी व्यवस्था होने जा रही है उसके बावजूद भी मानक की अनदेखी से संकट खड़ा हो सकता है। तथा घटिया सामग्री से किया गया निर्माण भविष्य में हादसे का कारण भी बन सकता है। लोगों ने रेलवे प्रशासन से मामले की जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर वसूली, विभागीय कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में कर-करेत्तर वसूली, विभागीय कार्यों की प्रगति तथा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर दर्ज आंकड़ों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व वसूली से संबंधित विभाग अपने लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें।

उन्होंने तहसील वार बकाया वसूली की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि लंबित वसूली को प्राथमिकता पर लिया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में लापरवाही या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया



कि वे पोर्टल पर अद्यतन डेटा अपलोड करें और योजनाओं के भौतिक व वित्तीय लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाता है, अतः इसमें दर्ज आंकड़ों की प्रमाणिकता एवं समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, ग्राम्य विकास, कृषि, सिंचाई, और विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान कर एवं निबंधन विभाग, आबकारी, नगर निकायों, जल निगम तथा अन्य राजस्व से संबंधित विभागों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि वे लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करें और उच्चाधिकारियों को नियमित रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्यों में गति लाना और जनता को योजनाओं का लाभ समय पर दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे समर्पण और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें, ताकि जनहितकारी योजनाएं धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हो सकें।

## डॉ सोनकर ने सफल ऑपरेशन कर क्षेत्रीय जनों को हैरत में डाला

**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** जी हाँ चौंकिए मत ! नगर पंचायत बढ़नी में ढेबरूआ रोड पर धर्मकांटा के पास स्थित डीएसके मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल के डॉ एसएन सोनकर विशेषज्ञ (सर्जन ) ने एक के बाद एक हैरतअंगेज सफल ऑपरेशन कर क्षेत्रीय जनों को हैरत में डाल देते हैं, यूं कहिए कि जैसे मरीज ने पीजी आई, केजीएमसी आदि बड़े हॉस्पिटल में इलाज कराया हो और मरीज स्वस्थ होकर डॉ सोनकर को दुआएं ही देते नजर आता है।

अशोक कुमार निवासी भोजपुर थाना गैसड़ी जिला बलरामपुर निवासी ने बताया कि मेरे पैरों की नसों में खून की सप्लाई नहीं हो रही थी। नसे सूख गई थी जिसके नाते मैं चलने फिरने में एकदम असमर्थ हो चुका था। मरीज ने बताया कि पैरों के इलाज के लिए मै बलरामपुर , गोण्डा, बस्ती और लखनऊ के बड़े हॉस्पिटल में इलाज कराकर एकदम निराश हो चुका था पैरों की स्थिति दयनीय हो चुकी थी लाखों खर्च करने के बाद सफलता शून्य थी और थक हारकर मैं वापस अपने घर चला आया



और बहुत ही बुरी स्थिति से गुजर रहा था। फिर एक परिचित व्यक्ति ने बढ़नी स्थित डीएसके मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सर्जरी के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ सोनकर के बारे में बताया और डूबते को तिनके का सहारा मिल गया। कहा कि मैं परिवार के लोगों के साथ डीएसके मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बढ़नी पहुँचा। डॉ साहब ने जांचोपरांत मेरे पैरों का सफल ऑपरेशन कर मुझे नया जीवन दिया है, भगवान उन्हें लम्बी उम्र दे। उक्त के सम्बन्ध में सर्जरी में महारत हासिल चिकित्सक डॉ एसएन सोनकर (सर्जन ) ने बताया कि मरीज का पैर गैंग्रीन रोग से ग्रसित था पैरों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक थी। पैरों की नसें सूख जाने के कारण रक्त की सप्लाई बंद हो चुकी थी जिससे मरीज की हालत बद से बदतर हो चुकी थी और उसका चलना फिरना उठना बैठना दुश्वार था।

## संत बहादुर सिंह बने उप्र सहकारी भूमि विकास बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष

**सिद्धार्थनगर।** संत बहादुर सिंह उप्र सहकारी भूमि विकास बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। उत्तर प्रदेश सहकारी भूमि विकास बैंक सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष पद हेतु मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी के रूप में निवर्तमान चेयरमैन संत बहादुर सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। भूमि विकास बैंक सिद्धार्थनगर के पिछ्ले लगभग 3 बार से चेयरमैन रहे संत बहादुर सिंह ने एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह की उपस्थित में अपना नामांकन नौगढ़ ब्लॉक में दाखिल किया और केवल 1 ही पर्चा दाखिल होने पर एक बार फिर निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने संत बहादुर सिंह को निर्विरोध निर्वाचित होने पर उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर उपस्थित जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय, भाजपा नेता संतोष शुक्ला, गुड्डु यादव ने भी बधाई शुभकामनाएं दिया।

# काशी के प्राचीन मंदिरों के ध्वस्तीकरण के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन




**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों के ध्वस्तीकरण के विरोध में आम आदमी पार्टी (ूक्) ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश भर में प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर तहसील बासी में दर्ज कराया। बौद्ध प्रांत के अध्यक्ष इंजीनियर इमरान लतीफ ने इस कार्रवाई को हिंदू आस्था, सनातन संस्कृति और परंपरा पर सीधा हमला बताया।ूक् नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि मणिकर्णिका घाट केवल एक घाट नहीं, बल्कि हिंदू धर्म का अत्यंत पवित्र स्थल है, जहां सदियों से अंतिम संस्कार होते आए हैं और मोक्ष की मान्यता जुड़ी हुई है। आप पार्टी के पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रदीप पांडे ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर इतिहास, संस्कृति और आस्था को मिटाने का कार्य कर रही है। ऐसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल पर स्थित प्राचीन मंदिरों को ध्वस्त करना अत्यंत निंदनीय है।

प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल चौधरी ने कहा कि यह घटना किसी विदेशी आक्रांता के शासन में नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुई है। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि मंदिरों के ध्वस्तीकरण का यह सिलसिला नहीं रुका, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।इस अवसर पर आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष जलाल अहमद ने कहा कि मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों को तोड़ना हिंदू समाज की आस्था पर सीधा हमला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव के समय धर्म और मंदिर की राजनीति करती है, लेकिन सत्ता में आते ही मंदिरों पर बुलडोज़र चलवाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास का अर्थ सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करना नहीं हो सकता। प्रदर्शन के दौरान शिवकुमार पासवान संतोष पांडे चंद्रमणि त्रिपाठी डॉ अजय कुमार रविंद्र कुमार दुबे उमेश चंद्र वरुण राम लक्ष्मण चौधरी बृजभान यादव सहित तमाम कार्यकर्ता नेता मौजूद रहे।

## तहसील अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** मंगलवार को जलालपुर ब्लॉक स्थित डवाकरा हॉल में एलडीबी बैंक के तहसील अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान अशोक कुमार उपाध्याय ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अन्य किसी उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र दाखिल न किए जाने के कारण अशोक कुमार उपाध्याय को तहसील अध्यक्ष पद पर पुनः निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी एवं राम प्रकाश यादव की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अशोक कुमार उपाध्याय के निर्विरोध निर्वाचित होने पर पंकज वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप गुप्ता रामफेर कनौजिया चंद्रिका प्रसाद, सरिता निषाद, प्रवीण गौड़, विनय सिंह सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए बैंक और कर्मचारियों के हित में सकारात्मक कार्य किए जाने की उम्मीद व्यक्त की। नवनिर्वाचित होने के बाद उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से किसानों के लिए संघर्ष करता रहा और आगे भी किसानों की लिए संघर्ष करता रहूंगा जिससे किसी भी किसान को कहीं कोई समस्या उत्पन्न ना हो।

## दाऊदपुर गांव में जश्ने शहंशाहे कर्बला का 21 जनवरी को होगा आयोजन

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** जलालपुर क्षेत्र की ग्राम सभा दाऊदपुर में 21 जनवरी को इमामे हुसैन अ.स. के यौमे पैदाइश के मुबारक मौके पर जश्ने शहंशाहे कर्बला की अज़ीम और रूहानी महफिल का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस साल भी पूरी अकीदत, अदब और शानो-शौकत के साथ आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में तैयारियां जोरों पर हैं। इस भव्य आयोजन में मुल्क के नामचीन और मशहूर सोहरा व खुतबा पेश करने वाले शख्सियतें शिरकत करेंगी। जिनमें जनाब काज़िम जर्चवी, जनाब नफीस हल्लौरी, जनाब महताब रज़ा, जनाब जफर आज़मी, जनाब इब्राहिम, जनाब काशिफ अयोध्या, जनाब आरिफ एवं जनाब सुहैल विशेष रूप से तशरीफ ला रहे हैं, जो अपने दिलकश कलाम से महफिल को यादगार बनाएंगे। कार्यक्रम का संचालन अनीश जयशी के जिम्मे होगा, जबकि महफिल की सदारत मौलाना ज़मेरूल हसन साहब करेंगे। आयोजकों के अनुसार यह विशेष धार्मिक कार्यक्रम शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महफिल की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंच, प्रकाश, ध्वनि व्यवस्था एवं आने वाले मेहमानों के स्वागत की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

## विराट हिंदू सम्मेलन में पहुंचे पूर्व विधायक संजय प्रताप



**बस्ती।** सोमवार को जिले के भानपुर नगर पंचायत क्षेत्र में विराट हिंदू सम्मेलन एवं खिचड़ी समरसता भोज का आयोजन किया गया। आयोजन में पहुंचे पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने भारत माता की आरती की। इससे पूर्व मुख्य वक्ता डॉ महेश योगी सहित विभिन्न वक्ताओं ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी को भारतीय संस्कृति अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति में समरसता, सम्मान और विकास निहित है। वक्ताओं ने उपस्थित जन समूह को कई उदाहरणों से भारतीय संस्कृति अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर तमाम गणमान्य और क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती ।** मंडलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यो की मासिक मण्डलीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुयी। उन्होने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जल निगम, नियोजन, पंचायतीराज, पंचम वित्त राज आयोग, पर्यटन, लोकनिर्माण, लोक शिकायत, यू.पी.सी.एल.डी.ए.एफ., कृषि एवं सहकारिता, छात्रवृत्ति, जलजीवन मिशन, फैमिली आईडी, 15वॉ वित्त, ओडीओपी, फार्मर रजिस्ट्री सहित संचालित विकास योजनाओं की गहनता से समीक्षा किया।

समीक्षा में उन्होने संचालित योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर असंतोष व्यक्त किया और कहा कि मण्डल स्तरीय अधिकारीगण प्रगति में तेजी लाकर मण्डल की रैंकिंग को निचले स्तर से उच्च स्तर पर लाने का कार्य द्रुतगति से करें। उन्होने जलजीवन मिशन की समीक्षा में निर्देश दिया कि संचालित योजनाओं को शीघ्रअतिशीघ्र



पूर्ण कराये। उन्होने छात्रवृत्ति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस कार्य को ससमय पूर्ण करायें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाय। उन्होने मुख्यमंत्री विवाह योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि सुरक्षा के दृष्टिगत अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे लवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होने बाढ़ से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ सुरक्षा से संबंधित सुधार/सुझाव जनप्रतिनिधियों से प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही अभी से प्रारम्भ कर दें। मण्डलायुक्त ने कहा कि आईजीआरएस मामलों के निस्तारण में बिना राग-द्वेष के सुस्पष्ट आख्या लगायें।

अभिकथन के सापेक्ष पुष्ट्ियुक्त साक्ष्य अवश्य संलग्न करें, जिससे शिकायतकर्ता को असंतुष्ट होने का मौका न मिलें। आईजीआरएस संबंधी मामलो में कार्यवाही संचालन अपर आयुक्त प्रशासन मनोज कुमार त्रिपाठी ने किया। बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त निर्मल कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक में जिलाधिकारी बस्ती कृत्तिका ज्योत्स्ना, सिद्धार्थनगर शिवशरणप्पा जी.एन., संतकबीरनगर आलोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## गोण्डा के एक महिला यूट्यूबर व तीन पुरुष कार के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोण्डा।** बाराबंकी जनपद के थाना सफदरगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम औलियालालपुर में स्थित गौशाला में अवैध रूप से घुसकर ग्राम प्रधान से अभद्रता, गाली-गलौज और रंगदारी मांगने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र कुमार वर्मा ने थाना सफदरगंज में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 16 जनवरी 2026 को दोपहर लगभग 1 बजे वाहन संख्या क्क32 त्क्ङ्ग 7630 से रुबी अवस्थी, विशाल गुप्ता व उनके साथ तीन अज्ञात लोग गौशाला में जबरन घुस आए।गौशाला के केयर टेकर राम सहारे द्वारा मना किए जाने के बावजूद आरोपियों ने गौशाला में प्रवेश कर गौ तस्करी व अनियमितताओं के झूठे आरोप लगाए। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान के मौके पर पहुंचने पर आरोपियों ने उन्हें और केयर टेकर को गंदी गालियां दीं। आरोप है कि खुद को पत्रकार बताते हुए आरोपियों ने खबर चलाने की धमकी दी और एक लाख रुपये की मांग की। रुपये न देने पर झूठे छेड़छाड़ के मुकदमे में फंसाने और सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने की धमकी दी गई।

# फोरलेन निर्माण की जद में आए हुआ पेड़ो का सर्वे शासन को भेजी गई रिपोर्ट

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** टांडा-सुल्तानपुर मार्ग को फोरलेन में तब्दील करने की दिशा में प्रशासनिक प्रक्रिया तेज़ हो गई है। फोरलेन निर्माण की जद में आने वाले पेड़ों का सर्वे कार्य वन विभाग द्वारा सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। मार्ग के दोनों ओर स्थित पेड़ों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रत्येक पेड़ की विस्तृत सूची तैयार करते हुए शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है।

वन विभाग के अनुसार सुल्तानगढ़ पुल से लेकर सुरहुरपुर पुल तक प्रस्तावित फोरलेन मार्ग के अंतर्गत लगभग 3000 पेड़ आ रहे हैं। शासन से अनुमति प्राप्त होने के बाद सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी। इसके उपरांत दूसरे चरण में पेड़ों की नीलामी की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसके तहत चयनित ठेकेदारों के माध्यम से नियमानुसार पेड़ों की कटाई कराई जाएगी।

पेड़ों की कटाई पूरी होने के बाद कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग



(पीडब्ल्यूडी) द्वारा सड़क निर्माण कार्य को तेज़ी से आगे बढ़ाया जाएगा। फोरलेन सड़क के निर्माण से टांडा, सुरहुरपुर, जलालपुर सहित आसपास के 20 से अधिक गांवों एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही इससे क्षेत्र के आर्थिक व सामाजिक विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

इस संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) उमेश तिवारी ने बताया कि फोरलेन परियोजना के लिए आवश्यक सर्वे कार्य पूर्ण कर शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। शासन से अनुमति मिलते ही आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

## बहुमत के बावजूद सियासत

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व और प्रचंड जनादेश मिला है। एक तरफ बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में पुरानी शिवसेना का वर्चस्व और शासन समाप्त किया है, तो दूसरी तरफ पुणे में शरद पवार के परंपरागत गढ़ को ध्वस्त किया है। पवार अब न तो 'चाणक्य' रहे हैं और न ही राजनीतिक तौर पर प्रासंगिक रहे हैं। उनका राजनीतिक युग समाप्त हो चुका है। महाराष्ट्र नगर निगम के कुल 2869 में से 1440 वार्ड में भाजपा के पार्षद विजयी रहे हैं, लिहाजा कुल 29 नगर निगमों में से 25 में भाजपा के मेयर सत्तारूढ़ हो सकते हैं। भाजपा ने भी ऐसे जनादेश की कल्पना नहीं की थी। महत्वपूर्ण यह रहा कि ये चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के बड़े नेताओं के प्रचार के बिना ही लड़े गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ही चौतरफा नेतृत्व किया और परिणाम सामने है। जाहिर है कि फडणवीस का भाजपा के भीतर राजनीतिक कद बढ़ेगा। बहरहाल जनादेश की दृष्टि से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और कांग्रेस भाजपा से कई गुना पीछे रह गई हैं। सबसे शानदार और उल्लेखनीय जीत बीएमसी की रही है, लिहाजा अब देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भाजपा का मेयर (महापौर) होना चाहिए। लेकिन अकेली भाजपा के 89 पार्षदों के बावजूद बीएमसी में बहुमत नहीं है। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) ने 'महायुति' वाले गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ा था। शिवसेना के 29 पार्षद जीते हैं। साझा गठबंधन को सदन में 118 पार्षदों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल है। सत्ता से बाहर हो रही शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की 'मनसे' ने 20 साल बाद गठबंधन में चुनाव लड़ा था। उन्हें 71 पार्षद मिले हैं। मराठी मानुष, मराठा, मराठी भाषा के प्रचार को जनता ने खारिज कर दिया।

अब मराठा सियासत के कई साझेदार हो गए हैं, जिनमें भाजपा और शिंदे सेना भी शामिल है। बेशक ठाकरे घराने की चुनावी पराजय हुई है, लेकिन पार्टी संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की विरासत अब भी अस्तित्व में है। बल्कि वह बीएमसी में सत्ता के समीकरण बदल भी सकती है। इतिहास खुद को दोहराता-सा लग रहा है। भाजपा-पुरानी शिवसेना ने विधानसभा चुनाव गठबंधन के साथ ही लड़ा था। गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट बहुमत भी था, लेकिन उद्धव ठाकरे की मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल थी कि उन्होंने अढाई-अढाई साल के मुख्यमंत्री की मांग की। बल्कि पहला अवसर शिवसेना को देने का भी आग्रह किया। हालांकि भाजपा के 104 विधायक जीत कर आए थे और वह सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। तत्कालीन शिवसेना के 55-56 विधायक ही थे। सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक भूख यहां तक बढ़ी कि उद्धव ने कांग्रेस और संगठित एनसीपी के साथ 'महाविकास अघाड़ी' गठबंधन बनाया और मुख्यमंत्री बन गए। भाजपा ने एकनाथ शिंदे के जरिए न केवल शिवसेना को दोफाड़ किया, बल्कि उद्धव की सरकार भी गिरवा दी। लगभग उसी तरह अब उपमुख्यमंत्री शिंदे की शिवसेना के 29 पार्षदों को 'ताज होटल' में, गहरे पहरे के साथ, रखा गया है। पार्षदों में से ही आवाज उभरी है कि मुंबई का मेयर अढाई-अढाई साल का होना चाहिए। सियासत यहीं से आरंभ होती है। यदि शिवसेना किसी भी स्थिति में भाजपा के पंचसाला मेयर के लिए तैयार नहीं हुई, तो क्या शिंदे की शिवसेना घर-वापसी करते हुए उद्धव की शिवसेना के साथ कोई समझौता कर सकती है? हालांकि उद्धव का साफ कहना है कि जिन्होंने हमारी पार्टी तोड़ी थी, उनके लिए हमारे दरवाजे बिल्कुल बंद हैं, लेकिन उन्हीं के सांसद प्रवक्ता संजय राउत ने धमकी वाला बयान दिया है कि भाजपा-शिवसेना के बीएमसी में 4 पार्षद ही बहुमत से अधिक हैं, लिहाजा कभी भी तख्तापलट किया जा सकता है। हमारा मानना है कि शिंदे भाजपा के खिलाफ जाने का फिलहाल जोखिम नहीं उठाएंगे, क्योंकि भाजपा उनके इलाकों में भी ताकतवर बनकर उभरी है। दरअसल बीएमसी देश की सबसे अमीर महानगरपालिका है। बीएमसी की सत्ता भाजपा किसी भी कीमत पर हासिल करना चाहेगी।

## रासबिहारी बोसः भारतीय क्रांति के गुमनाम महानायक



महेन्द्र तिवारी

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को प्रायः दो धाराओं में बाँटकर देखा जाता है–एक अहिंसक, सत्याग्रह और जनआंदोलन की धारा, और दूसरी सशस्त्र क्रांति की वह धारा, जिसने गुप्त संगठनों, षड्यंत्रों और प्रत्यक्ष हिंसक प्रतिरोध के माध्यम से औपनिवेशिक सत्ता को चुनौती दी। दुर्भाग्य से इतिहास लेखन में दूसरी धारा के कई नायकों को या तो सीमित स्थान मिला या वे पूरी तरह हाशिये पर चले गए। रासबिहारी बोस ऐसे ही एक गुमनाम किंतु असाधारण क्रांतिकारी थे, जिनका योगदान न केवल भारत में बल्कि भारत से बाहर, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा तय करने वाला सिद्ध हुआ।

25 मई 1886 को बंगाल के बर्धमान जिले के सुबालदहा गाँव में जन्मे रासबिहारी बोस एक शिक्षित, बौद्धिक और अनुशासित परिवार से आए थे। उनके पिता विनोद बिहारी बोस सरकारी सेवा में थे, जिससे रासबिहारी को प्रारंभ से ही औपनिवेशिक शासन की कार्यप्रणाली को नज़दीक से देखने का अवसर मिला। चंदननगर और कोलकाता में हुई उनकी शिक्षा ने उनके व्यक्तित्व को विशेष रूप से आकार दिया। चंदननगर उस समय फ्रांसीसी शासन के अधीन था और फ्रांसीसी क्रांति के विचार–स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व–उनके मन में गहराई तक उतर गए। यह कोई संयोग नहीं था कि आगे चलकर वे केवल भारत की स्वतंत्रता ही नहीं, बल्कि एशिया के उपनिवेशवाद-विरोधी संघर्षों के भी एक महत्वपूर्ण सेतु बने।

देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान में हेड क्लर्क के रूप में उनकी नियुक्ति एक सामान्य सरकारी नौकरी प्रतीत होती है, लेकिन इसी आवरण के पीछे एक अत्यंत सक्रिय क्रांतिकारी मस्तिष्क काम कर रहा था। रासबिहारी बोस उन विरले क्रांतिकारियों में थे जो संगठन, रणनीति और गोपनीयता–तीनों में दक्ष थे। बाघा जतिन जैसे क्रांतिकारियों के संपर्क में रहकर उन्होंने सशस्त्र विद्रोह को केवल भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सुनियोजित राजनीतिक रणनीति के रूप में विकसित किया।

23 दिसंबर 1912 को दिल्ली के चांदनी चौक में वायसराय लॉर्ड हार्डिंग पर किया गया बम हमला भारतीय क्रांतिकारी इतिहास की सबसे साहसिक घटनाओं में गिना जाता है। यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं था, बल्कि ब्रिटिश साम्राज्य की अजेयता के मिथक को तोड़ने का प्रयास था। हार्डिंग के बच जाने के बावजूद इस घटना ने अंग्रेजी हुकूमत को गहरी बेचैनी में डाल दिया। इसके बाद रासबिहारी बोस का पुलिस को चकमा देकर बच निकलना और सामान्य रूप से अपनी नौकरी पर लौट आना, उनकी असाधारण संगठन क्षमता और धैर्य का प्रमाण है। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान रासबिहारी बोस ने गदर पार्टी के साथ मिलकर जो योजना बनाई, वह यदि सफल हो जाती तो भारतीय स्वतंत्रता का इतिहास संभवतः बिल्कुल अलग होता। ब्रिटिश भारतीय सेना के भीतर एक साथ विद्रोह की योजना, 21 फरवरी 1915 की तय तारीख और व्यापक तैयारी–ये सभी दर्शाते हैं कि यह कोई आवेगपूर्ण प्रयास नहीं था। दुर्भाग्य से एक मुखबिर की गद्दारी ने इस योजना को विफल कर दिया और इसके बाद जो दमन चक्र चला, उसने क्रांतिकारी आंदोलन को गहरी चोट पहुँचाई। जब भारत में रहना उनके लिए असंभव हो गया, तब रासबिहारी बोस का जापान जाना किसी पलायन की कहानी नहीं, बल्कि संघर्ष के विस्तार की शुरुआत थी। रवींद्रनाथ टैगोर के एक रिश्तेदार के नाम से जापान पहुँचना, ब्रिटिश दबावों के बावजूद वहाँ शरण मिलना और फिर जापानी समाज में स्वयं को स्थापित करना–यह सब उनकी दूरदृष्टि और अंतरराष्ट्रीय समझ का परिचायक है। तोशिको सोमा से विवाह और जापानी नागरिकता ग्रहण करना केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं थे, बल्कि ब्रिटिश साम्राज्य की कानूनी पकड़ से बाहर निकलने की एक राजनीतिक रणनीति भी थी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**अमेरिका का कथित तर्क है कि ग्रीनलैंड को नियंत्रित करना उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में है, ताकि वह रूस या चीन जैसी शक्तियों के संभावित विस्तार को रोक सके और अपने घर के ऊपर से संभावित मिसाइल मार्ग पर नजर रखने की क्षमता को मजबूत कर सके। लेकिन यह दलील यूरोप और डेनिश नेतृत्व वाले वैश्विक समुदाय द्वारा चुनौती दी जा रही है क्योंकि ग्रीनलैंड एक संप्रभु क्षेत्र है और उसके निवासियों के आत्मनिर्णय के अधिकार और अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना आवश्यक है।**

# अमेरिका से यूरोप की दूरी : नए विकल्पों की तलाश



आदित्य वर्मा

आज की वैश्विक राजनीति में ग्रीनलैंड संकट सिर्फ एक स्थानीय मामला नहीं रह गया है बल्कि यह यूरोप के लिए एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ का प्रतिनिधित्व कर रहा है जहाँ उसे अमेरिका पर निर्भरता को पुनर्विचार करते हुए नए विकल्प तलाशने की आवश्यकता स्पष्ट रूप से दिख रही है। ग्रीनलैंड, जो डेनमार्क के अधीन एक स्वायत्त क्षेत्र है, अपनी भौगोलिक स्थिति, विशाल संसाधनों और आर्कटिक से जुड़े बदलते समुद्री मार्गों के कारण आज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक स्थलों में से एक बन चुका है। पिछले कुछ हफ्तों में अमेरिका के राष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से ग्रीनलैंड पर नियंत्रण की इच्छा जाहिर करते हुए यह तक कह दिया है कि अगर यूरोपीय देशों ने उसकी ग्रीनलैंड खरीद योजना स्वीकार नहीं की तो उन देशों के सामान पर 10 फीसदी टैरिफ लगाए जाएंगे और अगर जून तक कोई समझौता नहीं हुआ तो इसे 25 फीसदी तक बढ़ा दिया जाएगा, जिसमें डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, यूके और अन्य आठ प्रमुख यूरोपीय देशों का नाम शामिल है। इससे यूरोपीय बाजार और व्यापारियों पर भारी आर्थिक दबाव बनने की चेतावनी है। यह टैरिफ धमकी यूरोप के लिए सिर्फ राजनीतिक नहीं बल्कि आर्थिक लागत का भी बड़ा संकेत है क्योंकि पिछले साल से ही अमेरिका ने स्टील, एल्यूमिनियम और ऑटोमोबाइल जैसे उद्योगों पर 25 फीसदी तक के आयात शुल्क लगाए हैं। इससे यूरोपीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता कम हुई है और व्यापार घाटा बढ़ रहा है। ऐसे टैरिफ कदम ने ट्रांस-अटलांटिक व्यापार को तनावग्रस्त कर दिया है और यूरोपीय शेयर बाजारों और उत्पादन मूल्य श्रृंखलाओं में प्रभाव डाला है। कई यूरोपीय उद्योगपतियों और उपभोक्ताओं को लागत बढ़ने का असर झेलना पड़ा है और अब यूरोपीय संघ 93 अरब यूरो तक के अमेरिकी उत्पादों पर भी शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है, जो इस तनाव को और भी बढ़ा सकता है। अमेरिका की इस आक्रामक और एकतरफा नीति ने परंपरागत ट्रांस-अटलांटिक एकता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है और यूरोप के सामने यह चुनौती खड़ी कर दी है कि उसे अपनी सुरक्षा, आर्थिक और विदेशी नीति रणनीति के लिए अमेरिका पर निर्भर रहने की रणनीति को क्या निरंतरता देनी चाहिए या उसे विविधीकृत, बहु-ध्रुवीय और आत्मनिर्भर विकल्प अपनाना चाहिए। ग्रीनलैंड संकट की जड़ भू-राजनीति पर टिकी है क्योंकि आर्कटिक क्षेत्र में पिघलते समुद्री बर्फ के कारण नई समुद्री मार्ग खुले हैं। इससे यूरोप और एशिया के बीच यात्रा और व्यापार के नए रास्ते बन रहे हैं और यह भू-भाग ऐसे संसाधनों का भंडार है जो भविष्य की ऊर्जा, तकनीकी और रक्षा



आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इन परिवर्तनों ने वैश्विक शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा को और तीव्र कर दिया है। अमेरिका, रूस और चीन हर किसी का आर्कटिक में अपना दखल मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिका का कथित तर्क है कि ग्रीनलैंड को नियंत्रित करना उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में है, ताकि वह रूस या चीन जैसी शक्तियों के संभावित विस्तार को रोक सके और अपने घर के ऊपर से संभावित मिसाइल मार्ग पर नजर रखने की क्षमता को मजबूत कर सके। लेकिन यह दलील यूरोप और डेनिश नेतृत्व वाले वैश्विक समुदाय द्वारा चुनौती दी जा रही है क्योंकि ग्रीनलैंड एक संप्रभु क्षेत्र है और उसके निवासियों के आत्मनिर्णय के अधिकार और अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना आवश्यक है। यूरोपीय देशों की प्रतिक्रिया इस संकट के प्रति अत्यंत महत्वपूर्ण है। यूरोपीय संघ के सदस्य देशों ने स्पष्ट किया है कि वे किसी भी तरह के एकतरफा अमेरिकी नियंत्रण के खिलाफ हैं और ग्रीनलैंड को 'बिकाऊ' नहीं मानते।

डेनमार्क और अन्य यूरोपीय प्रधानों ने इस बात की चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर किसी भी तरह की सैन्य या जबरन कार्रवाई की, तो यह नाटो जैसे सामरिक गठबंधन के अस्तित्व को गंभीर संकट में डाल देगा। यह यूरोप के लिए इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि नाटो वास्तव में शीत युद्ध के बाद से ट्रांस-अटलांटिक सुरक्षा व्यवस्था का मूल आधार रहा है और अब उसी व्यवस्था में दरारें दिखाई दे रही हैं। यूरोपीय संघ खुद भी इस मुद्दे पर आपसी एकता जमा रहा है। सदस्य देशों के अलग-अलग रुख हैं लेकिन सभी एकमत हैं कि ग्रीनलैंड के मामले में अमेरिका द्वारा दर्शाए गए दबाव और उसकी धमकियों का सामना करने के लिए यूरोप को संयुक्त रूप से खड़ा होना चाहिए। उसी समय, रूस ने भी इस मुद्दे पर पश्चिमी शक्तियों की दोहरी नीति पर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह संकट दिखाता है कि पश्चिम के पास अंतरराष्ट्रीय कानून और नियम-आधारित व्यवस्था के प्रति नैतिक श्रेष्ठता का दावा करना कितना त्रुटिपूर्ण है। रूस का कहना है कि आर्कटिक उसका पारंपरिक क्षेत्र रहा है और वह भी इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक रुचि को बनाए रखना चाहता है, चाहे वह नए समुद्री मार्ग हो या सैन्य पूर्वस्थिति। रूस और चीन दोनों आर्कटिक में अपनी भूमिका को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं और यह क्षेत्र अब एक नए ग्रेट गेम का मैदान बन चुका है जहाँ सिर्फ संसाधन ही नहीं बल्कि व्यापक भू-राजनीतिक प्रभुत्व के लिए प्रतिस्पर्धा चल रही है। इस प्रतिस्पर्धा का प्रभाव यूरोपीय सुरक्षा, व्यापार और रणनीतिक निर्णयों पर भी पड़ रहा है और यह यूरोप को मजबूर कर रहा है कि वह अमेरिका पर निर्भर रहने के बजाय खुद की सुरक्षा क्षमताओं और रणनीतिक विकल्पों पर पुनर्विचार करे। यूरोप के सामने अब दो विकल्प स्पष्ट रूप से खड़े हैं। एक और वह है अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को जारी रखना, भले ही इसके लिए उसे अमेरिकी दबाव और उसकी धमकियों का सामना करना पड़े। दूसरा विकल्प यह है कि वह अपने आप को एक अधिक स्वतन्त्र, अधिक आत्मनिर्भर और बहु-ध्रुवीय वैश्विक रणनीति की ओर ले जाए जिसमें रूस और चीन से संवाद, साझेदारी और सहयोग के सकारात्मक आयाम भी शामिल हों। यह विकल्प यूरोप के लिए आसान नहीं है क्योंकि रूस के साथ साझेदारी में ऊर्जा, सुरक्षा और अनुभवजन्य संघर्षों के कारण जटिलताएँ हैं। तथा चीन के साथ गहरे व्यापारिक रिश्तों के बावजूद राजनीतिक और मानवाधिकार संबंधी मतभेद भी मौजूद हैं। तथापि, यूरोप को यह समझना होगा कि केवल अमेरिका पर निर्भरता आज के बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य में उसकी रणनीतिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। उसे अपनी सुरक्षा, ऊर्जा, व्यापार और रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए नए सहयोग, रणनीतिक साझेदारियों और संभावित गठबंधनों की तलाश करनी चाहिए।

# भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से होता विस्तार

**पीएम सूर्य घर मिशन, नवीकरण ऊर्जा और नेट-जीरो उत्सर्जन की ओर भारत के प्रयासों के मुख्य स्तंभों में से एक है।1 3 फरवरी 2024 को मंत्रिमंडल की मंजूरी के साथ शुरू की गई इस योजना का कुल खर्च 75,021 रुपये करोड़ है। इसका मकसद एक करोड़ घरों को रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणाली देना है, जिससे हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। यह योजना नवीकरण ऊर्जा स्रोत अपनाने को बढ़ावा देती है, जिससे भारत के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के वादे को समर्थन मिलता है।**



रोहित माहेश्वरी

मोदी सरकार के प्रयासों से भारत की सौर ऊर्जा क्षमता में पिछले दशक में उल्लेखनीय रूप से विस्तार हुआ है।विशाल सौर पार्कों से लेकर शहरों, कस्बों और गांवों की नीली छतों तक, हर जगह सोलर पैनल नजर आते हैं सिर्फ़ एक दशक पहले, भारत का सौर ऊर्जा परिदृश्य अपनी प्रारंभिक अवस्था में था, जहां सोलर पैनल केवल कुछ छतों और रेगिस्तानों में ही दिखते थे। आज, देश इतिहास रचने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। असल में, नवीकरणीय ऊर्जा देश की जलवायु रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में सौर ऊर्जा का तेज़ी से विस्तार होना एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। वर्ष 2014 में मात्र 3 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में लगभग 129 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें ग्राउंड-माउंटेड प्रोजेक्ट, रूफटॉप सोलर, हाइब्रिड सिस्टम और ऑफ-ग्रिड इंस्टॉलेशन शामिल हैं। बड़े सौर पार्कों के साथ-साथ लाखों घरों पर लगे रूफटॉप सिस्टम अब बिजली पैदा कर ग्रिड में ऊर्जा पहुंचा रहे हैं।

दरअसल, भारत उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है, जहां कर्क रेखा कई राज्यों से होकर गुजरती है। इससे देश में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। भारतीय महाद्वीप की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 748 गीगावाट है। राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देश की सबसे अधिक सौर ऊर्जा क्षमता है, जो उन्हें भारत के स्वच्छ ऊर्जा विकास के प्रमुख चालक बनाती है। चूंकि सौर ऊर्जा अब भारत के ऊर्जा मिश्रण का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है तथा भारत को वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के लिये प्रेरित करती है।

भारत की सौर ऊर्जा क्षमता जुलाई 2025 तक 4,000 प्रतिशत बढ़ गई थी और देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 227 गीगावाट तक पहुंच गई थी। जम्मू-कश्मीर का पल्ली गांव एक उल्लेखनीय उदाहरण बन गया, जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर चलने के कारण भारत की पहली कार्बन-न्यूट्रल पंचायत के रूप में उभरा। भविष्य की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए ऊर्जा भंडारण और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। देश में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु शीर्ष सौर उत्पादक राज्यों में शामिल हैं, जिनमें राजस्थान की सौर क्षमता अत्यधिक है तथा वहां निरंतर विस्तार के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं।

पीएम सूर्य घर मिशन, नवीकरण ऊर्जा और नेट-जीरो उत्सर्जन की ओर भारत के प्रयासों के मुख्य स्तंभों में से एक है।1 3 फरवरी 2024 को मंत्रिमंडल की मंजूरी के साथ शुरू की गई इस



योजना का कुल खर्च 75,021 रुपये करोड़ है। इसका मकसद एक करोड़ घरों को रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणाली देना है, जिससे हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। यह योजना नवीकरण ऊर्जा स्रोत अपनाने को बढ़ावा देती है, जिससे भारत के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के वादे को समर्थन मिलता है। दिसंबर 2025 तक, 23.9 लाख घरों में पहले ही 7 जीडब्ल्यू स्वच्छ ऊर्जा की स्थापित क्षमता के साथ रूफटॉप सोलर लगाए जा चुके हैं और पीएम सूर्य घर के तहत 13,464.6 रूपए करोड़ की सब्सिडी जारी की गई है, जिससे यह योजना 1 करोड़ सौर ऊर्जा आधारित घरों के अपने लक्ष्य को पाने की राह पर है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक सब्सिडी योजना के तहत लगभग 24 लाख घरों में सौर ऊर्जा प्लांट लगे हैं।

पीएम-कुसुम योजना किसानों को डीजल के बजाय सौर ऊर्जा का उपयोग करने में सहायता करती है। ना-सरकार बिजली ग्रिड से जुड़े बड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए 'सोलर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाओं का विकास' नामक एक योजना चला रही है। गौरतलब हो, वर्ष 2014 के बाद भारत की सोलर पीवी सेल बनाने की क्षमता लगभग 21 गुना बढ़ गई है। मध्य प्रदेश स्थित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पार्क, एशिया के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पार्कों में से एक है जिसकी नियोजित क्षमता 600 मेगावाट है। इसकी लागत 330 करोड़ रुपए है जिसमें केंद्र सरकार 49.85 करोड़ रुपए का सहयोग प्रदान करेगी।

सौर ऊर्जा की बढ़त से भारत की कोयले पर निर्भरता कम हो गई है। हालांकि थर्मल और अन्य ग़ैर-नवीकरणीय स्रोतों से अब भी कुल क्षमता का आधे से ज्यादा हासिल होता है। सौर ऊर्जा अब कुल ऊर्जा में 20 फीसदी से अधिक का योगदान करती है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि तो है लेकिन इसके साथ एक चुनौती भी है। बेशक यह इस्तेमाल में साफ यानी प्रदूषण मुक्त है, लेकिन अगर सही तरीके से प्रबंधन न किया जाए तो सोलर पैनल पर्यावरण के लिए खतरा बन सकते हैं। सोलर पैनल का ज्यादातर हिस्सा रिसाइकल किया जा सकता है। इनमें कांच, एल्युमिनियम, चांदी और पॉलिमर होते हैं। लेकिन इनमें थोड़ी मात्रा में ही मौजूद सीसा और कैडमियम जैसी ज़हरीले धातुओं को अगर ठीक तरीके से संभाला न जाए तो ये मिट्टी और पानी को प्रदूषित कर सकते हैं। आमतौर पर सोलर पैनल लगभग 25 साल तक चलते हैं, उसके बाद उन्हें हटाकर फेंक दिया जाता है। फिलहाल भारत में सौर कचरे को रिसाइकल करने के लिए अलग से कोई बजट नहीं है और पुराने पैनलों को प्रोसेस करने के लिए कुछ छोटे-छोटे केंद्र ही हैं। भारत के पास सौर कचरे का कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है।

एक अध्ययन के मुताबिक 2023 तक लगभग एक लाख टन और 2030 तक 6 लाख टन तक सौर कचरा पैदा हो सकता है। अभी यह मात्रा कम है, लेकिन विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि कचरे का असली बोझ आगे आने वाला है। अगर जल्द ही निवेश कर रीसाइक्लिंग की व्यवस्था नहीं बनाई गई तो भारत को बढ़ते सौर कचरे के संकट का सामना करना पड़ सकता है। ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) के एक नए अध्ययन के मुताबिक, भारत में 2047 तक 1.1 करोड़ टन से ज़्यादा सौर कचरा पैदा हो सकता है। इसे सुरक्षित रूप से ठिकाने लगाने के लिए लगभग 300 विशिष्ट रीसाइक्लिंग केंद्र चाहिए होंगे और अगले दो दशक में करीब 47.80 करोड़ डॉलर का निवेश करना होगा। संभावित खतरों को देखते हुए भारत में 2022 में सोलर पैनलों को ई-वेस्ट नियमों के तहत लाया गया। इससे अब यह निर्माताओं की जिम्मेदारी है कि पैनलों की उम्र पूरी होने पर वे (निर्माता) उन्हें इकट्ठा करें, स्टोर करें, तोड़ें और रिसाइकल करें। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत की सौर ऊर्जा की यात्रा इस बात का उदाहरण है कि कैसे लक्षित नीति, प्रौद्योगिकी नवाचार और रणनीतिक सहयोग किसी देश के ऊर्जा परिदृश्य को बदल सकते हैं।

# डर, पहचान और आज का भारतीय समाज

**आज मीडिया, सोशल मीडिया और राजनीतिक भाषणों के माध्यम से समाज को लगातार किसी न किसी खतरे का एहसास कराया जा रहा है। कभी आंतरिक दुश्मन, कभी बाहरी साज़िश, कभी सांस्कृतिक संकट–इन सबका असर यह होता है कि व्यक्ति धीरे-धीरे आलोचनात्मक सोच खो देता है और भावनात्मक प्रतिक्रिया को ही सही मानने लगता है। फ्रांसीसी मनोवैज्ञानिक गुस्ताव ले बॉन ने बहुत पहले चेतावनी दी थी कि भीड़ में व्यक्ति अपनी स्वतंत्र चेतना खो देता है। आज यह सिद्धांत डिजिटल युग में और अधिक प्रासंगिक हो गया है।**



सफिया साइकोलॉजिस्ट

हिंदुस्तान की मौजूदा सामाजिक हालत को यदि केवल राजनीतिक बहसों, आर्थिक सूचकांकों या विकास के दावों के सहारे समझने की कोशिश की जाए, तो तस्वीर अधूरी ही रहेगी। दरअसल आज का भारत एक मनोवैज्ञानिक संक्रमण काल से गुजर रहा है, जहाँ समाज का सामूहिक मन तेज़ी से बदल रहा है। यह बदलाव केवल बाहरी नहीं, बल्कि व्यक्ति की सोच, प्रतिक्रिया और व्यवहार के स्तर पर भी गहराई से महसूस किया जा सकता है।

समाज मनोविज्ञान का एक स्थापित सिद्धांत है कि जब कोई समाज लंबे समय तक असुरक्षा की भावना में जीता है, तो वह विवेक से अधिक भावनाओं द्वारा संचालित होने लगता है। आज का भारतीय समाज भी कुछ इसी मनःस्थिति से गुजर रहा है। बेरोज़गारी, महँगाई, भविष्य की अनिश्चितता और सामाजिक प्रतिस्पर्धा ने आम नागरिक के भीतर एक छिपा हुआ डर पैदा किया है। यह डर कई बार ग़ुस्से, चिड़चिड़ेपन और असहिष्णुता के रूप में सामने आता है। परिणामस्वरूप संवाद की जगह टकराव और तर्क की जगह आरोप ले लेते हैं। जब व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत पहचान को कमजोर महसूस करता है, तो वह किसी बड़े समूह में अपनी सुरक्षा खोजता है। यही कारण है कि आज समाज में धर्म, जाति, भाषा और राष्ट्रवाद के आधार पर पहचान की राजनीति तेज़ हुई है।





यह प्रक्रिया स्वाभाविक है, लेकिन जब इसे लगातार उकसाया जाए, तो समाज 'हम बनाम वे' की मानसिकता में फँस जाता है। यह मानसिक ढांचा व्यक्ति को यह विश्वास दिलाता है कि उसकी समस्याओं का कारण कोई दूसरा समुदाय या विचारधारा है, जबकि वास्तविक समस्याएँ कहीं अधिक संरचनात्मक और जटिल होती हैं। मनोविज्ञान में इसे फियर कंडीशनिंग कहा जाता है, यानी डर के ज़रिये सोच को नियंत्रित करना। आज मीडिया, सोशल मीडिया और राजनीतिक भाषणों के माध्यम से समाज को लगातार किसी न किसी खतरे का एहसास कराया जा रहा है। कभी आंतरिक दुश्मन, कभी बाहरी साज़िश, कभी सांस्कृतिक संकट–इन सबका असर यह होता है कि व्यक्ति धीरे-धीरे आलोचनात्मक सोच खो देता है और भावनात्मक प्रतिक्रिया को ही सही मानने लगता है। फ्रांसीसी मनोवैज्ञानिक गुस्ताव ले बॉन ने बहुत पहले चेतावनी दी थी कि भीड़ में व्यक्ति अपनी स्वतंत्र चेतना खो देता है। आज यह सिद्धांत डिजिटल युग में और अधिक प्रासंगिक हो गया है। सोशल मीडिया ने एक ऐसी डिजिटल भीड़ बना दी है, जहाँ ट्रेंड, वायरल वीडियो और हैशटैग ही सच का पैमाना बनते जा रहे हैं। शोर अक्सर सत्य की आवाज़ को दबा देता है।

परिणामस्वरूप विवेक, आत्मचिंतन और संतुलन कमजोर पड़ते जा रहे हैं। लगातार तनाव, संघर्ष और टकराव ने समाज को नैतिक रूप से थका दिया है। आज अन्याय, हिंसा या भेदभाव की ख़बरें समाज को उतना विचलित नहीं करतीं जितना पहले करती थीं। यह संवेदनहीनता किसी अमानवीयता का प्रमाण नहीं, बल्कि एक रक्षात्मक मनोवृत्ति का संकेत है, जहाँ व्यक्ति अपने मानसिक स्वास्थ्य को बचाने के लिए भावनात्मक दूरी बना लेता है।

आज के भारत की एक बड़ी समस्या संवाद की कमी है। असहमति को दुश्मनी समझ लिया गया है। जब समाज संवाद करना बंद कर देता है, तो वह धीरे-धीरे मानसिक ध्रुवीकरण की ओर बढ़ता है। अलग विचार रखने वाला व्यक्ति राष्ट्र-विरोधी, समाज-विरोधी या परंपरा-विरोधी ठहरा दिया जाता है। इससे न केवल लोकतांत्रिक चेतना कमजोर होती है, बल्कि सामाजिक विश्वास भी टूटता है।

आज के भारत में अल्पसंख्यक समुदायों के भीतर एक मनोवैज्ञानिक असुरक्षा भी देखी जा सकती है। बार-बार अपनी देशभक्ति, पहचान और निष्ठा सिद्ध करने का दबाव एक गहरे मानसिक तनाव को जन्म देता है। जब किसी समूह को लगातार संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो उसका असर उसकी सामूहिक चेतना और आत्मछवि पर पड़ता है। यह स्थिति सामाजिक सौहार्द के लिए दीर्घकालिक रूप से घातक हो सकती है।

आज के भारतीय समाज में एक सूक्ष्म लेकिन गहरी समस्या सामाजिक विश्वास के कमजोर होने की भी है। पड़ोसी पर पड़ोसी का, संस्थानों पर नागरिक का और व्यक्ति पर व्यक्ति का भरोसा धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। जब समाज में विश्वास की कमी आती है, तो लोग सहयोग के बजाय आत्म-रक्षा की मानसिकता अपनाने लगते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि हर व्यक्ति अपने दायरे में सिमटता चला जाता है और सामूहिकता का भाव कमजोर पड़ने लगता है। यह स्थिति किसी एक वर्ग या समूह तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे समाज की मानसिक सेहत को प्रभावित करने वाली चुनौती है।

हिंदुस्तान की मौजूदा सामाजिक स्थिति का समाधान केवल नीतियों या कानूनों से नहीं निकलेगा। इसके लिए सामूहिक मानसिक पुनर्निर्माण की ज़रूरत है। शिक्षा व्यवस्था में आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना, मीडिया में ज़िम्मेदारी और संतुलन लाना, राजनीति में संवाद और सहिष्णुता को महत्व देना–यही वो कदम हैं जो समाज को मनोवैज्ञानिक रूप से स्वस्थ बना सकते हैं। आज का हिंदुस्तान किसी एक विचारधारा, समुदाय या सत्ता संरचना की उपज नहीं है। यह एक ऐसे समाज की तस्वीर है जो तेज़ बदलावों, दबावों और असुरक्षाओं के बीच अपनी पहचान खोज रहा है। यदि हम इस दौर को केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि समझ, संवेदनशीलता और विवेक से पढ़ने की कोशिश करें, तो शायद सामाजिक संतुलन की दिशा में एक नई शुरुआत संभव हो सके।

# मासूम को नोच-नोचकर खूंखार कुत्तों ने मार डाला

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद देश में छिड़ी आवारा कुत्तों पर चर्चा के बीच सरकारी तंत्र पर कोई असर नहीं पड़ा है। आवारा पशुओं को आश्रय देने वाले जिम्मेदार विभागों की बेपरवाही के कारण ही जिले की डिलारी थाना क्षेत्र के काजीपुरा में मासूम बालिका मुरशद खां पर आवारा कुत्तों ने हमला बोला और उसे नोच नोचकर मार डाला। घटना से असपास के गांवों में दहशत का माहौल है और लोग बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं।

बताया जाता है कि सोमवार देर शाम घर के बाहर खेल रही नौशद की चार साल की बेटी मुरशद पर करीब आधा दर्जन आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। वग घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी। बताते हैं कि कुत्तों के खूंखार होने पर बाकी बच्चे तो भाग

■ ग्रामीणों में गुस्सा



निकले, लेकिन मासूम वहीं फंस गई। कुत्तों ने उसपर हमला किया और दांतों में दबाकर घसीटते हुए गांव के तालाब के किनारे तक ले गए। एकांत मिलने पर कुत्तों ने मासूम को बेरहमी से नोच डाला। इस दौरान मासूम जान बचाने के लिए रोती बिलखती रही।

बच्ची के शाम होने पर भी घर नहीं आने पर परिजन और ग्रामीण तलाश करते हुए तालाब के किनारे पहुंचे तो देखा कि कुत्ते उसके शरीर के हिस्सों को खा रहे थे और चारों ओर खून फैला था। मंजर इतना खौफनाक था कि देखने वालों की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों ने कुत्तों को भगाकर बच्ची को उपचार कराने के लिए चिकित्सक को दिखाया तो उसने मुरशद खा को मृत घोषित कर दिया। दर्दनाक घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। माता-पिता अपने बच्चों को घर से बाहर निकालने से डर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों का स्कूल जाना, घर के बाहर खेलना, और बाजार जाना भी खतरे में हैं। उन्हें हर कदम पर बच्चों के साथ अनहोनी का डर बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा कुत्तों के झुंड दिन-दहाड़े गलियों में घूमते हैं। उन्होंने मासूम की मौत पर आक्रोश जताते हुए कहा है कि अगर जल्द ही आवारा कुत्तों से निजात नहीं दिलाई गई, तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। यह सिर्फ एक गांव या एक परिवार का दर्द नहीं, बल्कि पूरे जिले की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बन चुका है।

# बसस्टैंड का रास्ता चौड़ा करने में बाधा बने 36 पेड़

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे स्थित अंतरराज्यीय बस स्टैंड (जयसिंहपुरा) पर बसों के आवागमन को बेहतर करने के लिए मार्ग चौड़ा किया जाना है, क्योंकि इस बस अड्डे में बसों के हाई से दोनों ओर से आने जाने में भारी असुविधा हो रही है। शासन ने पराग डेरी की 1470 वर्ग मीटर भूमि अधिग्रहण की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने भूमि पर कब्जा ले लिया है। बसों का मार्ग बनाने के लिए 36 पेड़ काटे जाएंगे। वन विभाग की कार्रवाई पूरी होने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट में फाइल लगाई है। सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मिलने पर मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो सकेगा।

श्रीकृष्ण की जन्म स्थली में हर ओर जाम से लोग परेशान हैं। भूतेश्वर स्थित रोडवेज के नए बस अड्डे से बसों की संख्या कम करने के लिए एनएच–19 पर अंतरराज्यीय बस अड्डे के निर्माण वर्ष 2022 में तैयार हुआ।

■ वन विभाग ने एनओसी दी, अब सुप्रीम कोर्ट की अनुमति का है इंतजार

17 करोड़ की लागत से पांच एकड़ भूमि में बस स्टैंड बनकर तैयार हुआ था। इसके सामने हाईवे पर ओवर ब्रिज बनने के कारण हाईवे पर दिल्ली की तरपफ से आने वाली बसों के आवागमन में परेशानी हो रही है।

दिल्ली की तरफ से आने वाली और आगरा की तरफ जाने वाली बसों को अंडरपास से निकलना पड़ता है। इस कारण सर्विस लेन से आने-जाने में दिक्कत होती है। बसों का प्रवेश बस स्टैंड में सुगम बनाने को पराग डेरी की 1470 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। 10 मीटर चौड़ा और 147 मीटर लंबा मार्ग तैयार किया जाएगा। बस स्टैंड के लिए रास्ता बनाने के लिए 4.19 करोड़ रुपया खर्च किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने भूमि पर कब्जा ले लिया है। मार्ग के निर्माण में 36 पेड़ आड़े आ रहे हैं।

# मिशन शक्ति केंद्र में दो पक्षों में सुलह कराकर विवाद निवटाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय कोतवाली में नव स्थापित मिशन शक्ति केंद्र पर दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद का सफ्लतापूर्वक आपसी समझौता कराया गया। काफी समय से दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था, जिसके चलते मामला मिशन शक्ति केंद्र तक पहुंचा। मंगलवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत अभियान प्रभारी/निरीक्षक चंद्रप्रकाश तिवारी व मुख्य महिला आरक्षी/काउंसलर शशिवाला नें आवेदिका गुड़िया देवी पत्नी रामदुलारे निवासी खुर्रम पुर्वा के प्रार्थना पत्र पर विपक्षी आशीष पुत्र दशरथ वर्मा निवासी मोहल्ला आजाद नगर को बुलाकर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों को आपसी संवाद, धैर्य और समझदारी से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित किया गया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति पर समझौते के लिए तैयार हो गए। आवेदिका का भूसा दिलवाया और समझा बुझाकर दोनों पक्षों ने आपस में समझौता किया।

# भाजपा शासन में भय, असुरक्षा, भेदभाव उत्पीड़न का साम्राज्य : राही

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा रमेश सैनी जी के नेतृत्व प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था बहुजन महापुरुषों की मूर्तियों को अपमान कर तोड़ने की श्रृंखला डॉ अंबेडकर पार्क राया कस्बा थाना राया मथुरा में विश्व विद्वान संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी की प्रतिमा को जातीय पूर्वाग्रह से प्रेरित भेदभाव उच्च नीच की मानसिकता से ग्रसित अज्ञात लोगों ने प्रतिमा को नृशंस तरीके से पहले पैरों को काटा फिर गर्दन काटी और उसे तोड़ भाग गए।

इसके खिलाफ मुकदमा संख्या 00 15/भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 में थाना राया में पंजीकृत हुआ जिसमें वंचित अज्ञात दोषी लोगों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है इसके खिलाफ अनुयाइयों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। डॉ प्रवीण भास्कर जी ने स्थानीय पुलिस की लापरवाही उक्त प्रकरण में अनदेखी की कड़े शब्दों में निंदा की साथ ही दोषी लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर

■ वंचितों की गिरफ्तारी मांग

जिलाधिकारी मथुरा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा जी के नाम नगर मजिस्ट्रेट श्री राकेश कुमार जी को खुला मांग पत्र निम्न मांगो को लेकर सौंपा। मुकदमा संख्या 0015 2026 भारतीयन्याय संहिता की धारा 298 के अज्ञात वंचितों की निष्पक्ष जांच कर तत्काल गिरफ्तारी हो।

मुकदमा दिनांक 9 जनवरी 2026 को दर्ज हुए 11 दिन हो गए दोषी लोगों की गिरफ्तारी न होने के कारण अनुयायियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है तत्काल गिरफ्तारी हो। मूर्ति स्थल की प्रकाश व्यवस्था के साथ निगरानी हेतु कैमरे की व्यवस्था तत्काल की जाए। नवीन मूर्ति का अनावरण जिलाधिकारी मथुरा अथवा उनके प्रतिनिधि अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा किया जाए। दोषी लोगों की गिरफ्तारी होने पर पुलिस टीम को अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा नगद 21000 रुपए एवं नागरिक सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

# नितिन के भाजपा का अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों में खुशी



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** नितिन नवीन के भारतीय जनता पार्टी के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत परिसर में एक-दूसरे को मिठाई खिला खुशी व्यक्त किया।

इस दौरान पूर्व जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अजय उपाध्याय ने कहा कि भाजपा एक संगठनात्मक पार्टी है, जिसमें युवाओं के लिए काम करने के बहुत अवसर हैं। नितिन नवीन के भाजपा की बागडोर संभालने से युवाओं में बहुत आकर्षण है और जेन-जी को यह लगता है कि भाजपा में युवाओं का सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है, वह देश के लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकती है।नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से भाजपा और भी मजबूत होगी। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो शैलेन्द्र सिंह आजाद ने कहा कि बाकी पार्टियों में रिटायरमेंट के आसपास राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है या पारिवारिक बुजुर्ग स्वर्ग सिधार जाए तो उसकी संतान को बनाया जाता है। देशभर में केवल भाजपा में ही प्रजातंत्र है, जिसमें चुनाव नीचे से ऊपर होते हैं। अन्य पार्टियों में ऊपर से नीचे होते हैं।

# छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम का मथुरा में शुभारंभ

**मथुरा।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय सेवा योजना व उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में चलाए जा रहे छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम 3.0 के अंतर्गत आज दिनांक 20 जनवरी को रिजर्व पुलिस लाइन, मथुरा के सभागार में आईपीएस आसन चौधरी एएसपी/ सीओ सिटी के निर्देशन में भव्य रूप से शुभारंभ किया गया। मथुरा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के 50 स्वयंसेवकों को वही के कोतवाली एवं थानों में 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस विभाग का संगठन, संचालन, नियंत्रण, पुलिस की कार्य प्रणाली, अपराध नियंत्रण, साइबर क्राइम, नशा उन्मूलन, रिपोर्टिंग, हेल्पलाइन ,भीड़ नियंत्रण, दंगा नियंत्रण, यातायात पुलिस महिला थाना एवं फायर ब्रिगेड की प्रणालीयों को सीखने के साथ-साथ पुलिस की छवि को जनता के लिए सकारात्मक बनाने के पहलुओं पर गहनता से अध्ययन करेंगे।

# अब काली पट्टी बांध शैक्षणिक कर्मचारी करेंगे अनशन आज से

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा के पीड़ित कर्मचारियों का क्रमिक अनशन लगातार भी जारी रहा । मंगलवार तक कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं होने से अब पीड़ित कर्मचारी बुधवार से काली पट्टी बांध कर अनशन पर बैठेंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक रवींद्र सिंह को वार्ता के दौरान पीड़ित कर्मचारी अक्षय भारद्वाज ने बताया कि वेतन काटने ओर वेतन वृद्धि रोकने का कोई लिखित आदेश नहीं दियाउसके बाद भी उसका वेतन काटा जा रहा है। उन्होंने वेतन काटने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। पीड़ित सेविका सुधा देवी ने बताया कि उसके जन्म तिथि प्रकरण में प्रिंसिपल की रिट याचिका खारिज हो गई है। उसका वेतन नवंबर 23 से रोका जा रहा है।

■ डीआईओएस की बिना अनुमति के ऑफिस काट रहा था कर्मचारियों का वेतन

उच्च न्यायालय की अवमानना है सेवा निवृत्त सफाई कर्मचारी राधाचरण को साढ़े तीन वर्ष से पेंशन मिल रही थी लेकिन पीड़ित राधा चरण को बिना सुने पेंशन रोक दी गई। इसी प्रकार शिक्षिका डॉ. सीमा सिंह की चाइल्ड केयर लिव ओर मेडिकल लिव की अवधि का वेतन नहीं मिला है। जिला विद्यालय निरीक्षक आज ऑफिस ही नहीं आए। जबाव देने के लिए पीड़ित कर्मचारी अक्षय भारद्वाज, सुधा देवी डीआईओएस का इंतजार करते रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत वरिष्ठ लेखाकार देवेंद्र बंसल, मुकेश सेनी, पवन तोमर, उमेश गुप्ता,राजेश वार्ष्णेय, राजवीर सिंह, विवेक शर्मा आदि अनशनकारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए पहुंचे।

# गांव अलवाई में पराली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मथुरा।** वेटरनरी विश्वविद्यालय मथुरा के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मथुरा द्वारा मंगलवार को छाता के गांव अलवाई में गांव स्तरीय पराली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग सैकड़ों किसानों ने भाग लिया । कार्यक्रम वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अभिजीत मित्रा एवं निदेशक प्रसार प्रोफेसर अतुल सक्सेना के दिशा निर्देशन में आयोजित हुआ। केंद्र के प्रभारी डॉ वाई. के. शर्मा द्वारा किसानों को पराली प्रबंधन की मशीनों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पराली को खेत में मिलाने के लिए सुपर सीडर मशीन बहुत ही उपयोगी साबित हुई है । जिससे समय से रबी फसलों की बुवाई कर सकते हैं। मृदा वैज्ञानिक डॉ रविंद्र कुमार राजपूत द्वारा किसानों को बताया की मशीन कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर दी जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जरूरत मंदो को दान देना सर्वाधिक पुण्य : अरविंद



**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** मंदिर के समीप प्रांगण पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे विधान परिषद सदस्य श्रीमती आरपीराम निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद कालपी अध्यक्ष अरविंद यादव उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने कंबल वितरण कर मौजूद गरीबों से कहा कि जो कंबल वितरण किया जा रहे हैं आपको पड़ने वाली सर्दी से बचाने का कार्य करेंगे। इन कंबलों को अपने शरीर को ढक कर पड़ने वाली सर्दी से शरीर को बचाने के लिए प्रयोग करें। प्रमुख रूप से दीपचंद सैनी अमरदीप पांडे अंकित सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि रविंद्र यादव शरद तिवारी आशीष यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### श्रीनिवास मणि त्रिपाठी बने जिला भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष



**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग के निर्देश पर देवरिया के कठिनइयां स्थित ब्लाक सभागार में जिला भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, जिसे निर्विरोध स्वीकार कर लिया गया। इसी क्रम में रुद्रपुर से उदयभान सिंह, सलेमपुर से सुमेश्वर नाथ त्रिपाठी बबुआ जी ने भी जिला भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अपना अपना नामांकन दाखिल किया जिसे निर्विरोध स्वीकार कर लिया गया। नामांकन को लेकर ब्लॉक परिसर में सुबह से ही गहमागहमी बनी रही। सहकारिता से जुड़े कई लोग और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों की मौजूदगी में सभी औपचारिकताएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी और उपस्थित समर्थकों और सहयोगियों ने तीनों नव निर्वाचित अध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं।

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू भैया बने भूमि विकास बैंक चौमुंहा के अध्यक्ष

**चौमुंहा (मथुरा) (अवधनामा संवाददाता)।** अकबरपुर के पूर्व जिला पंचायत सदस्य भूदेव प्रसाद सिंह उर्फ पप्पू भैया इस बार भूमि विकास बैंक लिमिटेड चौमुहा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। प्रबंधक कमल बंसल ने बताया कि मंगलवार को भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी। नामांकन करने का अंतिम दिवस था। जिसमें केवल अकबरपुर के पूर्व जिला पंचायत सदस्य भूदेव प्रसाद सिंह उर्फ पप्पू भैया ने ही नामांकन किया। इसलिए उनको निर्विरोध चुना गया है। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख ठाकुर पातीराम सिसोदिया, डा एन आर राजपूत, तरौली के प्रधान भरत सिंह व मूलचंद सिसोदिया, पूर्व प्रधान पूरन सिंह, नेत्रपाल सिंह, महिपाल सिंह, पूर्व प्रधान सिहाना राजपाल सिंह, पूर्व प्रधान कौंकेरा वीरेंद्र सिंह, प्रधान विक्रम सिंह ,शेर सिंह, हरवीर सिंह, भगवान सिंह, पूर्व चेयरमैन चौमुंहा पाल सिंह यादव , जगन्नाथ सिंह, भाजपा नेता बिहारी लाल उर्फ पूरन सिंह, कुलदीप सिंह, चंदन मास्टर हरकिशन सिंह, श्री चंद जय किशन, इंद्रजीत, राजू सीतो, पन्नालाल, नरेश, धन सिंह अकबरपुर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विरासत को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा सरकार संकल्पित : शिवनाथ

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** शहीदों व उनके परिजनों को उनका हक सम्मान दिलाने में पूर्ववर्ती सरकारें फिसड्डी रही। जबसे भाजपा की सरकारें केंद्र और प्रदेश में आयी है तब से सैनिकों को उनके अधिकार व सम्मान की रक्षा मजबूत हुयी है। उक्त बातें नदेसर मारूफपुर में अमर बलिदानी शहीद चन्दन राय के आठवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि पद से स्वंत्रत निदेशक भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड रक्षा मंत्रालय भारत सरकार,विधान परिषद के पूर्व सदस्य शिवनाथ यादव ने कही। कहा कि देश की संस्कृति और विरासत को संजोने सँभालने और संरक्षित करने के लिए भाजपा नीत सरकारें प्रतिबद्ध है। विशिष्ट अतिथि विधायक सुशील सिंह ने कहा कि चंदन राय की शहादत कभी भुलाया नही जा सकता है।



जिन्होंने देश के लिए अपने को कुर्बान कर दिया। भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि आयोजकों द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करना प्रशंसनीय है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विद्यालयी बच्चों व लोकगीत कलाकारों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके देश के अमर बलिदानियों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम आयोजक त्रिशक्ति सेवा फाउंडेशन की तरफ से आये हुए सभी अतिथियों, समाज सेवियों, शहीद सैनिकों के परिजनों, पूर्व व वर्तमान सैनिकों, मेधावी छात्र छात्राओं, पत्र प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही 500 जरुरत मंद लोगों को कम्बल बितरित किया गया।

इस दौरान मुख्य रुप से विजय यादव, डॉ संजय त्रिपाठी, घनश्याम पाठक, अजय सिंह रघुबंशी, प्रमुख अजय सिंह, सत्यप्रकाश राय, दुर्गेश पाण्डेय, डॉ शिव प्रकाश सिंह, सतेंद्र सिंह बब्बू, शिवम मिश्रा, विजय जायसवाल, मोहित राय, लेखपाल चन्दन यादव, रामदयाल यादव, चौकी प्रभारी अमित सिंह, अतुल सिंह, आशुतोष सिंह, प्रधान शिवकुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# बागवान समिति ने की नये बिजली घर बनाए जाने की मांग

**जालौन (उरई)।** नगर में विद्युत आपूर्ति की गंभीर समस्या को लेकर बागवान सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राइन ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर नये बिजली घर बनाए जाने की मांग की है। पत्र के माध्यम से उन्होंने अवगत कराया कि नगर में वर्तमान में संचालित बिजली घर की मशीनें अत्यधिक ओवरलोड पर चल रही हैं, जिसके चलते आए दिन फॉल्ट, ट्रिपिंग और बिजली कटौती की समस्या बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी, व्यापारिक गतिविधियों और घरेलू उपभोग में लगातार वृद्धि के कारण मौजूदा व्यवस्था नगर की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ साबित हो रही है। बार-बार बिजली बाधित होने से आम नागरिकों के साथ-साथ दुकानदारों, छोटे उद्योगों और विद्यार्थियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बागवान सेवा समिति के अध्यक्ष ने मांग की कि नगर की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शीघ्र नये बिजली घर की स्थापना की जाए।

# योजनाओं का जमीनी सत्यापन जनचौपाल में किया सीधा संवाद



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने आज विकास खण्ड रामपुरा के ग्राम बिजुआपुर एवं ग्राम बावली का स्थलीय भ्रमण कर गलियों में पैदल घूमते हुए केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर आवास, पेंशन, राशन, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत ग्राम पंचायत कंझारी में आयोजित जनचौपाल में जिलाधिकारी ने ग्राम में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन कराया तथा ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र लाभार्थी को योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए। खेल मैदान व तालाब सौंदर्यीकरण के निर्देश। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि ग्राम में खेल मैदान उपलब्ध नहीं है।

# मानसिक मंदित बच्चों को जंजीरों में रखते परिजन

## राज्यपाल से शिकायत पर तत्काल कार्रवाई का निर्देश

हिमांशु राय/अवधनामा

**गाजीपुर।** कई गांवों में बच्चों के मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग होने से प्रशासन और समाज दोनों को झकझोर कर रख दिया है। जानकारी के अनुसार मनिहारी, सदर और देवकली ब्लॉक के करीब 15 से 20 गांवों में दर्जनों बच्चे इस गंभीर समस्या से पीड़ित पाए गए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ये सभी बच्चे जन्म के समय पूरी तरह स्वस्थ थे। लेकिन जन्म के कुछ महीनों बाद तेज बुखार आने के बाद वह दिव्यांग हो गए।

मीडिया से प्रसारित खबर के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया है। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने प्राथमिक जांच के आधार पर वायरल फीवर और प्रेग्नेंसी कॉम्प्लिकेशन की आशंका जताई है। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) और दिव्यांग कल्याण अधिकारी को पूरे प्रकरण की गहन जांच कर पीड़ित बच्चों



■ जिला प्रशासन जांच प्रक्रिया की तेज

के समुचित इलाज एवं सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

बताया जा रहा है फतेहुल्लापुर, हरिहरपुर, पठानपुर, हाला, शिकारपुर, धरी कला, अगस्ता , भोरहा, भिक्केपुर, तारडीह, गोला और रठूली आदि गांव में हर गांव में लगभग 8 से 10 बच्चे मानसिक व शारीरिक रूप से अक्षम हैं। परिजनों का कहना है कि बच्चे चार से छह महीने की उम्र तक सामान्य रहते हैं। लेकिन अचानक तेज बुखार के बाद उनकी हालत बदल जाती है और बुखार ठीक होने के बाद बच्चे न तो ठीक से बोल पाते हैं और न ही चल-फिर पाते हैं । वहीं इलाज का अभाव आर्थिक तंगी और सरकारी सहायता न मिलने के कारण भी परिजन बेहद परेशान हैं। अब हालात इतने भयावह हैं कि कुछ परिवारों को मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चों को रस्सी या जंजीरों से बांधकर रखने को मजबूर होना पड़ रहा है। एक पीड़ित परिजन ने बताया कि हमारा बच्चा पैदा होते समय बिल्कुल ठीक था। फिर उसे चार महीने बाद बुखार आया। उसके बाद से बच्चा कुछ समझ नहीं पा रहा। अब इलाज के लिए पैसे भी नहीं हैं बहुत परेशानी है। इस गंभीर मानवीय संकट को देखते हुए जिले के सामाजिक कार्यकर्ता सिद्धार्थ राय ने पूरे मामले को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के संज्ञान में लाया। राज्यपाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। राज्यपाल के विशेष कार्य अधिकारी एवं अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम. बोबडे ने जिलाधिकारी गाजीपुर को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने और विस्तृत रिपोर्ट सचिवालय भेजने के निर्देश दिए हैं । सामाजिक कार्यकर्ता सिद्धार्थ राय ने कहा कि यह सिर्फ स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि मानवता का मुद्दा है। एक साथ इतने बच्चों का दिव्यांग होना बेहद चिंताजनक है। इसकी गहराई से वैज्ञानिक जांच होनी चाहिए। पीड़ित बच्चों को तत्काल बेहतर इलाज व पुनर्वास की सुविधा मिलनी चाहिए ।मामला राज्यपाल के संज्ञान में आते ही जिला प्रशासन ने जांच प्रक्रिया तेज कर दी है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि पूरे प्रकरण को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# जनगणना कार्य की तैयारियाँ प्रगति पर, अधिकारियों को निर्देश

**उरई (जालौन)।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला जनगणना अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना कार्य की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मास्टर ट्रेनर, फील्ड ट्रेनर, प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति व प्रशिक्षण, जनगणना ऐप/पोर्टल की स्थिति, प्रपत्रों की उपलब्धता, जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार सहित सभी आवश्यक तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष बचे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति तत्काल पूर्ण की जाए तथा सभी का प्रशिक्षण निर्धारित मॉड्यूल के अनुसार समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना ऐप/पोर्टल के संचालन, लॉगिन आईडी, उपकरणों एवं प्रपत्रों की उपलब्धता में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा नहीं होनी चाहिए।

# यूपी दिवस व नेताजी जयंती पर ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारी

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** उत्तर प्रदेश दिवस व नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती 23 जनवरी के अवसर पर होने वाली ब्लैक आउट मॉक ड्रिल को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि.एवं रा.) राजेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित नागरिक सुरक्षा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक योगेश कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि ब्लैक आउट मॉक ड्रिल 23 जनवरी को अपराह्न 06 बजे पीडीडीयू नगर अंतर्गत मानसनगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित होगी। मार्क-ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी के रूप में 2 मिनट तक ऊंची -नीची आवाज के सायरन बजाये जायेंगे।



सायरन बजते ही समस्त क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित कर पूर्णतया ब्लैक आउट कर दिया जायेगा। नागरिकों को जमीन पर लेट कर सुरक्षित शरण लेने का अभ्यास कराया जाएगा। हवाई हमला समाप्त होने की सूचना के लिए ऑल क्लियर संकेत के तहत दो मिनट तक ऊंची आवाज में सायरन बजाया जाएगा। हवाई हमले के पश्चात नागरिक सुरक्षा एवं आपदा मित्र के स्वयंसेवकों द्वारा छोटी आग पर नियंत्रण हेतु फायर एक्सटिंग्विशर के प्रयोग का प्रदर्शन होगा वहीं अग्निशमन विभाग द्वारा बड़ी आग पर नियंत्रण हेतु फायर टेंडर का उपयोग किया जायेगा। घायलों के प्राथमिक उपचार हेतु स्टेचर एवं फर्स्ट एड किट एवं बैंडेज के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा दी जायेगी तथा एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजने के साथ ही हवाई हमले के समय ध्वस्त हुए भवन में से घायलों को निकाल कर राहत एवं बचाव द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि मॉक ड्रिल के दौरान स्थानीय थाना स्तर पर ट्रैफिक प्रबंधन, कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल एवं संचार उपकरण की व्यवस्था की जायेगी। थानों पर लगे विद्युत सायरन भी सायं 06 बजे ऊंची नीची आवाज में 2 मिनट ध्वनित किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट एंबुलेंस प्राथमिक चिकित्सा केंद्र की व्यवस्था की जाएगी।

# मण्डल में प्रथम स्थान पाकर कृष्णा ने जिले का नाम रोशन किया

■ प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में कृष्णा गायन के क्षेत्र में अपना जलवा बिखेरेगा

अवधनामा संवाददताता



**कन्नौज।** सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा हमारी संस्कृति हमारी पहचान विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में कन्नौज शहर के प्रसिद्ध लोक कलाकार आल्हा सम्राट ठाकुर संग्राम सिंह के पुत्र ठाकुर कृष्णा सिंह ने कानपुर मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है और अब लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में कृष्णा गायन के क्षेत्र में अपना जलवा बिखेरेगा। ज्ञात हो कि पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग की ओर से हमारी संस्कृति हमारी पहचान विषय पर समूचे उत्तर प्रदेश में गायन, वादन, शास्त्रीय नृत्य, उपशास्त्रीय नृत्य, जनजातीय वाद्ययंत्र, काव्यपाठ, लोकनाट्य, लोकनृत्य व सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें आल्हा गायन में ठाकुर कृष्णा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था वहीं अब मण्डल स्तर पर भी कृष्णा सिंह ने आल्हा गायन के प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद की ओर से कृष्णा सिंह को प्रशस्ति पत्र व विद्या गायन शील्ड प्रदत्त कर सम्मानित किया गया। आल्हा सम्राट संग्राम सिंह ने बताया कि अब लखनऊ में 23 जनवरी को मंडलीय विजेता प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश पर्व में प्रतिभाग हेतु पूर्वाभ्यास करवाया जाएगा फिर अंतिम चयनित प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां 24 से 26 जनवरी के मध्य लखनऊ में होंगी।

# कायस्थ पाठशाला की जीत में अभिषेक का अर्धशतक

अवधनामा संवाददताता



**प्रयागराज।** कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब ने चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित कुलभास्कर कप क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में श्री सहायक क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक हासिल किए हैं। इस जीत में अभिषेक यादव के शानदार ( 73 रन, 99 गेंद, नौ चौके ) की पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। मंगलवार को केपी कॉलेज मैदान पर लीग मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्री सहायक क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 31.2 ओवर में 144 रन ( वेदांत पांडेय 26, पार्थ वर्धन सहायक 24, सुमित अग्रवाल 23, हृदय पांडेय 17 रन, आशुतोष पांडेय 3/14, आदित्य पाठक 2/36, अविरल मिश्रा 2/40, आदर्श पांडेय 1/19, मो. अली 1/31 ) पर सिमट गई। जवाब में कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब की टीम ने 29.1 ओवर में दो विकेट खोकर 147 रन ( अभिषेक यादव 73, फरहान आंसरी 39, अंशुमान शुक्ला 28, अविजित रन, अमृतज्ञ गिरी 1/24, सुमित अग्रवाल 1/31 ) पर बना लिए। मैच में अखिलेश त्रिपाठी व सुधीर सोनकर ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

प्रतियोगिता में बुधवार को चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब व प्रयाग क्रिकेट क्लब के बीच सुबह साढ़े नौ बजे से खेला जाएगा।

# अशोक वर्मा सहकारी ग्राम विकास बैंक के निर्विरोध प्रतिनिधि बनें

■ पूर्व राज्यमंत्री एवं पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि सहित भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

अवधनामा संवाददताता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड शाखा के प्रतिनिधि पद पर अशोक वर्मा के निर्विरोध चयन से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अशोक वर्मा के निर्विरोध प्रतिनिधि चुने जाने पर पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय सहित पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता सहित भाजपा नेताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय ने कहा कि अशोक वर्मा एक कर्मठ, ईमानदार एवं जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्ति हैं। उनके प्रतिनिधि बनने से सहकारी बैंक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के किसानों, जरूरतमंदों एवं आम जनमानस को लाभ मिलेगा। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह पुच्ची ठाकुर, क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने विश्वास जताया कि अशोक वर्मा अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे और सहकारी बैंक को और अधिक मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। वहीं, अशोक वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका वह पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे और बैंक की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

# दो दिन में सामग्री हटानें पर होगी जब्ती व जुर्माना की कार्रवाई: ईओ



अवधनामा संवाददताता

■ पालिका नें सडक किनारें पडी विध्वंस सामग्री हटाने का आठ लोगों को नोटिस दिया

गुरसहायगंज, कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में गठित जिला पर्यावरण समिति की इस माह आयोजित बैठक में निर्देशित किया गया कि सड़क एवं फुटपाथ के किनारे किसी भी प्रकार का निर्माण अथवा विध्वंस सामग्री का संग्रह पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद द्वारा जोनल सफाई प्रभारियों के माध्यम से नगर क्षेत्र में सर्वेक्षण कराया गया।

मंगलवार को सर्वेक्षण के दौरान नगर के आठ व्यक्तियों द्वारा सड़क किनारे अवैध रूप से निर्माण एवं विध्वंस सामग्री एकत्रित किए जाने का मामला संज्ञान में आया। इस संबंध में नगर पालिका स्तर से संबंधित व्यक्तियों को दो दिवस के भीतर स्वयं सामग्री हटाकर अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु चेतावनी जारी की गई है। निर्धारित अवधि में अनुपालन न होने की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सामग्री जब्ती एवं पचास हजार रुपये तक का जुर्माना आरोपित किए जाने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। नगर पालिका परिषद अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि नगर की स्वच्छता, यातायात सुगमता एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत सड़क एवं फुटपाथ को अतिक्रमण एवं अवरोध से मुक्त रखने में सहयोग करें।

## टाटा मोटर्स ने अगली पीढ़ी के 17 ट्रक किए लॉन्च

**प्रयागराज।** भारतीय ट्रकिंग के परिदृश्य को बदलने वाले एक ऐतिहासिक कदम में, टाटा मोटर्स, भारत का सबसे बड़ा वाणिज्यिक वाहन निर्माता और मोबिलिटी समाधान प्रदाता, ने आज 7 से 55 टन तक की क्षमता वाले 17 ट्रकों का अपना अगली पीढ़ी का पोर्टफोलियो लॉन्च किया, जो सुरक्षा, लाभ और प्रगति में नए मानक स्थापित करता है। यह व्यापक लॉन्च नई अजुरा सीरीज, अत्याधुनिक टाटा ट्रक्स ईवी रेंज और मशहूर प्राइमा, सिग्ना तथा अल्ट्रा प्लेटफॉर्म्स में महत्वपूर्ण अपग्रेड पेश करता है। ये ट्रक दुनिया के कड़े सुरक्षा नियमों (ईसीसी आर 29 03) के हिसाब से बने हैं और इनका मकसद ट्रांसपोर्टर्स की बचत बढ़ाना, रखरखाव का खर्चा कम करना और काम को आसान बनाना है।

नए ट्रकों को लॉन्च करते हुए गिरीश वाघ, एमडी एवं सीईओ, टाटा मोटर्स लिमिटेड ने कहा कि भारत में ट्रकिंग का क्षेत्र सरकारी नीतियों, बेहतर सड़कों और सुरक्षित व साफ-सुथरे ट्रांसपोर्ट की मांग के कारण तेजी से बदल रहा है। टाटा मोटर्स ने हमेशा से इस बदलाव में आगे रहकर नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं जोकि इंडस्ट्री के भविष्य को आकार देते हैं।

# मेरठ विकास प्राधिकरण वीसी संजय मीणा अवैध निर्माणों पर मौन

■ अवैध निर्माणकर्ताओं एवं कर्मचारी तथा अधिकारियों की मौज, भर रहे अपनी जेब

अवधनामा संवाददताता



**मेरठ।** विकास प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत कर जोन ए 3 मे फ़तेहुल्लापुर रोड पर डेढ़ दर्जन से अधिक कमर्शियल अवैध निर्माण और अभियंता एवं राजेंद्र कुमार मेट के संरक्षण में चलाए जा रहे हैं कांच का पुल मदरसे के सामने 300 गज में अवैध फैक्ट्री का निर्माण गली नंबर 13 के सामने अवैध मार्केट का निर्माण इसी रोड पर गली नंबर 27 के कॉर्नर पर अवैध कॉम्प्लेक्स का निर्माण मंगल वाले 60 फूट पर अवैध कमर्शियल निर्माण हफ्ते वाले 60 फूट पर अवैध कमर्शियल निर्माण जामिया रेजिडेंसी गेट नंबर 3 के सामने नाजिम की अवैध फैक्ट्री करीब 500 वर्ग गज में बनकर तैयार हो रही है जामिया रेजिडेंसी के सामने गेट नंबर 1 के सामने अवैध फैक्ट्री का निर्माण इसी के बराबर में अंदर गली में 30 फुटा रोड पर अवैध फैक्ट्री करीब 400 गज में लेंटर डालने की तैयारी 100 फुटा रोड पर आमिर की 300 वर्ग गज में अवैध फैक्ट्री का निर्माण श्याम नगर रोड पिलोखरी पुल के 400 गज में अवैध परिसर का निर्माण श्याम नगर रोड पर डीके फैक्ट्री में अवैध दुकानों का निर्माण फ़तेहुल्लापुर रोड गली नंबर 24 के सामने अवैध कॉम्लेक्स का निर्माण शादी महल वाले रोड पर 300वर्ग गज अवैध फैक्ट्री का निर्माण पास चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी मिली है कि इन सभी अवैध फैक्ट्री एवं अवैध कंपलेक्स अवैध दुकानो का निर्माण राजेंद्र कुमार मेट के द्वाराअधिकारीयो को मोटा पैसा देकर कराया जा रहा है अवैध निर्माण कर्ताओं द्वारा बताया गया है कि अवर अभियंता को पैसा दे दिया गया है जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग हमारे संवाददाता के पास मौजूद है जिसकी जांच होना जरूरी है की किस तरह से मेरठ विकास प्राधिकरण को लगाया लाखों रुपए का चूना और विकास प्राधिकरण के ऊपर के अधिकारियों को किस तरह गुमराह किया जा रहा है तथा गुमराह कर अवैध फैक्ट्रीयो कॉम्प्लेक्स मार्केट का निर्माण कराया गया है यदि मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इस निर्माण की स्वम जांच करे तो लाखों रुपए की राजस्व की प्राप्ती हो सकती है तथा विभाग नुकसान पहुंचाने वाले अधिकारी कर्मचारी जा सकते हैं जेल तथा एक गुप्त जांच कराकर सभी अवैध निर्माण एवं फैक्ट्री को ध्वस्त करते हुए अधिकारी कर्मचारियों पर भी कार्रवाई होने की मांग की जा रही है।

## पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी की मृत्यु पर जताया शोक



**मेरठ (अवधनामा संवाददाता)** गुरु तेग बहादुर स्कूल क्रिकेट एकड़ेमी के मैदान पर मंगलवार को पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी और द्रोण क्रिकेट एकड़ेमी के अध्यक्ष अंकित त्यागी की कार दुर्घटना में मृत्यु के कारण क्रिकेटरों ने शोक जताया। क्रिकेट कोच अतहर अली ने बताया कि अंकित त्यागी एक होनहार क्रिकेटर थे। उन्होंने मेरठ की तरफ से कई प्रतियोगिताओं में मेरठ का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा विभिन्न ट्रायल्स में कानपुर में भाग लिया। उन्होंने बताया कि अंकित त्यागी की आकस्मिक मृत्यु के कारण आईटीआई क्रिकेट एकड़ेमी, गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकड़ेमी, ऋषभ क्रिकेट एकड़ेमी और द्रोण क्रिकेट एकड़ेमी में 2 मिनट का मौन रख कर प्रशिक्षण बंद कर दिया गया। इस अवसर पर समाजसेवी रजनीश कौशल, अरमान अंसारी, आलोक सिसोदिया, नासिर सैफी, आसिफ, दिलशाद चौहान आदि मौजूद रहे।

## विचाराधीन बंदी की मृत्यु की मजिस्ट्रेटियल जाँच

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** सचिव एवं एडीजे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज ने बताया है कि जांच अधिकारी एवं विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्टू ने सूचित किया है कि विचाराधीन बंदी अशोक उर्फ दरोगा पुत्र अमरनाथ, उम्र लगभग 45 वर्ष, निवासी-काली महाल चतुर्भज पुर थाना- मुगलसराय, जिला-चन्दौली, उ0प्र0 की 24.04.2023 को रात्रि 08.47 बजे स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय, प्रयागराज में हुई मृत्यु की जाँच सं0- 01/2023 की पत्रावली विचारण हेतु लम्बित है। जिसके सम्बन्ध में यदि, कोई भी बयान देना चाहता है तो वह जांच न्यायालय/न्यायालय विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रयागराज में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य/बयान दिनांक 30.01. 2026 से पूर्व तक दे सकता है।

# सुभारती विवि में राष्ट्रभक्ति और विवेकानंद विचारों पर केंद्रित शैक्षणिक गतिविधियाँ

अवधनामा संवाददताता

**मेरठ।**स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा वंदे मातरम् विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना तथा रचनात्मक लेखन कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा संकायाध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए राष्ट्रभक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस प्रतियोगिता में भाषा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत निबंधों की प्रशंसा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कशिश जेपीएससीपी कॉलेज, द्वितीय स्थान प्राची शारीरिक शिक्षा विभाग, तृतीय स्थान विपश्यना आनंद नर्सिंग कॉलेज, चतुर्थ स्थान विशाखा नर्सिंग कॉलेज तथा पंचम स्थान प्राची नर्सिंग कॉलेज। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. दीपक राघव, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. अंकित सिंह जादौन, डॉ. निशांत, शुभम राठी एवं मोहद. सरताज़ सहित विभाग के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।



इसी क्रम में, स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों को केंद्र में रखकर स्थापित स्वामी विवेकानंद शोध पीठ के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं वैचारिक पहल देखने को मिली, जब दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर (डॉ.) एम. मधुसूदन ने स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ स्थित स्वामी विवेकानंद शोध पीठ के कार्यालय एवं पुस्तकालय का दौरा किया। यह दौरा अकादमिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा तथा स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचारों को युवाओं और समाज तक पहुँचाने के प्रयासों को नई गति देने वाला सिद्ध हुआ। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद शोध पीठ की प्रोफेसर एवं संयोजिका प्रो. (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा ने प्रो. (डॉ.) एम. मधुसूदन का स्वागत किया तथा शोध पीठ की एकेडमिक गतिविधियों, उद्देश्यों और रिसर्च प्रोग्राम्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शोध पीठ का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों को आज की शिक्षा, समाज और युवा शोध से जोड़ते हुए इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज को बढ़ावा देना है। शोध पीठ नैतिक शिक्षा, सांस्कृतिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर गंभीर अकादमिक कार्य कर रही है। अपने दौरे के दौरान प्रो. (डॉ.) एम. मधुसूदन ने शोध पीठ के पुस्तकालय का गहन अवलोकन किया और वहां संकलित उन पुस्तकों की विशेष सराहना की, जो स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन, राष्ट्रीय चेतना, आध्यात्मिकता, मानवतावाद तथा युवाओं के चरित्र निर्माण से संबंधित हैं। साथ ही उन्होंने व्यक्तित्व विकास एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित अन्य प्रेरणादायी पुस्तकों की गुणवत्ता और विषयवस्तु की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे ग्रंथ न केवल अकादमिक शोध के लिए उपयोगी हैं, बल्कि विद्यार्थियों और शोधार्थियों को जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा भी देते हैं। प्रो. (डॉ.) एम. मधुसूदन ने यह सुझाव भी दिया कि स्वामी विवेकानंद के विचारों और शिक्षाओं से संबंधित पुस्तकों को उपहार स्वरूप भेंट करने की परंपरा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# महिलाओं ने चाइनीज मांझे के विरोध में जागरूकता अभियान चलाया

अवधनामा संवाददाता



**मेरठ।** मेरठ में महिलाओं ने पतंग महोत्सव के साथ ही चाइनीज मांझे के विरोध में जागरूकता अभियान भी चलाया। शीश का दानी समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सूरजकुंड पार्क पर पतंग महोत्सव के साथ-साथ चाइनीज मांझे के विरोध में जागरूकता जाग अभियान भी चलाया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल के साथ उनके सभी पदाधिकारीयों ने चाईनीज मांझे के दुष्परिणामों को बताते हुए बच्चों और बड़ों को जागरूक किया। सरकार और प्रशासन से जल्द से जल्द सख्त कानून बनाकर इसके पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की। बच्चों को पतंगों पर जागरूकता के संदेश लिखते हुए बड़ी संख्या में पतंगों और सफेद सूती धागों (सद्दी) का वितरण किया गया। बच्चे पतंग और धागा प्राप्त करके बहुत प्रसन्न हुए और संकल्प लिया कि चाइनीस मांझे का प्रयोग नहीं करेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल ने बताया कि लोग अपने मजे को दूसरों की सजा बना देते हैं चाईनीज माझे के असंख्य पशु पक्षी और लोग अपनी जान गवा रहे हैं और घायल हो रहे हैं इसके विरोध में जागरूकता अभियान लगातार चलता रहेगा जिसमें विभिन्न पदाधिकारी सार्वजनिक और अलग-अलग स्थानों में लोगो को शिक्षिकाएं स्कूलों में बच्चों को जागरूक करेंगी। महिलाओं ने खुद भी पतंग उड़ा कर आनन्द लिया। अंताक्षरी भी खेली और विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। इस दौरान राधा सिंघल, शेली शर्मा, दिशा जग्गी, पायल गुप्ता, अनीता गुप्ता, डॉ रश्मि बंसल, मीना गुप्ता, अनुराधा गर्ग, कविता गोयल, विमला गुप्ता, ऋषि शर्मा, स्वर्णिमा, पुलकित गोयल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# सड़क सुरक्षा माह में आयोजित लघु नाटक ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध





अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत दिनांक 19 जनवरी 2026 को एक प्रभावशाली लघु नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की पहल पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समन्वय एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा द्वारा किया गया। इस आयोजन के संयोजक डॉ. मूसी रज़ा एवं आफरीन फातिमा रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को पटकथा लेखन से लेकर मंचीय प्रस्तुति तक निरंतर प्रेरित, मार्गदर्शित एवं पर्यवेक्षित किया। उनके कुशल मार्गदर्शन से छात्रों ने सामाजिक संदेशों को प्रभावी नाट्य रूप में प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक हास्य से भरपूर होने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा जैसे गंभीर विषय पर प्रेरणादायी संदेश देने में पूर्णतः सफल रहे। मनोरंजन और सामाजिक चेतना का यह समन्वय दर्शकों को अत्यंत प्रभावित करने वाला रहा, जिससे निर्णायकों के लिए विजेताओं का चयन करना कठिन हो गया। कार्यक्रम का मूल्यांकन प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल–डॉ. ज़फरून नक़ी, डॉ. मुनव्वर हुसैन एवं डॉ. रज़ा हैदर–द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की रचनात्मकता, प्रस्तुति कौशल और विषय की स्पष्टता की सराहना की। प्रथम स्थान टीम 2 ने प्राप्त किया, जिसमें जशंदीप (बी.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर), वंश (बी.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर), वंशिका (बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर), समीक्षा (बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर) तथा जया (बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर) शामिल थे। द्वितीय स्थान टीम 3 को मिला, जिसमें आयुष (एम.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर), दिपांशु (एम.कॉम द्वितीय सेमेस्टर), रितिका (एम.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर), फ़ैज़ (बी.ए. फ्रेंच षष्ठ सेमेस्टर) तथा अशफ़ाक करीम (बी.ए. फ्रेंच चतुर्थ सेमेस्टर) शामिल थे। तृतीय स्थान प्रतिभाशाली छात्राओं की टीम ने प्राप्त किया, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट अभिनय और समर्पण से दर्शकों को प्रभावित किया। इस टीम में शरा (बी.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर), अक्सा (बी.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर), अदीबा (बी.कॉम षष्ठ सेमेस्टर) तथा इकरा (बी.कॉम षष्ठ सेमेस्टर) शामिल थीं। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों की सराहना एवं उत्साहवर्धन के साथ हुआ। इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि युवा शक्ति रचनात्मक माध्यमों के द्वारा सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर जन-जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभा सकती है।

## देवरिया में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नई पहचान बनता चन्द्रबली राय महाविद्यालय

**देवरिया।** जिले के शिक्षा जगत में चन्द्रबली राय महाविद्यालय, बघड़ा महुआरी इन दिनों तेजी से अपनी अलग पहचान बना चुका है। बेहतर शैक्षणिक माहौल, अनुशासित व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के चलते यह महाविद्यालय न केवल देवरिया बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी शिक्षा के लिए मशहूर हो गया है। यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रुचि लेते हुए निरंतर सफलता की ओर अग्रसर हैं और महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से जब इस संबंध में बातचीत की गई तो उन्होंने एक स्वर में कहा कि चन्द्रबली राय महाविद्यालय देवरिया जिले के उन संस्थानों में शामिल है, जहां से उन्हें बेहतर और व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त होती है। छात्रों का कहना है कि यहां का शैक्षणिक वातावरण उन्हें लक्ष्य तय करने और उसे हासिल करने की प्रेरणा देता है। महाविद्यालय से जो भी छात्र क्वालीफाई होकर बाहर निकलता है, वह अपने जीवन में आगे क्या करना है, इसका स्पष्ट लक्ष्य लेकर निकलता है और उसे सफलतापूर्वक प्राप्त भी करता है। छात्र-छात्राओं के अनुसार, महाविद्यालय में शिक्षकों द्वारा विषयों को सरल और प्रभावी ढंग से पढ़ाया जाता है, जिससे पढ़ाई बोझ नहीं बल्कि रुचिकर बन जाती है।

# बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसायटी द्वारा संचालित एस.एफ. स्ट्रीट स्कूल, मथुरा की चारों शाखाओं में अध्ययनरत लगभग 500 बच्चों को कड़ाके की सर्दी से बचाव हेतु संस्था की ओर से उच्च गुणवत्ता वाले गर्म कपड़े एवं दो जोड़ी गर्म सॉक्स वितरित किए गए। संस्था द्वारा इस शीतकालीन मौसम में बच्चों को अब तक चार बार गर्म सॉक्स एवं कैप वितरित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष शिखा अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में चल रही कड़ाके की सर्दी को ध्यान में रखते हुए यह सेवा कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि एस.एफ. स्ट्रीट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षा संस्था की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी कारण इस बार सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि बच्चों को ठंड से वास्तविक राहत मिल सके। वहीं मौके पर मौजूद संस्था के संस्थापक पियूष बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था पिछले दो सप्ताह से लगातार मथुरा एवं वृंदावन क्षेत्र में रात्रिकालीन सेवा अभियान चला रही है। इस अभियान के अंतर्गत सड़क, फुटपाथ एवं खुले स्थानों पर जीवन यापन करने वाले 180 से अधिक जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस सेवा अभियान का समापन मानसटीला मंदिर परिसर में 52 जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरण कर किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में महिलाएँ उपस्थित रहीं। संस्था की वरिष्ठ सदस्य अंकिता शर्मा ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एस.एफ. हेल्पिंग हैंड्स सोसायटी सदैव जरूरतमंदों की पीड़ा को समझते हुए उनके समाधान के लिए तत्पर रहती है। सर्दी के मौसम में बच्चों, महिलाओं एवं बेसहारा लोगों के लिए किया गया यह प्रयास मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस सेवा अभियान में सद्भावना ब्लड बैंक के संस्थापक श्री संजीव कुमार का भी विशेष सहयोग रहा। उन्होंने संस्था के सभी सेवा कार्यों की सराहना करते हुए हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया। साथ ही नेहा मित्तल, शालिनी , सोनिया शर्मा एवं अलका, रमेश।गौड़ ,निखिल ,सहित अनेक समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके सहयोग से यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

## 37वाँ उर्से रौशन अली शाह 20अ0 21 जनवरी को

**प्रयागराज।** वारसी कमेटी रजि0 उ0प्र0 सरकार की सालाना विशेष बैठक वारसी कमेटी कार्यालय में कमेटी के अध्यक्ष हजरत मौलाना मोहम्मद आरिफ वारसी (मुतवल्ली) की अध्यक्षता में की गयी। इस बैठक का खिताब करते हुए अध्यक्ष हजरत मौलाना मोहम्मद आरिफ वारसी (मुतवल्ली) ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी अजीमुश्शान तरीके से हजरत बाबा सै0 रौशन अली शाह 20अ0 व हजरत सै0 मस्तान अली शाह 20अ0 व हजरत सै0 गुलाम कादिर अली शाह 20अ0 व हजरत सै0 गुलाम मोईनउद्दीन अली शाह 20अ0 का 37वां सालाना उर्स 21 जनवरी को मनाया जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा यह आले रसूल है, यह नवासे रसूल है, यह औलादे अली है, यह फात्मुज्जहरा के नूरेनजर है, यह इमामे हसन इमामे हुसैन के लख्ते जिगर है, इनका घराना पंजतनी है इसलिए इनके दर से सदका पंजतन पाक बंटता है। इस उर्स में हर मजहब के लोग शिरकत करते हैं जिसमें अनेक सूफी सन्त व देवा शरीफ के एहरामपोश काफी तादाद में अध्यक्ष के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ जनता भी शिरकत कर रही है। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जश्न-ए-रौशन अली का जुलूस चादर निकाली जा रही है यह जुलूस रात्रि 8 बजे दरगाह रौशन अली से कोतवाली, घंटाघर चौराहे से सब्जी मण्डी, गढ़ी सराय, नखास कोहना चौराहा, थाना शाहगंज से वापसी दरगाह पर जुलूस आकर चादरपोशी का कार्यक्रम होगा।

# 10 साल के प्यार के बाद की शादी, तलाक तक पहुंची थी बात, क्यों चर्चा में हैं साइना



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने पेशेवर करियर को अलविदा कह दिया है। साइना ने लंबे समय कर भारत का प्रतिनिधित्व किया और उपलब्धियां अपने नाम की। साइना और पारुपल्ली कश्यप की लव स्टोरी भी उनके करियर की तरह उतार-चढ़ाव भरी रही है। आइए जानते हैं दोनों किस तरह एक दूसरे से मिले और उनका प्यार कैसे परवान चढ़ा... भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल एक बार फिर चर्चा में हैं। ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन से सोमवार को संन्यास का एलान कर दिया था। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता साइना ने आखिरी बार 2023 में सिंगापुर ओपन में प्रतिस्पर्धी मैच खेला था, लेकिन उस समय उन्होंने औपचारिक रूप से संन्यास की घोषणा नहीं की थी। हालांकि, उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 2017 में विश्व चैंपियनशिप का कांस्य पदक और 2018 में कॉमनवेल्थ गेम्स का स्वर्ण पदक जीता, लेकिन घुटने की समस्या बार-बार उनके रास्ते में आती रही।

2024 में साइना ने खुलासा किया था कि उन्हें घुटनों में आर्थराइटिस है और कार्टिलेज पूरी तरह घिस चुकी है, जिससे शीर्ष स्तर पर खेलना लगभग असंभव हो गया है। साइना ने संन्यास का एलान करते वक्त कहा था कि अब उनका शरीर एलीट स्तर के खेल की शारीरिक मांगों को सहन करने की स्थिति में नहीं है। साइना अब एक बार फिर चर्चा में हैं क्योंकि भारत की ये स्टार खिलाड़ी अब भारत का प्रतिनिधित्व करती नजर नहीं आएंगी। साइना के करियर की तरह उनकी लव स्टोरी भी काफी रोमांचक है। साइना ने पारुपल्ली कश्यप के साथ शादी की थी, लेकिन एक समय दोनों ने अलग होने का फैसला भी कर लिया था। लेकिन कुछ समय बाद ही साइना और कश्यप ने अपने रिश्ते को एक और मौका देने का फैसला किया था। अब साइना अपने प्रतिस्पर्धी करियर पर विराम लगा चुकी हैं तो आइए जानते हैं साइना और कश्यप की लव स्टोरी के बारे में...

साइना का करियर ग्राफ अचानक से ऊपर उठा। उन्होंने एक के बाद एक, कई टूर्नामेंट्स जीते। साइना ने 2010 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीता और सुर्खियों में आईं। इसके बाद 2012 में लंदन ओलंपिक में साइना ने कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया।

# टूर्नामेंट से नाम वापस लेंगे कैस्पर रूड, ऐसा करने वाली 28 साल में पहली इंडोनेशियाई बनीं जैनिस

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियन ओपन के एक ही दिन विश्व टेनिस ने तीन अनोखे पल देखे। इंडोनेशिया की जैनिस त्जेन ने इतिहास रचते हुए 28 साल बाद जीत दर्ज की, यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा ओलिन्यकोवा हार के बावजूद अपने सैनिक पिता को गर्व महसूस कराने के लिए मुस्कुराती रहीं, जबकि नॉर्वे के कैस्पर रूड अपने तीसरे राउंड में पहुंचने के बावजूद हर पल घर से आने वाली डिलीवरी कॉल का इंतजार करते दिखे।



इंडोनेशिया की युवा टेनिस खिलाड़ी जैनिस त्जेन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में मंगलवार को एक ऐसा उपलब्धि हासिल किया, जिसका इंतज़ार 1998 से था। त्जेन ने कनाडा की 22वीं वरीयता प्राप्त लेला फर्नांडीज को सीधे सेटों में 6-2, 7-6(7/1) से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। 23 वर्षीय त्जेन इस जीत के साथ 28 साल बाद पहली इंडोनेशियाई खिलाड़ी बन गईं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में मुख्य ड्रॉ मैच जीता। इससे पहले यह उपलब्धि यायुक बासुकी ने 1998 में हासिल की थी। दूसरी ओर, यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा ओलिन्यकोवा ने भले ही डिफेंडिंग चैंपियन मैडिसन कीज़ से 7-6(8/6), 6-1 से हार झेली, लेकिन उनका साहस पूरे एरेना को भावुक कर गया। 25 वर्षीय ओलिन्यकोवा ने कहा, यह मेरे करियर का सबसे अच्छा अनुभव है। इसे मैं जिंदगी भर याद रखूंगी। ओलिन्यकोवा ने यूएस ओपन से पहले अपनी ट्रेनिंग कीव में ही जारी रखी, जबकि शहर लगातार मिसाइल और ड्रोन हमलों की चपेट में रहा। उन्होंने साझा किया, एक विस्फोट मेरे घर के पास हुआ। ड्रोन मेरे सामने वाली बिल्डिंग से टकराया। मेरा अपार्टमेंट धमाके से हिल रहा था। उनके पिता यूक्रेनी सेना में तैनात हैं। हार के बाद भी वह मुस्कुराती रहीं और बोलीं, पता है कि यह उनका सपना था मुझे इस कोर्ट पर खेलने का। मैंने उनका सपना पूरा किया। अब मैं उन्हें और ज्यादा गर्व महसूस कराना चाहती हूं। यह मैच सिर्फ टेनिस नहीं, बल्कि युद्धकाल में मानवीय दृढ़ता की कहानी था।

दूसरी ओर नॉर्वे के कैस्पर रूड ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं, लेकिन उनका मन पूरी तरह कोर्ट पर नहीं है। रूड जल्द ही पिता बनने वाले हैं और उनकी पत्नी मारिया किसी भी समय डिलीवरी पर जा सकती हैं। रूड ने कहा, मुझे मारिया का शुक्रिया करना होगा कि उन्होंने मुझे आने दिया। मेरे फोन की रिंगर हर समय ऑन रहती है।

# ब्रुकलिन ने पिता बेकहम और मां विक्टोरिया से विवाद पर तोड़ी चुप्पी, लगाए सनसनीखेज आरोप



**लंदन।** पूर्व फुटबॉलर डेविड बेकहम और फैशन आइकॉन विक्टोरिया बेकहम के बड़े बेटे ब्रुकलिन ने इंस्टाग्राम पोस्ट्स की एक लंबी सीरीज में अपने माता-पिता पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार ने वर्षों तक मीडिया में नैरेटिव को नियंत्रित किया, निजी रिश्तों की जगह इमेज को प्राथमिकता दी और उनकी पत्नी निकोला पेल्ट्ज का लगातार अपमान किया। शादी से लेकर 2025 के पारिवारिक कार्यक्रमों तक उन्होंने कई घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि वे अब मेल-मिलाप नहीं चाहते, बस शांति और निजता चाहते हैं। पूर्व इंग्लिश स्टार डेविड बेकहम और विक्टोरिया बेकहम के बड़े बेटे ब्रुकलिन ने एक लंबी चुप्पी तोड़ते हुए इंस्टाग्राम पर अपने परिवार के रिश्तों की कलह और टूटन पर खुलकर बातें कीं। यह पोस्ट सिर्फ शिकायत भर नहीं थी, बल्कि अपने परिवार से सार्वजनिक रूप से दूरी बनाने की एक औपचारिक घोषणा जैसा नजर आया। ब्रुकलिन के शब्दों में बीते कई वर्षों की नाराजगी, असंतोष और दुख साफ दिखाई दिया।

अपने एक बयान में ब्रुकलिन ने लिखा, %मैंने वर्षों तक चुप्पी साधे रखी और हर कोशिश की कि बातें निजी रहें, लेकिन मेरे माता-पिता लगातार प्रेस में बातें ले जाते रहे, जिससे मुझे अपने बारे में सच बोलना पड़ा। साथ ही उन्होंने कहा कि वे अब सुलह नहीं चाहते। ब्रुकलिन ने कहा, मैं सुलह नहीं करना चाहताज मैं अपने लिए पहली बार खड़ा हुआ हूं। ब्रुकलिन की नाराजगी का केंद्र यह आरोप है कि उनके माता-पिता निजी रिश्तों से ज्यादा सार्वजनिक छवि और मीडिया नैरेटिव को प्राथमिकता देते हैं। एक अन्य स्टोरी में उन्होंने कहा, %मेरी पूरी जिंदगी मेरे माता-पिता ने प्रेस में हमारे परिवार की कहानी को नियंत्रित किया। दिखावटी सोशल मीडिया पोस्ट, फैमिली इवेंट्स और नकली रिश्ते मेरी जिंदगी का हिस्सा रहे।% उनके मुताबिक इस छवि निर्माण की कीमत मानसिक रूप से उन्हें चुकानी पड़ी। उन्होंने दावा किया कि परिवार से दूरी बनाने के बाद उनका तनाव कम हो गया।

ब्रुकलिन और निकोला पेल्ट्ज की 2022 में पाम बीच में हुई ग्रैंड वेडिंग को लेकर पहले भी अफवाहें सामने आती रही थीं, लेकिन इस बार ब्रुकलिन ने विस्तार से कई घटनाओं की पुष्टि की और अपने माता-पिता पर गंभीर आरोप लगाए।

# ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने किया संन्यास का एलान



**नई दिल्ली।** घुटनों की गंभीर समस्या और आर्थराइटिस के कारण साइना नेहवाल ने प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन से संन्यास की पुष्टि की है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना ने कहा कि अब उनका शरीर एलीट स्तर की ट्रेनिंग और खेल का दबाव नहीं झेल पा रहा था।

भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन से सोमवार को संन्यास का एलान कर दिया। लंबे समय से घुटने की गंभीर समस्या से जूझ रही साइना ने कहा कि अब उनका शरीर एलीट स्तर के खेल की शारीरिक मांगों को सहन करने की स्थिति में नहीं है।

लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता साइना ने आखिरी बार 2023 में सिंगापुर ओपन में प्रतिस्पर्धी मैच खेला था, लेकिन उस समय उन्होंने औपचारिक रूप से संन्यास की घोषणा नहीं की थी।

हाल ही में एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान उन्होंने अपने फैसले पर खुलकर बात की। साइना ने कहा, मैंने दो साल पहले ही खेलना बंद कर दिया था। मुझे लगा कि मैंने अपने दम पर इस खेल में कदम रखा और अपने ही फैसले से बाहर आई, इसलिए अलग से संन्यास की घोषणा करने की जरूरत नहीं समझी।

पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी ने बताया कि उनके घुटने की कार्टिलेज पूरी तरह घिस चुकी है और उन्हें आर्थराइटिस हो गया है, जिसकी वजह से लंबे समय तक और तेज ट्रेनिंग करना संभव नहीं रहा।

उन्होंने कहा, डॉक्टरों ने साफ कह दिया था कि कार्टिलेज पूरी तरह खत्म हो चुकी है। मैंने अपने माता-पिता और कोच को बता दिया था कि अब शायद मैं इसे आगे नहीं कर पाऊंगी।

साइना ने यह भी कहा कि लोगों को धीरे-धीरे खुद ही समझ आ जाएगा कि वह अब खेल नहीं रही हैं। उन्होंने कहा, अगर आप खेलने लायक नहीं हैं, तो वहीं रुक जाना चाहिए। इसमें कोई बुराई नहीं है।

उन्होंने बताया कि जहां पहले वह दिन में 8-9 घंटे ट्रेनिंग कर पाती थीं, वहीं अब एक-दो घंटे में ही घुटने सूज जाते थे। उन्होंने आगे कहा, अब मेरा घुटना पहले जैसा साथ नहीं दे पा रहा था। इसलिए मैंने तय किया कि अब बस, और नहीं।

2024 में किया था चोट का खुलासा

साइना का करियर रियो ओलंपिक 2016 के दौरान लगी घुटने की गंभीर चोट से काफी प्रभावित हुआ। हालांकि, उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 2017 में विश्व चैंपियनशिप का कांस्य पदक और 2018 में कॉमनवेल्थ गेम्स का स्वर्ण पदक जीता, लेकिन घुटने की समस्या बार-बार उनके रास्ते में आती रही। 2024 में साइना ने खुलासा किया था कि उन्हें घुटनों में आर्थराइटिस है और कार्टिलेज पूरी तरह घिस चुकी है, जिससे शीर्ष स्तर पर खेलना लगभग असंभव हो गया है।

# अभिनेता आशीष कपूर पर दुष्कर्म के मामले की सुनवाई अब सत्र अदालत में होगी



**मुंबई।** अभिनेता आशीष कपूर पर कथित दुष्कर्म मामले की सुनवाई अब सेशंस कोर्ट में होगी। दिल्ली की तीस हजारी अदालत ने यह मामला सत्र अदालत को सौंपा है।

अभिनेता आशीष कपूर पर लगे दुष्कर्म मामले की सुनवाई अब सत्र अदालत में होगी न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने अभिनेता आशीष कपूर और दो अन्य लोगों के खिलाफ कथित रेप के मामले को आगे की कार्रवाई के लिए सेशंस कोर्ट में भेज दिया है। इस मामले में तीनों आरोपी जमानत पर हैं। पीड़िता की शिकायत पर 11 अगस्त, 2025 को सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन में रेप, गैंग रेप, चोट पहुंचाने आदि से जुड़ी धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। दिल्ली पुलिस ने नवंबर 2025 में 64 (1) (रेप) बीएनएस के तहत चार्जशीट दायर की थी। चार्जशीट और दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद, ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास कार्तिक टापरिया ने मामले को सेशंस कोर्ट में भेजा है।

कार्तिक टापरिया ने 15 जनवरी को आदेश दिया, धारा 64 (1) बीएनएस के तहत दंडनीय अपराध की सुनवाई विशेष रूप से माननीय सेशंस कोर्ट द्वारा की जाएगी। इसलिए, यह मामला ट्रायल के लिए माननीय सेशंस कोर्ट को सौंपा जाता है। इसकी सूचना पब्लिक प्रॉसिक्यूटर को दे दी गई है। कोर्ट ने अहलमद को निर्देश दिया कि वह फाइल को सभी तरह से पूरा करें और 22 जनवरी, 2026 को दोपहर 2:00 बजे माननीय प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज के सामने पेश करें।

इस मामले में एक्टर आशीष कपूर के अलावा दो अन्य आरोपी कपिल गुप्ता और रितु गुप्ता हैं। 10 सितंबर को आशीष कपूर को जमानत देते समय कोर्ट ने जांच में हुई कमियों की ओर इशारा किया था।

कोर्ट ने कहा था, रिमांड पर लिए जाने के बावजूद, मोबाइल फोन बरामद करने के लिए कोई ठोस कोशिश नहीं की गई। कानून के अनुसार कोई तलाशी नहीं ली गई। रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है कि आरोपी ने जांच में सहयोग नहीं किया।

# जापान में दर्शकों के लिए तरसी 'पुष्पा 2', बॉक्स ऑफिस पर आग नहीं लगा पाया फैंस का प्यार

**बॉक्स**

> अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 भारतीय बॉक्स ऑफिस पर एक ब्लॉकबस्टर फिल्म थी, इसने वर्ल्डवाइड भी 1000 करोड़ से अधिक का कलेक्शन किया था।

**मुंबई।** साल 2024 की पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पा 2' हाल ही जापानी भाषा में डब होकर रिलीज हुई। अल्लू अर्जुन को टोक्यो में जापानी फैंस का खूब प्यार मिला लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमजोर साबित हुई। जानिए, दूसरे दिन 'पुष्पा 2' के जापानी वर्जन ने कितनी कमाई की है।

अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 भारतीय बॉक्स ऑफिस पर एक ब्लॉकबस्टर फिल्म थी, इसने वर्ल्डवाइड भी 1000 करोड़ से अधिक का कलेक्शन किया था। इसे हाल ही में जापानी भाषा में 'पुष्पा कुनरिन' के नाम से रिलीज किया गया।

फिल्म का प्रमोशन करने 'पुष्पा 2' एक्टर अल्लू अर्जुन और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना जापान के टोक्यो शहर पहुंचे। जापानी फैंस ने उन्हें खूब प्यार दिया। मेकर्स को लगा कि यह फिल्म जापान में भी अच्छा-खास कलेक्शन करेगी लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। दूसरे दिन इस फिल्म का कलेक्शन काफी कम रहा है। बीते हफ्ते अल्लू अर्जुन अपने परिवार और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के साथ फिल्म 'पुष्पा कुनरिन' के प्रमोशन के लिए सिलसिले में टोक्यो शहर पहुंचे थे। यहां पर उनकी फिल्म के जापानी वर्जन का प्रीमियर हुआ। जापानी फैंस अल्लू अर्जुन को देखकर खुश हुए।



उन्होंने एक्टर पर खूब प्यार बरसाया। अल्लू अर्जुन ने भी फैंस को खुश करने के लिए जापानी भाषा में अपनी फिल्म का डॉयलाग बोला। सोशल मीडिया के जरिए जापानी फैंस को शुक्रिया भी कहा। लेकिन इन बातों के बावजूद बहुत कम संख्या में जापानी लोग फिल्म 'पुष्पा कुनरिन' देखने पहुंचे हैं। दूसरे दिन इस फिल्म का कलेक्शन बहुत कम रहा है।

जापान में पुष्पा 2 फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो, प्रीमियर शो में सिर्फ 190 लोग आए। फिल्म ने इस शो से सिर्फ 2 लाख का ही कलेक्शन किया। वहीं पहले दिन 1098 टिकट बिके थे। जिससे फिल्म ने 9.5 लाख भारतीय रुपये की कमाई की। आज यानी दूसरे दिन फिल्म ने जापानी सिनेमाघरों में सिर्फ 7.21 लाख रुपये का ही कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 18 लाख रुपये हो चुका है।

दो साल पहले अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 ने कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े थे। इसने वर्ल्डवाइड 1,740 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1234 करोड़ रुपये की कमाई की। उस साल यह सबसे बड़ी हिट फिल्म थी।

लेकिन जापानी डब वर्जन से फिल्म 'पुष्पा 2' के मेकर्स को निराश कर दिया है।

# कैटी पेरी के साथ शाहरुख ने दिए पोज, 'स्ट्रेंजर थिंग्स' और 'स्क्विड गेम्स' फेम इन स्टार्स से भी की मुलाकात



**मुंबई।** शाहरुख खान की पॉपुलर्टी और फैन फॉलोइंग इंटरनेशनल लेवल पर है। सिर्फ आम दर्शक ही नहीं बल्कि सेलेब्स भी शाहरुख के साथ तस्वीरें खिंचाने को उत्सुक रहते हैं। अब शाहरुख की कैटी पेरी समेत कई इंटरनेशनल स्टार्स के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैज

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान सऊदी अरब के रियाद में आयोजित जॉय अवार्ड्स 2026 में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कई इंटरनेशनल सेलेब्स और हॉलीवुड स्टार्स से भी मुलाकात की। इस दौरान शाहरुख ने अमेरिकी गायिका कैटी पेरी से भी मुलाकात की। वहीं मिली बॉबी ब्राउन के साथ भी उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर अब वायरल हैं। सोशल मीडिया पर अब शाहरुख खान की अलग-अलग हॉलीवुड सेलेब्स और इंटरनेशनल स्टार्स के साथ तस्वीरें वायरल हैं। इनमें एक तस्वीर में शाहरुख अमेरिकन सिंगर कैटी पेरी के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। इस दौरान शाहरुख ब्लैक आउटफिट में नजर आ रहे हैं। जबकि कैटी पेरी भी मॉडर्न ड्रेस में दिख रही हैं। दोनों ने साथ में कैमरे के सामने पोज दिए।

सोशल मीडिया पर वायरल एक अन्य तस्वीर में शाहरुख स्ट्रेंजर थिंग्स में अपनी भूमिका के लिए मशहूर मिली बॉबी ब्राउन के साथ खड़े हैं। इस तस्वीर में दक्षिण कोरियाई अभिनेता ली जंग-जाए भी हैं, जिन्होंने स्क्विड गेम में अभिनय करने के बाद इंटरनेशनल लेवल पर पॉपुलर्टी हासिल की है। ली जंग-जाए स्क्विड गेम में सियोंग गी-हुन (खिलाड़ी 456) के किरदार के लिए जाना जाता है, उन्होंने सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ सेल्फी ली। बाद में ली ने इस तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। अपनी पोस्ट में ली जंग-जाए ने शाहरुख खान की तारीफ की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'सम्मानित हस्ती शाहरुख खान के साथ होना मेरे लिए सम्मान की बात है।'

# अभिनय के बाद इस फील्ड में उतरीं राशा थडानी



**मुंबई।** पिछले साल फिल्म 'आजाद' से डेब्यू करने वाली रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की अगली फिल्म 'लईकी लईका' है। हाल ही में फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ था। अब मेकर्स ने इसका पहला गाना जारी किया है।

फिल्म 'लईकी लईका' में राशा थडानी, मुंज्या फेम अभिनेता अभय वर्मा के साथ नजर आएंगी। मंगलवार को फिल्म से मेकर्स ने पहला गाना 'छाप तिलक' रिलीज किया। खुद राशा ने भी इस गाने के रिलीज होने की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फैंस के साथ शेयर की। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस गाने में क्या खास है ? फिल्म के इस पहले गाने 'छाप तिलक' की खास बात यह है कि एक्ट्रेस राशा ने खुद गाया है। इस गाने के जरिए राशा ने बतौर सिंगर डेब्यू किया है।

एक्ट्रेस ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया। फिल्म के इस पोस्टर में राशा हुडी पहने नजर आ रही हैं। पोस्टर पर एक तरफ पंजाब के शहर फरीदकोट का नाम लिखा हुआ है वहीं दूसरी तरफ राशा का नाम लिखा है। राशा ने अपने इस कदम से फैंस को बता दिया कि वो एक मल्टीटैलेंटेड एक्ट्रेस हैं। राशा की इस पोस्ट पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने स्वीट रिएक्शन देते हुए लिखा- 'मैं इसका और इंतजार नहीं कर सकतीज।' इतना ही नहीं, तमन्ना ने राशा को सपोर्ट करते हुए एक इंस्टा स्टोरी भी साझा की। इसमें उन्होंने राशा के लिए लिखा- 'छुपी रुस्तम, क्या कमाल गाना गा रही हो..'

# निधि अग्रवाल ने खोली निगेटिव पीआर कल्चर की पोल

**मुंबई।** अभिनेत्री निधि अग्रवाल हाल ही में प्रभास के साथ फिल्म 'द राजा साब' में नजर आई थीं। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से कोई खास प्रतिक्रिया नहीं मिली। अब निधि अग्रवाल ने पीआर कल्चर और पैसे देकर कराए जाने वाले निगेटिव पीआर पर अपनी राय रखी है। निधि ने बताया कि कैसे अक्सर पैसे का इस्तेमाल प्रतिभा को बढ़ावा देने के बजाय लोगों को नीचा दिखाने के लिए किया जाता है। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान निधि अग्रवाल ने खुलासा किया कि उन्हें भी निगेटिव पीआर का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि इतना निगेटिव पीआर होता है। बहुत सारे तरीकों से हमले होते हैं। यहां तक कि बुक माय शो और आईएमडीबी रेटिंग्स जैसी चीजें भी। पेड रिव्यूज का एक खास वर्ग भी है। लोग दूसरों को नीचा दिखाने के लिए बहुत पैसा खर्च करते हैं। कभी-कभी मुझे लगता है कि लोग खुद को ऊपर उठाने से ज्यादा पैसा दूसरों को नीचे गिराने में लगाते हैं। हाल ही में मुझ पर भी एक दो निगेटिव अभियान



शुरू हुए थे, लेकिन हमने उन्हें तुरंत रोक दिया। क्योंकि मैंने सोचा यार मैं तो खुद को अच्छे तरीके से आगे बढ़ाऊंगी, लेकिन अगर तुम कुछ नकारात्मक करोगे, तो मैं भी तुम्हें वैसा ही जवाब दूंगी।

हाल ही में वरुण धवन और कार्तिक आर्यन पर हुए निगेटिव पीआर हमलों के बारे में बात करते हुए निधि ने कहा कि यह बहुत बुरा है। लोग इसके लिए बहुत पैसा खर्च करते हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत ही खराब है। क्योंकि अभिनेता बहुत संवेदनशील और भावुक होते हैं। वे अंदर से बच्चों जैसे होते हैं। मुझे लगता है कि यह उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। आपको ऐसा लगता है जैसे आप पर हमला किया जा रहा है। सार्वजनिक हस्तियां सार्वजनिक संपत्ति नहीं होतीं। घर पर सबके माता-पिता होते हैं और आप उनके प्रति जवाबदेह होते हैं। यह ठीक नहीं है।

कार्तिक आर्यन और वरुण धवन की तारीफ करते हुए निधि ने उन्हें सच्चे इंसान बताया। उन्होंने कहा कि वरुण बहुत ही मासूम, प्यारे और प्रोत्साहित करने वाले हैं। वो हमेशा नए कलाकारों का साथ देते हैं। वहीं कार्तिक काफी मेहनती हैं और उन्होंने अपनी दम पर आज ये मुकाम हासिल किया है।

निधि अग्रवाल हाल ही में प्रभास के साथ फिल्म द राजा साहब में नजर आईं थीं।

# राज्य पुलिस कर सकती है केंद्रीय कर्मचारियों की जांच



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार के मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार और रिश्वत के मामलों में राज्य पुलिस केंद्रीय कर्मचारियों पर जांच कर सकती है और चार्जशीट दाखिल कर सकती है, इसके लिए सीबीआई की अनुमति जरूरी नहीं।

भ्रष्टाटार में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि राज्य पुलिस केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ रिश्वत और भ्रष्टाचार के मामलों में जांच कर सकती है और चार्जशीट दाखिल कर सकती है। इसके लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कोई अनुमति लेने की जरूरत नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार और रिश्वत के मामलों की जांच न सिर्फ सीबीआई, बल्कि राज्य पुलिस या किसी अन्य पुलिस एजेंसी भी कर सकती है। कोर्ट ने यह भी बताया कि ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि काम दोहराने से बचा जा सके। आम तौर पर सीबीआई केंद्रीय कर्मचारियों के मामलों की जांच करती है और राज्य की एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) राज्य कर्मचारियों के मामलों की।

# गुजरात के मछुआरे की पाकिस्तानी जेल में मौत

**संभवत**

पोरबंदर बोट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जीवन जुंगी ने इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि मृतक संभवत गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के ऊना का रहने वाला था।



**नई दिल्ली।** गुजरात के एक मछुआरे की 16 जनवरी को कराची की जेल में मौत हो गई। उसे 2022 में अनजाने में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार करने पर पकड़ा गया था। शांति कार्यकर्ता जतिन देसाई और पोरबंदर बोट एसोसिएशन ने घटना की पुष्टि की।

गुजरात के एक मछुआरे की कराची जेल में 16 जनवरी को मौत हो गई। एक कार्यकर्ता ने बताया कि 2022 में पाकिस्तानी एजेंसियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखा अनजाने में पार करने के बाद पकड़ लिया था। उसने लगभग तीन साल पहले ही अपनी सजा पूरी कर ली थी।

उसकी मौत के एक महीने से भी कम समय बाद मछली पकड़ने वाले समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर पाकिस्तानी जेलों में बंद ऐसे लोगों की रिहाई में तेजी लाने का अनुरोध किया था। शांति कार्यकर्ता जतिन देसाई ने सोमवार को बताया कि 16 जनवरी को कराची की मलिर जेल में एक मछुआरे की मौत हो गई। यह कार्यकर्ता उन भारतीय मछुआरों के मुद्दे को उठा रहे हैं, जिन्हें मछली पकड़ने के दौरान अनजाने में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के बाद पाकिस्तान में पकड़कर जेल में डाल दिया जाता है। पोरबंदर बोट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जीवन जुंगी ने इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि मृतक संभवत गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के ऊना का रहने वाला था। पिछले कई महीनों से बीमार था। देसाई ने बताया, ÷जिस मछुआरे का निधन हुआ, उसे 2022 में पकड़ा गया था और उसकी राष्ट्रीयता सत्यापित होने के बाद उसी वर्ष उसकी सजा समाप्त हो गई थी। दोनों देशों के बीच 2008 के कांसुलर एक्सेस समझौते के बावजूद, सजा पूरी होने और राष्ट्रीयता सत्यापित होने के बाद भी मछुआरे पाकिस्तान की जेलों में सड़ रहे हैं। समझौते की धारा 5 में यह प्रावधान है कि दोनों सरकारें राष्ट्रीयता की पुष्टि और सजा पूरी होने के एक महीने के भीतर व्यक्तियों को रिहा कर देंगी। उन्हें उनके स्वदेश वापस भेज देंगी। पिछले साल 22 दिसंबर को, दीव में मछुआरा समुदाय के सदस्यों और उनके दोस्तों ने विदेश मंत्री जयशंकर को एक पत्र सौंपकर इस मुद्दे की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने बताया कि इनमें से अधिकांश मछुआरे गुजरात, दीव और महाराष्ट्र के रहने वाले हैं, जिनमें से 160 ने राष्ट्रीयता सत्यापन के बाद अपनी सजा पूरी कर ली है। पत्र में कहा गया कि ÷दोनों देशों के बीच 2008 में हुए समझौते के बावजूद, मछुआरे पाकिस्तानी जेलों में बंद हैं। सजा पूरी होने के बाद भी उनकी हिरासत ने परिवारों को वर्षों तक संपर्क से वंचित रखा है, जिससे उन्हें गहरा दुख हुआ है। इससे उनके स्वास्थ्य और कल्याण को लेकर भी गंभीर चिंताएं पैदा हुई हैं। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया इस मामले पर ध्यान दें और उनकी रिहाई और स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

## शिवकुमार आलाकमान के फैसले का कर रहे इंतजार, नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच बोले डीके सुरेश



**बंगलूरू।** डीके सुरेश ने बताया कि डीके शिवकुमार सत्ता परिवर्तन को लेकर आलाकमान के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने सही समय पर निर्णय का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा शिवकुमार पार्टी की एकता और अनुशासन को सबसे ऊपर रखते हैं। वे पार्टी के एक अनुशासित है।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई और पूर्व सांसद डीके सुरेश ने मंगलवार को जानकारी दी कि नेतृत्व के मुद्दे पर शिवकुमार कांग्रेस आलाकमान के फैसले का शांति से इंतजार कर रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए सुरेश ने कहा कि शिवकुमार पार्टी के एक अनुशासित सिपाही हैं। वे पार्टी और विधायकों की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। सुरेश ने बताया कि वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भरोसा दिया है कि सही समय आने पर उचित फैसला लिया जाएगा। मैसूर में हुई बैठक में भी राहुल गांधी ने यही बात कही थी। सुरेश ने कहा, ÷पार्टी और सभी 140 विधायकों को एकजुट रखने के लिए मेरे भाई धैर्यपूर्वक फैसले का इंतजार कर रहे हैं। क्या धैर्य की कोई समय सीमा है, इस पर उन्होंने कहा, सत्ता किसी को आसानी से नहीं मिलती। अगर यह मेरे भाई की किस्मत में लिखा है, तो वे मुख्यमंत्री जरूर बनेंगे। बिना सब्र के यह पद हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने 2028 के चुनाव से पहले पार्टी में एकता बनाए रखने पर जोर दिया। शिवकुमार की पार्टी अनुशासन के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए, सुरेश ने कहा, ÷वह पार्टी अध्यक्ष भी हैं और उन्हें सबसे पहले अनुशासन बनाए रखना चाहिए, जिसका वह लगन से पालन कर रहे हैं। कर्नाटक में सत्ता की खींचतान तब तेज हो गई है जब कांग्रेस सरकार ने 20 नवंबर को अपने पांच साल के कार्यकाल का आधा समय पूरा कर लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री पद में संभावित बदलाव की अटकलें लगाई जा रही हैं। यह अटकलें 2023 में सरकार गठन के दौरान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कथित सत्ता-साझाकरण समझौते से जुड़ी हैं। जब सुरेश से पूछा गया कि शिवकुमार के समर्थकों को कब तक सब्र रखना चाहिए, तो सुरेश ने 22 से 31 जनवरी तक होने वाले विधानसभा सत्र का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सत्र के बाद देखेंगे कि हाईकमान क्या फैसला लेता है। उन्होंने यह भी साफ किया कि एक नेता को वोक्कालिगा, लिंगायत और दलित समेत सभी का समर्थन चाहिए होता है। सिर्फ एक समुदाय को खुश करके राजनीति नहीं हो सकती। सुरेश ने भरोसा जताया कि राहुल गांधी और पार्टी नेतृत्व कोई भी फैसला लेने से पहले सभी की राय लेंगे।

## नितिन नवीन के भाजपा अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस का तंज

**नई दिल्ली।** भाजपा ने नितिन नवीन को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया, लेकिन कांग्रेस ने इस पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस का कहना है कि पहले नाम तय कर दिया गया और चुनाव की बात बाद में की गई। कांग्रेस ने इसे 'बिग बॉस' जैसा शो बताते हुए आंतरिक लोकतंत्र पर सवाल उठाए हैं। आइए इस पूरे मामले को विस्तार से जानते हैं।

भाजपा द्वारा नितिन नवीन को पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किए जाने के बाद सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा है कि भाजपा ने पहले अध्यक्ष घोषित कर दिया और बाद में चुनाव की औपचारिकता की बात कही। कांग्रेस का आरोप है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है और यह आंतरिक लोकतंत्र के दावों पर सवाल खड़े करती है।

# 235वीं बटालियन में अमानवीय अत्याचार सहती रही 10 वर्षीय बच्ची

**सर्वोदय**

गंभीर रूप से घायल हुई बच्ची को 15 जनवरी को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया।



**नई दिल्ली।** सीआरपीएफ की 235वीं बटालियन में दस वर्षीय बच्ची से मारपीट का मामला सामने आया है। बच्ची को जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया तब मामले का खुलासा हुआ।

सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ की 235वीं बटालियन में दस वर्षीय बच्ची के साथ अमानवीय अत्याचार, इस मामले में जो कार्रवाई हुई है, उस पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। बच्ची के शरीर पर लगे गंभीर चोटों के निशान खुद-ब-खुद बर्बरता की कहानी कह रहे थे। बुरी तरह से जख्मी हुई बच्ची को 14-15 जनवरी की रात को नोएडा के सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया। एफआईआर 18 जनवरी को दर्ज कराई गई। इसमें तीन दिन की देरी हुई। सूत्र बताते हैं कि इस अवधि के दौरान बर्बरता के सबूत नष्ट करने का प्रयास किया गया। क्या सीआरपीएफ की 235वीं बटालियन के सीओ ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की है। क्या इस मामले को दबाने का प्रयास किया गया, जैसे कई दूसरे सवाल भी उठ रहे हैं। सीआरपीएफ के आरोपी सिपाही तारिक अनवर और उनकी पत्नी रिम्पा खातून के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। गंभीर रूप से घायल हुई बच्ची को 15 जनवरी को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बच्ची की जांच की तो वे हैरान रह गए। बच्ची के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। कई जगह पर घाव बने हुए थे। सूत्रों के मुताबिक, अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को उसी दिन इस मामले की सूचना दे दी थी, लेकिन एफआईआर, 18 जनवरी को दर्ज की गई है। आखिर केस दर्ज होने में तीन दिन का समय क्यों लगा। इतने समय में घटनास्थल पर मौजूद सबूत नष्ट किए जा सकते हैं। इस मामले में एक बड़ा सवाल यह भी उठता है कि सिपाही जीडी तारीक अनवर और उसकी पत्नी रिम्पा खातून, ब्लॉक संख्या 60, क्वार्टर नंबर 13 सीआरपीएफ कैंप, गौतम बुद्ध में रह रहे हैं। इस सरकारी क्वार्टर में दो कमरे बताए जाते हैं। आसपास दूसरे क्वार्टर भी हैं। जब बच्ची को यातनाएं दी गई तो उसकी चीख पुकार किसी ने नहीं सुनी। यह हैरानी वाली बात है कि किसी पड़ोसी को इस घटना का पता नहीं चला। सिपाही तारिक ने अपने क्वार्टर में घरेलू कामकाज के लिए जब इस बच्ची को रखा तो उस बाबत सीआरपीएफ से अनुमति नहीं ली थी। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में क्या सीआरपीएफ की 235वीं बटालियन के सीओ ने त्वरित कार्रवाई की है, इस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सोशल मीडिया में जब यह मामला उछला तो इसे बल के शीर्ष नेतृत्व के संज्ञान में लाया गया। एफआईआर दर्ज होने के बाद सीआरपीएफ कांस्टेबल और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया। नोएडा में थाना ईकोटेक-3 पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई है। सूबेदार मेजर (सीआरपीएफ ग्रेटर नोएडा) द्वारा 18 जनवरी को थाना ईकोटेक-3 में यह सूचना दी गई। शिकायत में कहा गया है कि वरिष्ठ अधिकारी की अनुमति के बिना उक्त बच्ची को सिपाही तारीक ने अपने क्वार्टर पर रखा था। पीड़िता को घरेलू कामकाज व बच्चों की देखभाल के लिए लाया गया था।

छोटी-छोटी बातों पर पीड़िता को बुरी तरह से प्रताड़ित किया जाने लगा। उसके साथ मारपीट की गई। धारा 110 बीएनएस के तहत एफआईआर (संख्या 0028/2026 पीएस इकोटेक ढ्ढढ्ढ, गौतम बुद्ध नगर) दर्ज की गई है। सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई नाकाफी है। इस बच्ची को अवैध रूप से घरेलू कामगार के रूप में रखा गया। उसे स्कूल नहीं भेजा गया। लंबे समय तक उसके साथ क्रूरतापूर्वक मारपीट की गई। उसे इतना भूखा रखा गया कि उसका हीमोग्लोबिन बहुत नीचे तक गिर गया।

## वंदे भारत स्लीपर का टिकट रद्द करने पर कितना मिलेगा रिफंड

**नई दिल्ली।** देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आम यात्रियों के लिए 22 जनवरी से कामाख्या से हॉवड़ा के बीच चलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले सप्ताह ही पश्चिम बंगाल के मालदा में हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को रवाना किया था। अब इस ट्रेन के सफर से पहले इससे जुड़े नियम जान लें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह हाईस्पीड स्लीपर ट्रेन पश्चिम बंगाल के हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलाई जाएगी। यह ट्रेन हावड़ा और कामाख्या के बीच में सप्ताह में छह दिन चलेगी। 22 जनवरी से इस ट्रेन की नियमित सेवा की शुरुआत होगी। हावड़ा से यह ट्रेन गुरुवार को छोड़कर जबकि कामाख्या से बुधवार को छोड़कर संचालित होगी। यह हाई-स्पीड वंदे भारत स्लीपर ट्रेन हावड़ा और गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच 958 किलोमीटर की दूरी महज 14 घंटे में तय करेगी।

# टैरिफ तनाव के बीच दावोस में बोले स्कॉट बेसेंट, यूरोप के साथ अमेरिका के संबंध मजबूत



**खिलाफ**

इन देशों ने ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की मांग के खिलाफ डेनमार्क का साथ दिया था।

**दावोस।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने दावोस में कहा कि यूरोप के साथ रिश्ते मजबूत हैं और तनाव कम होना चाहिए। हालांकि ट्रंप ने ग्रीनलैंड मुद्दे पर डेनमार्क का साथ देने वाले आठ देशों पर दस प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसके जवाब में यूरोपीय संघ जवाबी कार्रवाई पर विचार कर रहा है। अमेरिका और यूरोप के संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री (ट्रेजरी सेक्रेटरी) स्कॉट बेसेंट ने मंगलवार को कहा कि यूरोप के साथ अमेरिका के रिश्ते मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने व्यापारिक साझेदारों से अपील की कि वे गहरी सांस लें और ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप प्रशासन की नई टैरिफ धमकियों से पैदा हुए तनाव को शांत होने दें। बेसेंट ने यह बात स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारे संबंध पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हैं।÷ शनिवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने आठ यूरोपीय देशों से आने वाले सामान पर फरवरी से दस प्रतिशत आयात टैक्स लगाने का एलान किया था।

इन देशों ने ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की मांग के खिलाफ डेनमार्क का साथ दिया था। ट्रंप का कहना है कि चीन और रूस से खतरे को देखते हुए सुरक्षा कारणों से अमेरिका को इस इलाके की जरूरत है। ट्रंप की इन धमकियों से पूरे यूरोप में गुस्सा है और राजनयिक हलचल तेज हो गई है। यूरोपीय नेता जवाबी कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इसमें जवाबी टैरिफ और यूरोपीय संघ के एंटी-कोर्सियन इंस्ट्रूमेंट का पहली बार इस्तेमाल शामिल हो सकता है। अमेरिका पर दबाव बनाने के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के पास तीन मुख्य आर्थिक हथियार हैं। पहला- नए टैरिफ लगाना, दूसरा- अमेरिका-ईयू व्यापार समझौते को रोकना, और तीसरा- ट्रेड बजूका, जो ब्लॉक का एक खास नियम (एंटी-कोर्सियन इंस्ट्रूमेंट) के लिए लिए अनौपचारिक शब्द है। यह उन व्यक्तियों या संस्थानों पर प्रतिबंध लगा सकता है जो ईयू पर अनुचित दबाव डालते पाए जाते हैं।

# ग्रीनलैंड पर अमेरिका की बुरी नजरः ट्रंप की मंशा पर भड़के ब्रिटिश सांसद

**हलचल**

ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के सख्त और आक्रमक रवैये ने वैश्विक राजनीति में जबरदस्त हलचल मचा दिया है।



**लंदन।** ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के आक्रामक रुख से वैश्विक राजनीति गरमा गई है। ब्रिटिश संसद में लिबरल डेमोक्रेट नेता एड डेवी ने राष्ट्रपति ट्रंप को इंटरनेशनल गैंगस्टर बताया। ट्रंप की टैरिफ की धमकियां के चलते नाटो के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।

ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के सख्त और आक्रमक रवैये ने वैश्विक राजनीति में जबरदस्त हलचल मचा दिया है। दुनियाभर में इस बात को लेकर बयानबाजी भी जारी है। यूरोप, ब्रिटेन, डेनमार्क और रूस समेत कई देश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात की खूब आलोचना भी कर रहे हैं। ऐसे में अब ब्रिटेन के लिबरल डेमोक्रेट नेता एड डेवी ने ब्रिटिश संसद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचना की। इतना ही नहीं उन्होंने ट्रंप को इंटरनेशनल गैंगस्टर तक बता दिया।

बता दें कि ब्रिटिश सांसद डेवी का यह बयान ऐसे समय में आया है। जब ग्रीनलैंड को लेकर जारी विवाद और फिर ट्रंप की ओर से दी जा रही टैरिफ की धमकियों के चलते अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। ब्रिटेन के लिबरल डेमोक्रेट नेता एड डेवी ने ट्रंप पर धमकाने के आरोप लगाते हुए निशाना साधा है।

ब्रिटिश संसद में डेमोक्रेट पार्टी के नेता एड डेवी ने आगे कहा कि ट्रंप एक %इंटरनेशनल गैंगस्टर% और धौंस जमाने वाले नेता% की तरह व्यवहार कर रहे हैं। डेवी का कहना है कि ट्रंप ने कई यूरोपीय देशों, जिनमें ब्रिटेन भी शामिल है, पर नए आयात शुल्क लगाने की धमकी दी है। यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है क्योंकि इन देशों ने डेनमार्क के उस फैसले का समर्थन किया है, जिसमें उसने ग्रीनलैंड को अमेरिका को सौंपने पर बातचीत से इनकार कर दिया है।

संसद में बोलते हुए डेवी ने मौजूदा हालात को बहुत गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि ट्रंप की विदेश नीति सहयोग की जगह दबाव पर आधारित है, जिससे अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पुराना 'खास रिश्ता' खतरे में पड़ रहा है। डेवी ने चेतावनी दी कि ट्रंप अपने हितों के लिए सहयोगी देशों की संप्रभुता को भी नजरअंदाज कर सकते हैं और इससे नाटो का भविष्य भी जोखिम में पड़ सकता है।

इस दौरान एड डेवी ने मौजूदा लेबर सरकार और पिछली कंजर्वेटिव सरकारों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सरकारें ट्रंप के सामने मजबूती से खड़े होने के बजाय उन्हें खुश करने की कोशिश करती रहीं, जो एक असफल रणनीति साबित हुई। उनके मुताबिक, इस रवैये से ब्रिटेन अमेरिका के दबाव में आ गया है। डेवी ने दावा किया कि पश्चिमी देशों के बीच बढ़ती दूरी का फायदा सिर्फ रूस और चीन को हो रहा है।

# चीन की नई नीति से मिलेगा ईवी झटका भारत में बढ़ सकती हैं इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कीमतें




**नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कीमतों में आने वाले समय में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। इसकी वजह चीन द्वारा लिया गया एक नीतिगत फैसला है, जिसने भारतीय ईवी उद्योग की चिंता बढ़ा दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह फैसला ऐसे समय आया है जब पहले ही इलेक्ट्रिक वाहनों को मिलने वाला टैक्स लाभ पेट्रोल-डीजल गाड़ियों की तुलना में धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। चीन ने लिथियम-आयन बैटरियों के निर्यात पर मिलने वाली टैक्स रिबेट को 9 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत करने का एलान किया है। यह बदलाव 1 अप्रैल से लागू होगा। इसके साथ ही चीन अगले एक साल के भीतर इस प्रोत्साहन को पूरी तरह खत्म करने की योजना भी बना रहा है। यह फैसला 8 जनवरी को लिया गया था।

भारत की कई इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनियां बैटरियों के लिए चीन पर काफी हद तक निर्भर हैं। क्ड्ड्ढ और ष्टन्ज्ञरु जैसी चीनी कंपनियां भारतीय बाजार के लिए प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं। ऐसे में टैक्स रिबेट घटने और पिछले एक साल में लिथियम की कीमतों में तेज उछाल के कारण बैटरी लागत बढ़ने की आशंका है।

एक इलेक्ट्रिक वाहन की कुल लागत में बैटरी की हिस्सेदारी एक-तिहाई से भी ज्यादा होती है। अगर बैटरी महंगी होती है, तो इसका सीधा असर वाहन निर्माताओं के मुनाफे पर पड़ेगा। ऐसे में कंपनियों के सामने दो ही विकल्प होंगे। या तो मुनाफा कम करें या बढ़ी हुई लागत का बोझ ग्राहकों पर डालें।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी का मानना है कि, इस फैसले का असर अगले दो हफ्तों में बाजार में दिख सकता है। टैक्स रिबेट घटने से पहले कंपनियां तेजी से बैटरियों का स्टॉक जुटाने की कोशिश कर सकती हैं। जिससे सप्लाई चेन पर भी दबाव बढ़ने की संभावना है।

# अमेरिका में भीषण बर्फीला तूफान, मिशिगन में इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा वाहन टकराए

**मिशिगन।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में बर्फीले तूफान के चलते इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा वाहनों की भीषण टक्कर हुई। कई लोग घायल हुए हैं, हालांकि किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। मौसम विभाग ने कई राज्यों में ठंड और बर्फबारी को लेकर चेतावनी जारी की है।



अमेरिका के मिशिगन राज्य में ग्रेट लेक्स क्षेत्र से आए भीषण बर्फीले तूफान ने भारी तबाही मचाई। सोमवार सुबह इंटरस्टेट-196 पर करीब 100 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए या सड़क से फिसलकर बाहर चले गए। यह हादसा ग्रैंड रैपिड्स के पास हडसनविल इलाके में हुआ।

राज्य पुलिस के अनुसार, इस दुर्घटना में कई लोग घायल हुए हैं, हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक किसी की मौत की सूचना नहीं मिली है। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। ओटावा काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि सड़क पर कई वाहन फिसलकर पलट गए और कई ट्रक जैक-नाइफ स्थिति में फंस गए। हाईवे पर फंसे यात्रियों को बसों के जरिए हडसनविल हाई स्कूल पहुंचाया गया, जहां वे अपने परिजनों से संपर्क कर सके या वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था कर पाए। इस बड़े हादसे के बाद मिशिगन स्टेट पुलिस ने सुरक्षा कारणों से इंटरस्टेट-196 को दोनों दिशाओं में बंद कर दिया। राहत और बचाव कार्य में जुटी टीमों को सड़क से वाहनों को हटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे में 30 से ज्यादा सेमी-ट्रेलर ट्रक भी शामिल थे। अधिकारियों का कहना है कि सफाई कार्य के चलते इंटरस्टेट-196 को कई घंटों तक बंद रखा जा सकता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम में अनावश्यक यात्रा से बचें। यह हादसा उस बड़े शीतकालीन तूफान का हिस्सा है, जो पूरे अमेरिका में फैल रहा है। नेशनल वेदर सर्विस ने उत्तरी मिनेसोटा से लेकर विस्कॉन्सिन, इंडियाना, ओहायो, पेंसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क तक कड़ाके की ठंड और बर्फबारी की चेतावनी जारी की है। एक दिन पहले बर्फबारी फ्लोरिडा पैनहैंडल तक पहुंच गई थी, जबकि मैसाचुसेट्स और शिकागो में फुटबॉल प्लेऑफ मैचों के दौरान खिलाड़ियों को गेंद पकड़ने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि उत्तर-मध्य फ्लोरिडा और दक्षिण-पूर्व जॉर्जिया में मंगलवार तक अत्यधिक ठंड पड़ सकती है।

## जुलाई विद्रोह हत्याकांड पर फैसला फिर टला

**ढाका।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान हुई छह हत्याओं से जुड़े मामले में फैसला छह दिन के लिए टाल दिया है। इस मामले में कई पुलिस अधिकारियों पर मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। आइए जानते हैं इस मामले की सुनवाई कहां तक पहुंची है और बार-बार फैसला क्यों टल रहा है।

बांग्लादेश में 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान हुई हत्याओं को लेकर चल रहे अहम मामले में फैसला एक बार फिर टल गया है। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने आठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सुनाया जाने वाला फैसला छह दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। अब इस मामले में फैसला 26 जनवरी को सुनाया जाएगा। यह मामला देश के हालिया राजनीतिक इतिहास से जुड़ा सबसे संवेदनशील और चर्चित मामलों में शामिल है।

# विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा तहसील मछलीशहर के सभागार में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में गहन विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में बीएलओ और सुपरवाजरों को प्रशिक्षित किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है, जिसके क्रम में सभी लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर ले। उन्होने बताया कि आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है और दावे और अपत्तियां भी ली जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा सभी को फार्म-6, फार्म-7, फार्म 8 के भरे जाने के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होने बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में 01 जनवरी 2026 के अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई, और 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु की अर्हता पूर्ण कर रहे मतदाताओं के फार्म 6 भरवाए जाए तथा घोषणा पत्र अवश्य भरवाए जाए। इसके साथ ही जितने भी फार्म प्राप्त हो रहे है उन्हे शीघ्र अपलोड करने के लिए भी निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस निर्गत किए जाने के सम्बन्ध में सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। इसके साथ ही उन्होने विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्य के साथ ही डिजीटल क्राप सर्वे,फार्मर रजिस्ट्री सहित राजस्व के अन्य कार्यो को समय से सम्पादित किये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर इआरओ मछलीशहर सौरभ कुमार, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# महिला ही परिवार की वास्तविक आधारशिला : डॉ. रागिनी

- विधायक ने महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** मछलीशहर विधानसभा के ग्रामसभा परियत में विधायक डॉ रागिनी सोनकर ने महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कैलेंडर वितरित किए। विधायक ने क्षेत्र की महिलाओं से मुलाकात कर उनसे संवाद किया। उन्होंने महिलाओं की सशक्तिकरण पर बल दिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया।

विधायक ने कहा कि महिला ही परिवार की वास्तविक आधारशिला है। दिन-रात परिश्रम करके परिवार को सुरक्षा और स्थिरता प्रदान करती हैं। विधायक ने कहा कि उन्हें किसी से अपने आप को कम आंकने की जरूरत नहीं। उन्होंने महिलाओं से आगे आकर राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कहा कि अपना जनप्रतिनिधि चुनने के लिए अपने विवेक का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बिना किसी दबाव के मतदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं की तुलना साइकिल के पहिए से करते हुए कहा कि जिस दिन यह पहिया कमजोर पड़ा जीवन की यात्रा भटक जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी नेता या सरकार जादुई बदलाव नहीं ला सकती इसके लिए सभी लोगों को मिलकर काम करना होगा। यह जरूरी है कि इसके लिए हमारे जिले में लघु उद्योग, स्थानीय रोजगार और स्वरोजगार के अवसर विकसित हो ताकि हमारे बच्चे और पुरुष अन्यत्र पलायन करने को मजबूर न हों। उन्होंने महिलाओं के शिक्षित और स्वावलंबी होने पर जोर दिया। संचालन विधान सभा अध्यक्ष सूर्यभान यादव ने किया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अभिमन्यु यादव, ब्लॉक अध्यक्ष विवेक यादव, भारत यादव, रोहित दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### वोट बढ़ाओ अभियान व कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

मछलीशहर विधानसभा में विधायक डॉ रागिनी सोनकर के नदियांव स्थित आवास पर सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में वोट बढ़ाओ अभियान व कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने घर-घर जाकर नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का संकल्प लिया। इसमें मतदाताओं को उनके मताधिकार के बारे में जागरूक किया गया। विधायक ने कहा कि पैसे के लालच में वोट न देकर सोच समझ कर, विकास, सशक्तिकरण और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मतदान करें। विधायक ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में आपका मत महत्वपूर्ण है। कहा कि आपका एक मत से अयोग्य जनप्रतिनिधि चुने जाने से क्षेत्र और समाज विकास में पीछे छूट जाएगा। इसलिए योग्य प्रत्याशी को ही अपना जनप्रतिनिधि चुनें। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने बीएलए, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी, पीडीए प्रहरियों को विधानसभा स्तर पर बूथ को मजबूत करने पर जोर दिया।

# माघ मेला प्रशासन का अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** माघ मेला प्रशासन ने ज्योतिष्पीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को एक आधिकारिक नोटिस जारी कर उनके शंकराचार्य पद के उपयोग पर सवाल उठाए हैं। इस नोटिस के बाद संत समाज और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। दो दिन पहले माघ पूर्णिमा पर स्नान को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच विवाद गहरा गया था। अविमुक्तेश्वरानंद बिना स्नान किए ही लौट आए थे और प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए अनशन शुरू कर दिया था। प्रशासन ने भी अपनी तरफ से सफाई दी थी। इस बीच नोटिस ने मामले में नया मोड़ ले लिया है। माघ मेला प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस भेजकर पूछा है कि वे अपने नाम के आगे शंकराचार्य क्यों लिखते हैं? प्रशासन ने उनसे इस पद की वैधानिकता और उससे जुड़े प्रमाण मांगे हैं। नोटिस में कहा गया है कि वे 24 घंटे के भीतर अपनी स्थिति स्पष्ट करें और जवाब दाखिल करें।प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट में एक लंबित केस का हवाला देते हुए नोटिस में कहा है कि ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य को लेकर कोई भी प्रतिस्थापन, नियुक्ति या अभिषेक संबंधी आयोजन नहीं किया जा सकता। कोई भी धार्मिक संस्था या व्यक्ति स्वयं को शंकराचार्य पद पर पदस्थापित, नियुक्त या प्रतिस्थापित नहीं कर सकता। इसके बाद भी शिविर में लगाए गए बोर्ड पर आपने खुद को ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य के रूप में प्रदर्शित किया है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना हो रही है। ऐसे में 24 घंटे के अंदर बताएं कि अपने नाम के आगे शंकराचार्य शब्द का प्रयोग और खुद को ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य के रूप में प्रसारित कैसे किया जा रहा है।

## आपरेशन कन्विक्शन के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

**आजमगढ़।** आपरेशन कन्विक्शन के तहत एक महत्वपूर्ण मामले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा सम्मानित किया गया। प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया अभियुक्त को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले तीन पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल ने सोमवार को पुलिस कार्यालय आजमगढ़ में थाना तरवाँ से जुड़े एक महत्वपूर्ण अभियोग में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। यह सम्मान आपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया अभियुक्त अखण्ड प्रताप सिंह को सजा दिलाने में प्रभावी भूमिका निभाने पर दिया गया। एसएसपी डॉ. अनिल कुमार ने सम्मानित पुलिसकर्मियों के कार्यो की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जनपद के अन्य पुलिसकर्मियों से भी उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल भी मौजूद रहीं। प्रशस्ति पत्र पाने वाले पुलिसकर्मी- मुख्य आरक्षी गजानन सरोज (मॉनिटरिंग सेल), मुख्य आरक्षी अजय कुमार सिंह (कोर्ट पैरोकार) रहे।

# गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

- 26 जनवरी को मैनपुरी में प्रभात फेरी से कवि सम्मेलन तक आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** गणतंत्र दिवस पर प्रभात फेरी, शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों, विद्यालयों में होगा ध्वजारोहण, भव्य पुलिस परेड, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, मरीजों को फल वितरण, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर व्याख्यान प्रतियोगिता, राष्ट्रभक्ति से प्रेरित कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन, मुशायरा आदि का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने गणतन्त्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप देते हुये कहा कि जनपद की प्रत्येक नगर निकाय के वार्डो में गणतंत्र दिवस पर विशेष सफाई अभियान चलेगा, 26 जनवरी को पूरे जनपद में उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि प्रातः 08 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर के संयोजकत्व में प्रभात फेरी, नगर पालिका परिषद में शहीदों के स्मारक पर माल्यर्पण किया जायेगा, प्रातः 8.30 बजे समस्त सरकारी, अर्द्ध सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण होगा, राष्ट्रगान, सामूहिक प्रतिज्ञा तथा राष्ट्रीय भावना से प्रेरित कार्यक्रमों का आयोजन विभागाध्यक्ष, कार्यालयाध्यक्ष के संयोजकत्व में किया जायेगा, प्रातः 09 बजे पं. जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से बृह्मदेव मंदिर तक 03 किमी दौड़ का आयोजन होगा, प्रातः 09.30 बजे पुलिस लाइन में भव्य पुलिस परेड एवं अन्य सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन पुलिस अधीक्षक के संयोजकत्व में किया जायेगा। उन्होने बताया कि प्रातः 10 बजे जनपद की समस्त शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, सामूहिक प्रतिज्ञा तथा राष्ट्रीय भावना से प्रेरित कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालयों के प्रधानाचार्यो, प्रबन्धको के संयोजकत्व में किया जायेगा, प्रातः 11 बजे महाराजा तेज सिंह जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्साधीक्षक के संयोजकत्व में स्वास्थ्य परीक्षण, मरीजों को फल वितरण किये जायेगें, प्रातः 11 बजे ही जिला कारागार में जेल अधीक्षक के संयोजकत्व में कैदियों को फल वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर निकाय के संयोजकत्व में मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान संचालित होगा। दोपहर 12.30 बजे मिशन शक्ति पर आधारित कार्यक्रम होंगे, अपरान्ह 02 बजे से जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के संयोजकत्व में राजकीय इण्टर कॉलेज में देशभक्ति पर आधारित गीत का मंचन किया जायेगा, विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरण की व्यवस्था जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा की जायेगी, सायं 07 बजे नगर पालिका परिषद मे कवि सम्मेलन, मुशायरे का आयोजन अध्यक्षा नगर पालिका परिषद के संयोजकत्व में किया जायेगा।

## मैनपुरी में पर्यटन विकास कार्यों के प्रचार पर जोर

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक में पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा जनपद के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के जिन धार्मिक स्थलों, प्राचीन इमारतों के जीर्णोद्धार, पर्यटन विकास के कार्य कराये हैं, उसके प्रचार-प्रसार हेतु मुख्य स्थानों पर होर्डिग लगाए जाएं ताकि आमजन को इसकी जानकारी मिल सके। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि जनपद के कक्षा-06 से ऊपर के विद्यालयों में युवा पर्यटन क्लब का प्राथमिकता पर गठन कराकर सूचना पर्यटन अधिकारी को उपलब्ध करायें ताकि पर्यटन विभाग की योजना के तहत बच्चों को मुख्य पर्यटन स्थलों का निःशुल्क भ्रमण कराया जा सके। उन्होने समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद के चिन्हित 06 वेटलेंड चिन्हित किये गये हैं, चिन्हित सहस, सहन, समान, कुर्रा, किरथुआ, सौज में ईको-टूरिज्म परियोजना के कार्य प्रस्तावित हैं। श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान पाया कि पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा जनपद में 47 पुरातात्विक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों के पर्यटन विकास, सौन्दर्यीकरण के कार्यो के सापेक्ष 22 परियोजनाओं पर कार्य पूर्ण हो चुका है, 25 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है।

# सेव लाइफ फाउंडेशन द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए पुलिस लाइन में किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले मृत्यु दर में कमी लाने और जनहानि को शून्य पर लाने व दुर्घटना में घायल को शीघ्र व प्रभावी राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जौनपुर पुलिस द्वारा सेव लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन में आयोजित किया गया।

कार्यशाला में जौनपुर पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों को ÷वैज्ञानिक दुर्घटना जांच तथा ÷सक्रिय एवं दृश्य प्रवर्तन विषय पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों को सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों की वैज्ञानिक तरीके से जांच करने और दुर्घटना स्थलों से सटीक डेटा एकत्र करने की जानकारी देना रहा। सेव लाइफ फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने बताया कि आधुनिक उपकरणों और वैज्ञानिक तकनीकों की मदद से सड़क इंजीनियरिंग की खामियों, वाहन की तकनीकी स्थिति तथा मानवीय त्रुटियों जैसे कारणों की पहचान कर दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। साथ ही सड़कों पर पुलिस की उपस्थिति को अधिक प्रभावी और दृश्यमान बनाने की रणनीतियों पर भी चर्चा की गई, जिससे यातायात नियमों का उल्लंघन कम किया जा सके।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से दुर्घटनाओं की जांच न केवल दोषियों को दंडित कराने में सहायक होगी, बल्कि भविष्य में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस और प्रभावी रणनीति तैयार करने में भी मददगार साबित होगी। कार्यशाला के दौरान सेवलाइफ फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से दुर्घटना जांच की नवीन तकनीकों को साझा किया। कार्यक्रम में ,गिरेन्द्र सिंह क्षेत्राधिकारी यातायात, देवेश सिंह क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर, सतेन्द्र कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सुशील कुमार मिश्रा प्रभारी यातायात, एन एच आई वाराणसी के प्रयोजना निदेशक- अनिल कुमार एन एच आई आजमगढ़ के प्रयोजना निदेशक - शिवम मिश्रा, रायबरेली के प्रयोजना निदेशक कुलदीप यादव , अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, विशाल सिंह, राजेश राव, सचिन, श्रीजे0पी0एन वर्मा तथा सेव लाइफ फाउंडेशन प्रोग्राम के मुख्य इलिया जफर व राहुल सिंह यातायात पुलिस एवं विभिन्न थानों के पुलिसकर्मी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिंदुओं का कल्याण केंद्र बनेगा हनुमान चालीसा केंद्र : तोगड़िया

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** सोमवार को आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिन्दू कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि हर गांव और मोहल्ले में हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित किया जाय। इसके माध्यम से हिंदूओ को संगठित करने की जरुरत है। मछलीशहर में 200 हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित किए जाए।आगे कहा कि जिस प्रकार मस्जिद में शुक्रवार को जुमा की नमाज होती है वैसे ही मंगलवार या शनिवार को गांव में हनुमान चालीसा केंद्र पर हनुमान चालीसा पाठ करे।

8 मिनट हनुमान चालीसा हो और 15मिनट हिन्दुओं के बारे में चर्चा कीजिए।ऐसे कार्यक्रम में सबको आना चाहिए। हनुमान चालीसा करने वाले लोग मोहल्ले की सुरक्षा भी करेंगे। उन्हें हिन्दू धर्म के प्रति जागरूक भी करेंगे साथ ही एकजुट भी करना है। इसके अलावा हिन्दू आबादी बढ़ाने का आह्वान किया तथा अन्य जातियों को जोड़कर हिंदू की बात करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओजस्विनी परिषद की अध्यक्ष रजनी ठुकराल ने बताया कि यह 8वर्ष का छोटा सा संगठन है। प्रवास, बैठक और संवाद से संगठन बढ़ता है।अगर नमाज सड़क पर हो सकती है तो आप भी हनुमान चालीसा पाठ कर सकते हैं।एक मुट्ठी अनाज संग्रह कार्यक्रम भी इसी केंद्र पर चलाएंगे। 18 करोड़ ऐसे लोग है जिन्हें एक टाइम भोजन नहीं मिलता है। उनके लिए भोजन की व्यवस्था करना है।इसी केंद्र में हम संस्कार देगे ,महिला को सुरक्षा का प्रशिक्षण देंगे ।लोगो की स्वास्थ्य जांच भी होगी।

यह योजना 1500 ब्लाक में जाकर लागू करने का कार्यक्रम बनाया गया है। अध्यक्षता कर रहे काशी प्रांत के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पूरे देश में हिन्दू हेल्प लाइन विपत्ति में साथ देता है। बच्चो को संस्कार दे यही बच्चे आगे हिन्दुओं की धर्म की ध्वजा उठाएंगे। कार्यक्रम में संगठन मंत्री ईश्वरी प्रसाद , प्रमोद शुक्ला, कुसुम शर्मा, महेंद्र यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय महामंत्री तरुण कुमार शुक्ला ने किया।

## विद्यालय के निदेशक शिवम तिवारी सम्मानित

**आजमगढ़।** नगर के सिधारी स्थित एस एन आर डी पब्लिक स्कूल में विद्यालय के प्रबंधक सत्यप्रकाश तिवारी पप्पू पंडित के पुत्र एवं विद्यालय के निदेशक शिवम तिवारी का जन्मदिन भव्य समारोह में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आल इंडिया ग्रामीण बैंक रिटायरीज फेडरेशन के राष्ट्रीय उपमहासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन और आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार पांडेय ने शिवम तिवारी को सम्मान पत्र व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में ब्लाक प्रमुख बलवंत यादव ने शिवम तिवारी के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में इनका योगदान प्रशंसनीय है। अंबिका सेवा संस्थान के प्रभारी अभिषेक उपाध्याय ने जन्मदिन की बधाई देते हुए श्री तिवारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान से अभिभूत शिवम तिवारी ने कहा कि वे सदैव जनसेवा के लिए समर्पित हैं। इस मौके पर गायक कलाकार राजेश रंजन, जगदंबा उपाध्याय,आनंद मणि चतुर्वेदी , शुभम तिवारी, एंकर अभय त्रिपाठी , संदीप सिंह आदि लोग रहे।

# संस्कृति समाप्त करने में लगी राष्ट्र विरोधी शक्तियां: प्रवीण तोगड़िया

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** राष्ट्रवादी हिंदू नेता डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि आज राष्ट्र विरोधी शक्तियां पूरे हिदू समाज और संस्कृति को समाप्त करने के लिए एकजुट हो चुकी हैं और अपने कुत्सित प्रयासों से देश को धर्म के साथ साथ जातीय लड़ाई में झोंकना चाहती हैं ऐसे मे देश की युवा पीढी को बहुत सचेत रहते हुए पूरे हिंदू समाज को एकजुट रखना होगा। यह बातें की उन्होंने हिंदू जागरण के लिए एक बैठक सनातन एकता मिशन की अध्यक्षता करते हुए बालसन चौराहा कार्यालय में कहीं। डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि जरूरत पड़ने पर राष्ट्र पर धन संपत्ति के साथ, साथ अपने प्राणों के न्योछावर करने के जज्बे के साथ लड़ाई को तैयार रहना पड़ेगा। उन्होने कहा कि आज पूरे विश्व के कई देशों में परिवर्तन के नाम पर एक अराजकता का दौर दिख रहा है विदेशी शक्तियां स्थिर देश और उसकी अर्थव्यवस्था को जेन ज़ी के द्वारा अस्थिर करने की साजिश करते दिख रहे हैं। डा प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि अभी पिछले वर्ष से हमारे पड़ोसी देश बांग्लादेश में यही अराजक तत्व इसी अराजकता के नाम पर भारत का विरोध और वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिंदु आये दिन मार रहे है, जिंदा जलाये जा रहे हैं। हिंदू महिलाओं का बलात्कार वहां आमबात हो गई है।

कुछ ऐसी ही स्थित पहले हमारे दूसरे पड़ोसी पाकिस्तान में होती थी जहां आज हिंदू नाम मात्र के बचे। अतः ऐसे में बहुत सावधानी के साथ स्थितियों का आकलन करते हुए तैयारी करनी होगी क्योंकि अब यह खतरा भारतवर्ष पर भी मंडराने लगा। अतः युवाओं को इसके खिलाफ एकजुट होना पड़ेगा।

बैठक में सनातन एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पाठक, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पांडेय, महासचिव विपुलेश त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष सीता शरण शास्त्री, कोषाध्यक्ष दिलीप द्विवेदी, नगर अध्यक्ष अनूप त्रिपाठी, कल्पना पाठक, आदित्य पाठक, अनिल पांडेय, डा एस के पांडेय, डॉ टीएन पांडेय, बृजबली तिवारी, श्याम पांडेय आदि शामिल रहे।

## महाराणा प्रताप एक महान राष्ट्रनायक थेः राणा बलबीर

**आजमगढ़।** शहर के नरौली स्थित प्रयास के मंडल कार्यालय पर महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई गई। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके त्याग, बलिदान व पराक्रम को याद कर उन्हें नमन किया। मंडल अध्यक्ष राणा बलबीर सिंह ने महाराणा प्रताप को मातृभूमि के सम्मान और स्वाधीनता के लिए जीवन समर्पित करने वाला महान राष्ट्रनायक बताया। उनका जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और स्वराज के लिए अडिग संकल्प की मिसाल है। चेतक की तेज चाल और हल्दीघाटी का युद्ध आज भी देशभक्ति की भावना जागृत करता है।

अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहाकि महाराणा प्रताप के जीवन को युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। उनका संघर्ष अन्याय के सामने न झुकने और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए त्याग स्वीकार करने की सीख देता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और समाजहित में कार्य करने के संकल्प के साथ महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

# एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन आज

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** सहायक निदेशक (सेवा0)/क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आजमगढ़, कौशल विकास मिशन आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 21 जनवरी 2026 को डी.ए.वी. पी.जी. कालेज आजमगढ में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे हंसवाहिनी एमप्लायमेंट सर्विस प्रा.लि., आर.के. इलेक्ट्रानिक, ग्रो फास्ट फर्टिलाइजर लि., जे.पी. वी.एम.जी. प्रा.लि., ए.एस.पी.एन. इन्फोडायनेमिक प्रा.लि., सिसका इलेक्ट्रानिक एण्ड मैनेजमेंट इन्टरप्राइजेज, ब्राइट फ्यूचर, डिक्सन टेक्नालाजी इण्डिया लि., सर्वसिद्ध मैनेजमेन्ट लि., गुडविल इण्डिया मैनेजमेंट प्रा.लि., इमोजा मार्केटप्लेस प्रा.लि., महादेव हनुमंत विजय प्लेसमेंट सर्विस, मास स्कील विन्टर प्रा.लि. सहित निजी क्षेत्र की लगभग 20 कम्पनिया प्रतिभाग कर रही है। ऐसी स्थिति में सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़ में पंजीकृत जॉब सीकर (बेरोजगार अभ्यर्थी) रोजगार हेतु पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in (रोजगार मेलो में रिक्तियां देखने के लिए यहां क्लिक करें) पर क्लिक कर उपरोक्त कम्पनियों के विज्ञापित रिक्तियों के विवरण देखकर अपने पंजीयन यूजर आई.डी. का प्रयोग कर आन-लाईन आवेदन करते हुये अवसर का लाभ उठायें। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नही है।

## गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा ने की आत्महत्या, दो लड़कों में फंदे से उतारा

**प्रयागराज।** कैन्ट थाना क्षेत्र में पीसीएस की तैयारी कर रही 25 साल की छात्रा गर्ल्स हॉस्टल में फंदे से लटकी मिली। आधी रात में गर्ल्स हॉस्टल पहुंचकर दो युवकों ने छात्रा को फंदे से उतारा। इसके बाद उसे बेली अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, तो दोनों युवक अस्पताल में शव छोड़कर भाग गए। इसके बाद हंगामा मचा मौके पर पुलिस पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद के मानिकपुर थाना क्षेत्र के अंतपुर निवासी सुशील कुमार पांडेय की बेटी लिया कैन्ट थाना क्षेत्र के एक गर्ल्स हास्टल में रहकर पीसीएस की तैयारी कर रही थी। पूरी घटना सोमवार रात करीब 1 बजे कैंट थाना क्षेत्र में हुई।

रिया पांडेय हॉस्टल में रहकर 4 सालों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। इससे पहले वह किराए के मकान में रहती थी।

# मुख्यमंत्री से की फरियाद तो नाराज हुए इंस्पेक्टर साहब

- जांच स्थानांतरित होने के बाद भी नहीं खुल सका विजय पांडेय की हत्या का राज

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** करछना अंतर्गत ढाबे पर हुई ट्रक ड्राईवर विजय पांडे की हत्या के 5 माह बीत जाने के बाद भी हाइटेक कमिश्नरी पुलिस के हाथ खाली हैं। पति के हत्यारों पर कार्यवाही को लेकर विजय की पत्नी तीसरी बार सीएम योगी के दरबार में पहुंची। इससे घटना की जांच कर रहे हैं सोरांव थाना प्रभारी नाराज हो गए और कहा मैं जांच नही कर पाऊंगा। ज्ञात हो कि जनपद प्रतापगढ़ के नगर पंचायत गड़वारा क्षेत्र निवासी विजय पांडे की करछना थाना क्षेत्र 26/8/2025 को हत्या हो गई थी। घटना के डेढ़ माह बाद करछना थाना में 7 नामजद आरोपियों के विरुद्ध हत्या जैसी संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई थी। घटना में मारपीट के स्पष्ट सबूत और पीएम रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर गले पर प्रहार से हुई मृत्यु के स्पष्ट रिपोर्ट के बावजूद पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध सबूत नहीं मिल पा रहा है।

इस मामले में विजय की पत्नी दो बार पहले भी मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी व्यथा बता चुकी है। इस पर मुख्यमंत्री के आदेश पर घटना की जांच करछना थाने से हटकर सोरांव थाना के प्रभारी निरीक्षक को दे दी गई थी। लेकिन इंस्पेक्टर सोरांव अज्ञभी मामले की जांच को लटकाए रखें।

इससे क्षुब्ध मृतक विजय पांडे की पत्नी ने कल सोमवार को तीसरी बार सीएम योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में उनसे मिलकर न्याय की गुहार लगाई।

यह जानकारी मिलते ही नाराज हुए सोरांव थाना प्रभारी निरीक्षक नाराज हो गए। उन्होंने फोन पर पीड़ित को धमकाते हुए बोले अपनी जांच कहीं और से करवा लो, इस मुकदमे की जांच हम नहीं कर पाएंगे। मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस इस मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कर सकी है।

## अन्तरमहाविद्यालयीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के दर्शनशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य मे अन्तरमहाविद्यालयीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इलाहबाद विश्वविद्यालय के साथ पाँच महाविद्यालयो के छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आरम्भ प्राचार्या प्रो आशिमा घोष ने बच्चो को आशीर्वचन दे कर किया। कार्यक्रम में संयोजक दर्शनशास्त्र प्रो नीलिमा मिश्रा, डॉ कस्तूरी भारद्वाज, डॉ रूपम मिश्र,डॉ अंजलि शिवहरे व छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-मु., जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 2394/EE (HQ) 25-26 दिनांक : 20/01/2026

(अति-अल्पकालीन निविदा सूचना)

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 27-01-2026 अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-मु0 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाऐं दिनांक 27-01-2026 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन- मु. के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाऐं दिनांक 21-01-2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-मु0 के कार्यालय में खोली जायेगी।

1. जलकल विभाग जोन मु0 के अन्तर्गत द्वितीय जलकल बालागंज में 11 के0वी0 1200 एम्पियर की आउटगोईंग नम्बर-1 में लगे वी.सी.बी., स्पॉउट, जॉ-कॉन्टेक्ट की सर्विसिंग एवं स्पेयर पार्टस बदलने का कार्य, धरोहर राशि रू0 7600.00 एवं निविदा मूल्य रू0 400.00
2. जलकल विभाग जोन-मु0 के अन्तर्गत द्वितीय जलकल बालागंज में 11 के0वी0 1200 एम्पियर की आउटगोईंग नम्बर-2 में लगे वी.सी.बी., स्पॉउट, जॉ-कॉन्टेक्ट की सर्विसिंग एवं स्पेयर पार्टस बदलने का कार्य, धरोहर राशि रू0 7600.00 एवं निविदा मूल्य रू0 400.00

प्र. अधिशासी अभियन्ता, जोन-मु.
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

# मेकमायट्रिप ने पेश किए महिलाओं के लिए सुरक्षा और भरोसे से जुड़े संकेत

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप तकनीकी और यूज़र द्वारा साझा की गई जानकारियों का उपयोगकरते हुए महिला यात्रियों को स्टे और इंटरसिटी बस बुकिंग के दौरान अधिक भरोसे के साथ निर्णय लेने में मदद कर रही है। यह पहल प्लेटफ़ॉर्म पर सामने आए यूज़रव्यवहार के ट्रेंड्स पर आधारित है, जिनसे साफ़ होता है कि महिला यात्री बुकिंग सेपहले विकल्पों की बारीकी से जांच-परख करती हैं। इसमें रिव्यू पर अधिक क्लिककरना यानी रिव्यूज़ को ध्यान से पढ़ना, मैप्स और स्ट्रीट व्यू पर ज़्यादा समय देनाऔर बुकिंग कन्फ र्म करने से पहले अन्य मेहमानों द्वारा अपलोड की गई तस्वीरों कोबारीकी से देखना शामिल है।मेकमायट्रिप के को-फाउंडर औरग्रुप सीईओ राजेश मागो ने कहा महिलाएं अपनी यात्रा की योजना बनातेसमय पहले से ही बेहद सतर्क रहती हैं। प्लेटफॉर्म पर दिख रहे बुकिंग पैटर्न से पताचलता है कि वे स्टे और यात्रा

**पहचान**

**एआई केवल महिला यात्रियों द्वारा की गई यात्राओं से जुड़ेरिव्यू की पहचान करता है और उन्हें समय की पाबंदी, सुरक्षा और साफ़-सफाईजैसे प्रमुख सरोकारों के आधार पर फ़िल्टर करता है।**

मार्गकृदोनों का मूल्यांकन कितनी सोच-समझकरकरती हैं। हम अपने विशाल डेटा भंडार और एआई की शक्ति से इस योजना प्रक्रिया कोउनके लिए आसान बनाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि वे पूरी जानकारी के आधार परनिर्णय ले सकें। यही रुझान बुकिंग के तरीक़ोंमें भी नज़र आते हैं। महिलाएँ पुरुषों की तुलना में कम से कम 15 दिन पहले50 प्रतिशत अधिक स्टे बुक कर रही हैं और प्रीमियम व ब्रांडेड प्रॉपर्टीज़ के प्रति उनकीपसंद 16 प्रतिशत अधिक देखी गई है। जैसे-जैसे महिला यात्री टियर-1 सेटियर-3 शहरों की ओर बढ़ती हैं, यह पसंद और भी स्पष्ट हो जातीहै, जहाँ ब्रांडेड स्टे उनके लिए भरोसे का मानक बन जाते हैं। इंटरसिटी बस रूट्स परअकेले यात्रा करने वाली महिलाएं आमतौर पर ऐसी सीटिंग व्यवस्था को चुनना पसंद करतीहैं, जिसमें उन्हें अन्य महिलाओं के पास बैठने का विकल्प मिले, न कि मिश्रित सीटिंगमें।

जब सिस्टम को यह पता चलता है किकोई महिला स्टे की योजना बना रही है, तो सुरक्षा और भरोसे से जुड़े अहमबिंदु उभरकर सामने आते हैं या हाईलाइट किए जाते हैं। एआई-आधारितसारांश स्टे की खोज प्रक्रिया के दौरान स्टाफ के व्यवहार और लोकेशन की सुरक्षाजैसे संकेतों को सामने लाते हैं। इसके साथ ही सीसीटीवी, डोर आई, डोर चेनऔर फुल-लेंथ मिरर जैसी महिला-केंद्रित सुविधाओं के बारे में जानकारीभी अधिक स्पष्ट रूप से दिखाए जाते हैं, ताकि यात्री होटल/प्रॉपर्टी में सुरक्षा केपुख्ता इंतज़ामों को आसानी से समझ सकें। यात्री निर्णय लेने से पहले प्लेटफ़ॉर्मपर पहले से उपलब्ध स्ट्रीट व्यू फ़ीचर के ज़रिये आसपास की सड़कों और प्रॉपर्टी तकपहुँच के रास्ते को भी देख सकती हैं।इंटरसिटी बस यात्राओं में भी यहीतरीका अपनाया गया है।

एआई केवल महिला यात्रियों द्वारा की गई यात्राओं से जुड़ेरिव्यू की पहचान करता है और उन्हें समय की पाबंदी, सुरक्षा और साफ़-सफाईजैसे प्रमुख सरोकारों के आधार पर फ़िल्टर करता है। प्रत्येक विशेषता को एकसेंटिमेंट टैग दिया जाता है, जिससे महिलाएँ फीडबैक का तेज़ी से आकलन कर पाती हैंऔर अधिक भरोसे के साथ निर्णय ले सकती हैं। जब कोई महिला डबल बर्थ के एकहिस्से की बुकिंग करती है, तो उससे सटी हुई बर्थ अपने आप केवल महिलाओं के लिएसीमित कर दी जाती है, ताकि अजनबी पुरुषों के बगल में बैठने की असहजता से बचाजा सके। यह व्यवस्था खास तौर पर रात की या लंबी दूरी की यात्राओं के दौराननिश्चिंतता की एक अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती है।इसके पीछे दो-तरफातैयारी है।एक स्तर पर एआई की सहायता से लाखों रिव्यू और यूज़र द्वारा साझा किए गएफीडबैक का विश्लेषण किया जाता है, ताकि यह समझा जा सके कि महिला यात्रीअपने स्टे और यात्रा मार्गों को किस तरह परखती हैं।

दूसरा स्तर लगभग 97,000 होटलऔर ठहरने के स्थानों और 3,500 से अधिक इंटरसिटी बस ऑपरेटर्स से प्राप्त पार्टनर्ससे प्राप्त व्यवस्थित डेटा पर आधारित है, जिसमें सुविधाओं, सुरक्षा इंतज़ामोंऔर संचालन से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी शामिल है। ये दोनों मिलकर वह आधारबनाते हैं, जिसके ज़रिये महिलाएं अपने विकल्पों को अधिक स्पष्ट रूप से देखऔर समझ सकती हैं।

## मोटोरोला ने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स पर रोमांचक रिपब्लिक डे ऑफर्स की घोषणा की

**नई दिल्ली।** मोबाइल फोन इनोवेशन में दुनिया की प्रमुख कंपनी और भारत के मशहूर एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स पर रोमांचक रिपब्लिक डे ऑफर्स की घोषणा की है। इन ऑफर्स के तहत, उपभोक्ताओं को अविश्वसनीय कीमतों में ढेरों फीचर्स से लैस 5जी डिवाइस में अपग्रेड करने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। ये ऑफर्स आज से शुरू हो रही फ्लिपकार्ट रिपब्लिक डे सेल के दौरान उपलब्ध होंगे। रिपब्लिक डे सेल के तहत, मोटोरोला अपने पोर्टफोलियो से सबसे अधिक फीचर वाले स्मार्टफोन आकर्षक कीमतों पर पेश करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहरा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को बेजोड़ मूल्य मिल सके। ऐसे समय में जब पूरे उद्योग में स्मार्टफोन की कीमतों में वृद्धि देखी गई है, मोटोरोला ने अपनी पूरी रेंज में शानदार कीमतों में पैसा वसूल उत्पाद देना जारी रखा है। इससे उपभोक्ताओं को बड़ी आसानी से उनके स्मार्टफोन में प्रीमियम डिजाइन, उन्नत कैमरा और एआई क्षमताएं, शक्तिशाली प्रदर्शन और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी मिल रही है। रिपब्लिक डे सेल मोटोरोला के लोकप्रिय ऐज और मोटो जी सीरीज पोर्टफोलियो पर लागू है, जिससे हर उपभोक्ता वर्ग को एक शक्तिशाली और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ स्मार्टफोन विकल्प मिलेगा। फ्लैगशिप ऐज सीरीज से शुरू करते हुए, मोटोरोला ऐज 60 प्रो को सिर्फ 25,999 रुपये की प्रभावी कीमत पर खरीदा जा सकता है, जो पहले 29,999 रुपये थी, इससे यह अपनी कीमत में सबसे अच्छा फ्लैगशिप ग्रेड फोन् बन गया है। मोटोरोला ऐज 60 प्रो प्रो उन्नत मोटो एआई क्षमताओं से संचालित एक वास्तविक फ्लैगशिप-ग्रेड अनुभव प्रदान करता है और इसमें सेगमेंट का एकमात्र 50एमपी प्लस 50एमपी प्लस 50एक्स एआई-पावर्ड कैमरा सिस्टम है, जो हर परिदृश्य में शानदार फोटोग्राफी के लिए है। मोटोरोला के प्रीमियम पोर्टफोलियो को और मजबूत करते हुए, सेगमेंट का बेस्टसेलर फोन मोटोरोला ऐज 60 फ्यूजन को सिर्फ 19,999 रुपये की प्रभावी कीमत पर खरीदा जा सकता है। स्मार्टफोन में दुनिया का सबसे शानदार 1.5के ऑल-कर्व्ड डिस्प्ले है, जो बेहतरीन कलर्स के साथ शानदार विजुअल्स प्रदान करता है। अपर मिड-रेंज सेगमेंट की बात करें तो, मोटो जी96 5जी 16,999 रुपये की शुद्ध प्रभावी कीमत पर उपलब्ध होगा, पहले इसकी कीमत 18,999 रुपये थी।

## क्रोमा की धमाकेदार गणतंत्र दिवस सेल शुरूः एप्पल और सैमसंग जैसे बड़े ब्रांड्स पर मिल रहे हैं आकर्षक ऑफर्स

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, क्रोमा ने अपनी बहुप्रतीक्षित गणतंत्र दिवस सेल की घोषणा की है। इस सेल में स्मार्टफोन, लैपटॉप, टेलीविजन, बड़े उपकरणों और ऑडियो उत्पादों पर शानदार डील्स और ऑफर्स उपलब्ध हैं। यह सेल अब सभी क्रोमा स्टोर्स पर लाइव है और 26 जनवरी तक जारी रहेगी।

क्रोमा स्टोर्स पर खरीदारी करने वाले ग्राहक बैंक कैशबैक, एक्सचेंज बोनस, छात्रों के लिए विशेष मूल्य (स्पेशल स्टूडेंट प्राइजग़ि), और आसान ईएमआई विकल्पों का लाभ उठा सकते हैं, जिससे यह साल की सबसे मूल्यवान इलेक्ट्रॉनिक्स सेल में से एक बन गई है। सभी कीमतें और ऑफ़र ब्रांड, मॉडल, स्टोर, दिन, शहर और उपलब्धता के आधार पर भिन्न हो सकते हैं, और लागू बैंक या फाइनेंस पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं। इसके अतिरिक्त, एचडीएफसी टाटा नेऊ कार्ड धारक चुनिंदा एप्पल उत्पादों पर 10त्न तक की अतिरिक्त बचत कर सकते हैं, जिससे इस सीज़न के ऑफ़र और भी आकर्षक हो गए हैं। स्मार्टफोन की दुनिया में इस बार एप्पल के डिवाइस पर सबसे बेहतरीन डिस्काउंट मिल रहे हैं। गणतंत्र दिवस के ऑफर्स के दौरान, 82,900 की कीमत वाला iPhone 17 अब आप केवल 47,990 की प्रभावी कीमत पर खरीद सकते हैं।

स्मार्टफोन के प्रति बढ़ते उत्साह के बीच, सैमसंग S25 मॉडल पर कुछ ऐसे शानदार ऑफर्स उपलब्ध हैं जिन्हें आप बिल्कुल भी मिस नहीं करना चाहेंगे- क्रोमा लैपटॉप कैटेगरी में भी जबरदस्त ऑफर्स दे रहा है। मैकबुक एयर My अपनी मूल कीमत से भारी कटौती के साथ 55,911 की विशेष स्टूडेंट प्राइस पर उपलब्ध है।

# मानव स्वास्थ्य, पोषण और स्थिरता में पाम ऑयल की भूमिका पर HBTU, कानपुर में सेमिनार का आयोजन



**कानपुर।** पोषण विज्ञान, खाद्य विनियमन, कार्डियोलॉजी और ऑयल टेक्नोथलॉजी के प्रमुख विशेषज्ञों ने पाम ऑयल और मानव स्वास्थ्य, पोषण एवं स्थिरता में इसकी भूमिका पर विज्ञान-आधारित चर्चा का आह्वान किया। यह चर्चा हारकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कानपुर में आयोजित ÷मानव स्वास्थ्य, पोषण और स्थिरता में पाम ऑयल की भूमिका- संतुलित सत्य÷ विषय पर आधारित आधे दिन के सेमिनार के दौरान हुई। ऑयल टेक्नोलॉजी विभाग, हारकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी कानपुर और ऑयल टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया, सेंट्रल जोन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस सेमिनार में पोषण विज्ञान, चिकित्सा अनुसंधान, खाद्य विनियमन, स्थिरता और ऑयल टेक्नोलॉजी के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया गया, ताकि पाम ऑयल से जुड़े पुराने मिथकों को दूर कर साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा सके। यह सेमिनार दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले खाद्य तेलों में से एक पर सही और वैज्ञानिक चर्चा के लिए एक बेहतरीन मंच साबित हुआ। पाम ऑयल सस्ता होने, इसे कई तरह से इस्तेमाल किए जा सकने और हर तरह के खाने व प्रोसेसिंग में भरोसेमंद होने की वजह से भारत की भोजन व्यवस्था का एक जरूरी हिस्सा है। इसकी लगातार उपलब्धता और बड़े स्तर पर इस्तेमाल देश में तेल की कमी को पूरा करने में मदद करता है, जिससे आम परिवारों, होटल-रेस्टोरेंट चलाने वालों और डिब्बाबंद खाना बनाने वाले उद्योगों को आसानी से तेल मिल जाता है और उनकी खाद्य सुरक्षा बनी रहती है। सेमिनार के दौरान साझा की गई वैज्ञानिक जानकारियों ने पता चला कि पाम ऑयल संतृप्त और असंतृप्त फैटी एसिड का एक संतुलित मिश्रण है, जो रोजमर्रा का खाना पकाने के लिए उपयुक्त है, खासतौर से जब इसे बैलेंस्डा डाइट के रूप में लिया जाए। इसकी उच्च ऑक्सीडेटिव स्थिरता इसे तेज आंच पर खाना पकाने की स्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने की अनुमति देती है, जिससे अन्य वनस्पति तेलों की तुलना में भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने और हानिकारक यौगिकों के निर्माण को कम करने में मदद मिलती है।

पाम ऑयल विटामिन ईटोकोट्रिएनोल्स का एक प्राकृतिक स्रोत भी है, जो अपने एंटी ऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाने जाते हैं।चर्चा के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि सेहत के लिए किसी एक तेल को पूरी तरह छोड़ देना ही काफी नहीं है।

इसके बजाय, हम दिन भर में क्या और कैसा खाना खाते हैं, हमारी जीवनशैली कैसी है और हम चीजों का इस्तेमाल कितने संयम से करते हैं, ये बातें हमारी सेहत पर कहीं ज्यादा असर डालती हैं।

## एचडीएफसी बैंक सोशल इम्पैक्ट स्टार्टअप्स को देगा 20 करोड़ रुपये- परिवर्तन स्टार्टअप ग्रांट्स के 9वें एडिशन में

**मुंबई।** भारत के प्रमुख प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक ने आज अपने फ्लैगशिप प्रोग्राम परिवर्तन स्टार्टअप ग्रांट्स प्रोग्राम के वित्तीय वर्ष 2026 एडिशन को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह प्रोग्राम सोशल इम्पैक्ट-आधारित इनोवेशन को सपोर्ट करता है और पिछले सालों की सीख के आधार पर क्लाइमेट इनोवेशन, एग्रीकल्चर और सस्टेनेबल आजीविका, मैन्युफैक्चरिंग और एमएसएमई इनोवेशन, फाइनेंशियल इन्क्लूजन, और जेंडर डाइवर्सिटी और इन्क्लूजन सहित प्रायोरिटी वाले सेक्टर्स में 10 स्ट्रेटेजिक पहलों को सपोर्ट करेगा, साथ ही एआई और डीप टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों को भी शामिल करेगा। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन वित्त वर्ष (स्न्ङ्ग) -26 में नॉन-डाइल्यूटिव ग्रांट्स के ज़रिए 20 करोड़ रुपये देगा जो आमतौर पर पायलट, वैलिडेशन और शुरुआती स्टेज के स्केल-अप को सक्षम बनाएगा। एफआई-26 एडिशन प्रोग्राम के 10-साल के मील पत्थर की ओर लगातार प्रगति को भी दिखाता है साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों के प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े इनक्यूबेटर्स के साथ पार्टनरशिप का विस्तार भी करता है। परिवर्तन स्टार्टअप ग्रांट्स प्रोग्राम एक इनक्यूबेटर-आधारित, पोर्टफोलियो-आधारित मॉडल को फॉलो करता है, जिसके तहत पार्टनर इनक्यूबेटर प्रोग्राम डिज़ाइन, स्टार्टअप आउटरीच, मूल्यांकन, मेंटरिंग, मॉनिटरिंग और इम्पैक्ट रिपोर्टिंग का नेतृत्व करते हैं। इंस्टीट्यूशन-मैप्ड फोकस एरिया के साथ एक ज़्यादा बेहतर सेक्टर-आधारित अप्रोच, जैसे आईआईटी मद्रास इनक्यूबेशन सेंटर के साथ डीप-टेक, आईआईसीएस बैंगलोर- एफएसआईडी और एसआईएनई आईआईटी बॉम्बे, आईआईएम बैंगलोर - एनएसआरसीईएल और आईआईएम लखनऊ एंटरप्राइज इनक्यूबेशन सेंटर के साथ फाइनेंशियल इंक्लूजन, टी-वर्कस के साथ मैन्युफैक्चरिंग एक्सेलेरेटर, बिट्स पिलानी के साथ क्लाइमेट इनोवेशन, और विल्ग्रारो इनोवेशन फाउंडेशन के साथ वेस्ट मैनेजमेंट।

# वी-गार्ड ने रचा इतिहास, इन-हाउस निर्मित इंडक्शन कुकटॉप बना भारत का पहला 5-स्टार बीईई मॉडल




**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की अग्रणी कंपनी वी-गार्ड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है। कंपनी के इन-हाउस विकसित इंडक्शन कुकटॉप मॉडल VIC06V1 को ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा 5-स्टार ऊर्जा दक्षता रेटिंग प्रदान की गई है। यह सम्मान प्राप्त करने वाला यह भारत का पहला इंडक्शन कुकटॉप मॉडल है।

यह मान्यता ऊर्जा-कुशल नवाचार, इन-हाउस डिजाइन क्षमता, उच्च निर्माण मानकों और गुणवत्ता के प्रति वी-गार्ड की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती है। VIC06V1 को वी-गार्ड की पेरुंदुरई स्थित अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई में डिज़ाइन और निर्मित किया गया है। यह इंडक्शन कुकटॉप तेज़, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल कुकिंग अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है, ताकि उपभोक्ता सुविधा और प्रदर्शन से समझौता किए बिना बिजली की खपत कम कर सकें। 5-स्टार बीईई रेटिंग से लैस यह इंडक्शन कुकटॉप अधिकतम 1600 वॉट की पावर देता है। इसमें 8 पावर और तापमान स्तरों के साथ 8 प्री-सेट कुकिंग मोड भी उपलब्ध हैं, जो रोज़मर्रा के खाना पकाने को अधिक सरल और ऊर्जा-सक्षम बनाते हैं। इसका सॉफ्ट-टच स्विच, स्पष्ट डिजिटल डिस्प्ले, 4-घंटे का टाइमर, 24-घंटे का प्री-सेट फ़ंक्शन तथा ऊर्जा और वोल्टेज इंडिकेटर कुकिंग अनुभव को और सुगम बनाते हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस मॉडल में 3 केवी सर्ज प्रोटेक्शन, हाई-लो वोल्टेज कट-ऑफ और BIS सर्टिफिकेशन दिया गया है। ग्रेड-ए क्रिस्टलाइन ग्लास पैनल इसे मज़बूती के साथ दिखने में भी खूबसूरत बनाता है। हल्का डिज़ाइन और वाइड वोल्टेज वर्किंग रेंज इसे तेज़ और ऊर्जा-कुशल कुकिंग के लिए उपयुक्त बनाते हैं। प्रोडक्ट पर 1 वर्ष की वारंटी और इंडक्शन कॉइल पर 3 वर्ष की वारंटी उपभोक्ताओं के भरोसे को और मजबूत करती है।

इस उपलब्धि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वी-गार्ड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री मिथुन चिट्टिलप्पिली ने कहा, यह सम्मान इन-हाउस डिजाइन, निर्माण उत्कृष्टता, गुणवत्ता मानकों और ऊर्जा-कुशल नवाचार पर हमारे सतत ध्यान का परिणाम है। यह उपलब्धि उद्योग के लिए नया मानक तय करती है और ऊर्जा-कुशल होम अप्लायंसेज़ के क्षेत्र में वी-गार्ड की नेतृत्व स्थिति को और सुदृढ़ करती है।

# विशेषज्ञों ने नवाचार-समर्थित जागरूकता की अपील की

**नई दिल्ली।** सिप्ला ने इनहेल द चेंज शुरु किया है। यह बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन के साथ एक देशव्यापी जागरूकता पहल है। इसका मकसद इंसुलिन थेरेपी से जुड़ी भावना और व्यवहार संबंधी दिक्कतों को दूर करना है। डायबिटीज भारत की सबसे बड़ी जन स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इसकी वजह से लोग लंबे समय तक बीमार रहते हैं और यह मौत का कारण भी बनता है। भारत में 10 करोड़ से ज़्यादा लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं।वास्तविक जीवन की इन बाधाओं को दूर करने की ज़रूरत पर ज़ोर देते हुए, एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. मंजरी द्विवेदी, ने कहा-÷समय पर इंसुलिन लेना शुरू करना गेम-चेंजर हो सकता है, लेकिन कई मरीज़ डर, गलत जानकारी या बहुत ज़्यादा भावनात्मक थकान की वजह से हिचकिचाते हैं।4 हमें ऐसी जगह बनाने की ज़रूरत है, जहां इन चिंताओं को सुना और दूर किया जा सके। साथ ही आसान और सुविधाजनक विकल्प भी देने होंगे। सइनहेल द चेंज जैसी जागरूकता पहल, जो मरीज़ केंद्रित शिक्षा को चिकित्सीय जानकारी के साथ मिलाती हैं, थेरेपी से जुड़ी झिझक को कम करने और इलाज में भरोसा बनाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। असल में, कोई भी कोशिश जो इलाज के विकल्पों को आसान बनाती है और उनके उपयोग को आसान महसूस कराती है उसका स्वागत है – खासकर डायबिटीज़ जैसी लंबे समय तक चलने वाली बीमारियों में ।÷टाइप 1 डायबिटीज वाले लोगों के लिए इंसुलिन ज़रूरी है और टाइप 2 डायबिटीज वाले कई लोगों के लिए यह एक ज़रूरी थेरेपी बन जाता है। फिर भी, इंजेक्शन का डर, मुश्किल रूटीन और समाज में परेशानी जैसी रोज़मर्रा की रुकावटें अक्सर मरीज़ों को इलाज शुरू करने या उसे जारी रखने से रोकती हैं।

## नैक्स्ट-जनरेशन इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी प्लेटफॉर्म, एलएनके एनर्जी का लॉन्च 10,000 करोड़ रुपये की प्रारंभिक निवेश योजना के साथ हुआ



**नई दिल्ली।** आज नैक्स्ट-जनरेशन इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी प्लेटफॉर्म, एलएनके एनर्जी का लॉन्च 10,000 करोड़ रुपये की प्रारंभिक निवेश योजना के साथ हुआ। यह निवेश अगले पाँच सालों में किया जाएगा। एलएनके एनर्जी एडवांस्ड मैनुफैक्चरिंग, ग्रीन फ्यूल्स और रिन्युएबल एनर्जी उत्पादन के क्षेत्र में काम करती है। दीर्घकालिक पूंजी लक्ष्यों के साथ कंपनी को उद्यमिता का लंबा अनुभव है। कंपनी का पहला प्रोजेक्ट इंटीग्रेटेड इनगॉट और वेफर निर्माण सुविधा के साथ 6 वॉट का सोलर सेल मॉड्यूल है, जो छत्रपति संभाजी नगर, महाराष्ट्र में 60 एकड़ जमीन में फैला होगा। इसके को-फाउंडर लढानी ग्रुप के मैनेजिंग पार्टनर एवं प्रमोटर, पारितोष लढानी, आरएनर्जी डायनामिक्स के को-फाउंडर, चेयरमैन एवं एमडी तथा सनसोर्स एनर्जी के को-फाउंडर एवं पूर्व एमडी, डॉ. कुशाग्र नंदन तथा बायो एनर्जी एंट्रप्रेन्योर और ऋश्रष्ठ, एलएनके एनर्जी के को-फाउंडर एवं सीईओ, वरुण कराड हैं। एलएनके एनर्जी द्वारा भारत में सस्टेनेबल विकास, जवाबदेह औद्योगिक विकास और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। लढानी ग्रुप का मुख्यालय लखनऊ में स्थित है और उत्तर प्रदेश में इसके व्यापक निवेश हैं। यह समूह भारत में कोका-कोला का सबसे बड़ा बॉटलर भी है। ऊर्जा की वैल्यू चेन में इंटीग्रेटेड रणनीति एलएनके एनर्जी की रणनीति ऊर्जा की वैल्यू चेन में एंड-टू-एंड प्रतिभागिता, भविष्य के लिए तैयार टेक्नोलॉजी का क्रियान्वयन, अनुशासित दीर्घकालिक पूंजी आवंटन, और भारत में स्वच्छ ऊर्जा तथा निर्माण के लक्ष्यों को पूरा करना है। आधुनिक टेक्नोलॉजी। विश्वस्तर की क्वालिटी। बैकवार्ड इंटीग्रेशन एलएनके एनर्जी की पहली बड़ी पहल है छत्रपति संभाजी नगर, महाराष्ट्र में इंटीग्रेटेड इनगॉट और वेफर प्लांट के साथ 6गीगावॉट की सोलर सेल और मॉड्यूल निर्माण सुविधा, जो 60 एकड़ जमीन पर फैली होगी। इस संयंत्र में आधुनिक टेक्नोलॉजी और विश्व की सर्वश्रेष्ठ विधियों द्वारा उच्च क्षमता के सोलर सेल और मॉड्यूल बनाए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए एलएनके एनर्जी और महाराष्ट्र सरकार के बीच हाल ही में एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। समय के साथ एलएनके एनर्जी द्वारा मुख्य सहायक उपकरणों, जैसे जंक्शन बॉक्स, बैटरी प्लेटफॉर्म और एनर्जी स्टोरेज उपकरणों का भी उत्पादन किया जाएगा, जिससे एक मजबूत घरेलू क्लीन एनर्जी ईकोसिस्टम का विकास होगा।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने लॉन्च की ऑल-इलेक्ट्रिक अर्बन क्रूज़र एबेला



**मुंबई।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज ऑल-इलेक्ट्रिक अर्बन क्रूज़र एबेला को लॉन्च करने की घोषणा की, जो भारत के बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में टोयोटा की पहली एंट्री है।इलेक्ट्रिफाइड मोबिलिटी में टोयोटा की ग्लोबल विशेषज्ञता के साथ, सभी इलेक्ट्रिक अर्बन क्रूज़र एबेला में बोल्ड एसयूवी स्टाइलिंग, प्रीमियम केबिन अनुभव के साथ अंदर ज़्यादा जगह, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और स्मूथ, भरोसेमंद इलेक्ट्रिक परफॉर्मेंस मिलती है।अर्बन एसयूवी कॉन्सेप्ट से बनी, ऑल-इलेक्ट्रिक अर्बन क्रूज़र एबेला टोयोटा के मल्टीपाथ अप्रोच को आगे बढ़ाने में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो ग्राहकों को इलेक्ट्रिफाइड पावरट्रेन टेक्नोलॉजी के ज़्यादा विकल्प देता है और भारत के एनर्जी सिक्योरिटी और डीकार्बनाइजेशन के लक्ष्य को सपोर्ट करता है।नई पेशकश पर कमेंट करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के चेयरमैन, मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, श्री मसाकाज़ू योशिमुरा ने कहा, ऑल-इलेक्ट्रिक अर्बन क्रूज़र एबेला का लॉन्च हमारे मल्टी-पाथवे अप्रोच को आगे बढ़ाने की दिशा में एक मुख्य कदम है, जहाँ हमारा लक्ष्य कार्बन न्यूट्रैलिटी में योगदान देना है और किसी को पीछे नहीं छोड़ना है। अब, भारत में ऑल-इलेक्ट्रिक अर्बन क्रूज़र एबेला के लॉन्च के साथ, हम भारत के ग्रीनर मोबिलिटी की ओर बदलाव में अपने समर्थन को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हमारी शानदार प्रोडक्ट लाइन-अप, टेक्नोलॉजी लीडरशिप, मजबूत आफ्टर सेल्स सर्विस और डीलरशिप नेटवर्क के साथ, हम सभी को मोबिलिटी की आज़ादी देते हुए अपने सस्टेनेबल मोबिलिटी लक्ष्यों को हासिल करना चाहते हैं।

# सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025: टेक्नोलॉजी की मदद से भारतीय खेल में पहुंच और लोगों की भागीदारी बढ़ाना

**नई दिल्ली।** खेल लंबे समय से सामाजिक गतिशीलता का साधन रहा है, लेकिन कोचिंग, सुविधाओं और एक्सपोजर तक एकजैसी पहुंच ना होना अक्सर प्रतिभा को भौगोलिक सीमाओं तक सीमित कर देती है। सैमसंग के प्रमुख शिक्षा कार्यक्रम, सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो (एसएफटी) 2025 में आईआईटी दिल्ली के साथ साझेदारी में, युवा इनोवेटर्स ने टेक्नोलॉजी की मदद से खेल को अवसरों का मार्ग बनाने की कल्पना की ताकि पहुंच और लोगों की भागीदारी को बढ़ाया जा सके। पूरे देश भर में हजारों छात्रों ने स्पोर्ट एंड टेक्नोलॉजी के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन थीम के तहत इसका जवाब दिया। यहां जानिए वे भारतीय खेलों तक कैसे पहुंच को आसान बना रहे हैं:

यह श्रेणी प्रशिक्षण, वर्चुअल कोचिंग, ई-स्पोर्ट्स और कौशल विकास तक पहुंच विस्तार करने वाले नवाचारों को आमंत्रित करती है - भारत भर के युवाओं के लिए बेहतरीन, आकांक्षी भविष्य बनाने का लक्ष्य। टेनिस खिलाड़ी और आईआईआईटी पुणे के कंप्यूटर साइंस छात्र आदीश शेलके और भाग्यश्री मीणा ने नेक्स्टप्लेएआई बनाया। यह एक एआई-संचालित प्लेटफॉर्म है जो वीडियो एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग का उपयोग करके व्यक्तिगत फीडबैक और प्रदर्शन तुलना के माध्यम से खेल क्षमता को सामने लाता है। उनका लक्ष्य है- कहीं भी एलीट मार्गदर्शन को सुलभ और किफायती बनाना। अन्य फाइनलिस्ट और विजेता सभी के लिए खेल को सुलभ बनाने वाली तकनीक विकसित कर रहे हैं, जिनमें शामिल हैं: शतरंज स्वयं क्रू (असम)- दृष्टिबाधित लोगों को स्वतंत्र रूप से शतरंज खेलने में सक्षम बनाने के लिए एआई-संचालित समाधान, जो FIDE कॉम्प्लाएंट है

स्पोर्ट्स4ऑटिज्म (तमिलनाडु): ऑटिस्टिक बच्चों के लिए थेरेपी को खेलों के माध्यम से गेमिफाई करने वाला हाइब्रिड ऐप जो प्रगति को ट्रैक करता है और जुड़ाव को बेहतर बनाता है

स्टेटसकोड200 (उत्तर प्रदेश): छात्र एथलीटों को व्यक्तिगत कोचिंग के लिए उनका कौशल (पोश्चर डिटेक्शन, कौशल स्तर) सुधारने में मदद करने वाला एआई-पावर्ड ऐप

यूनिटी (तमिलनाडु)- ऑटिस्टिक बच्चों के लिए संज्ञानात्मक विकास के लिए गेमिफाइड दृष्टिकोण रखने वाली एक पेटेंटेड डिवाइस।

विजेताओं को आईआईटी दिल्ली में 1 करोड़ रुपये तक का इनक्यूबेशन सपोर्ट मिला, साथ ही शीर्ष टीमों के लिए अतिरिक्त पुरस्कार भी थे, जिसमें 1 लाख रुपये का ग्रांट(अनुदान), गुडविल अवॉर्ड्स और यंग इनोवेटर अवॉर्ड्स शामिल हैं, और शीर्ष 20 टीमों के लिए सैमसंग गैलेक्सी फ्लिप स्मार्टफोन का भी इंतजाम किया गया।

2025 कोहोर्ट में टियर-II और टियर-III शहरों से मजबूत भागीदारी देखी गई, पूर्व छात्रों ने नए छात्रों की मेंटरिंग की और प्रोटोटाइपिंग के लिए आईआईटी दिल्ली के FITT लैब्स तक पहुंच प्रदान की गई - मेट्रो शहरों से परे खेल तकनीक नवाचार के प्रसार को बढ़ावा मिला।

प्रतिभागियों ने सहानुभूति को प्राथमिकता देने वाले इनोवेशन पर केंद्रित डिजाइन-थिंकिंग वर्कशॉप्स में भाग लिया, जिम्मेदार एआई सिद्धांतों के अनुरूप टेक्नोलॉजी के लिए टेक्नोलॉजी के बजाय वास्तविक सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने पर जोर।

# अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास को नई दिशा देगा आईडब्ल्यूडीसी 3.0

**लखनऊ।** अंतर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र की उपलब्धियों को रेखांकित करने और इसके भविष्य के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने के उद्देश्य से अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद की तीसरी बैठक 23 जनवरी, 2026 को कोच्चि, केरल में आयोजित की जाएगी। यह एक दिवसीय बैठक केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री श्री शांतनु ठाकुर सहित विभिन्न राज्य सरकारों के मंत्री भी इस बैठक में भाग लेंगे। बैठक के दौरान पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री विभिन्न राज्यों में अंतर्देशीय जल परिवहन के और विकास के लिए नई पहलों का शुभारंभ करेंगे। कई राज्य समर्थन समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है, जिससे अंतर्देशीय जल परिवहन परियोजनाओं के लिए केंद्र-राज्य सहयोग को और सुदृढ़ किया जाएगा।

# अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा उपकरण के साथ आरोपी गिरफ्तार

बृजेश कुमार शुक्ल

**बस्ती।** प्रभारी एसओजी मय टीम के नेतृत्व में थानाध्यक्ष कलवारी मय टीम, थानाध्यक्ष नगर मय पुलिस टीम एवं चौकी प्रभारी मांझा खुर्द की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मौके से थाना कलवारी क्षेत्र के मांझा खुर्द मे श्मसान घाट के पीछे निर्जन स्थान पर भट्ठी जलाकर अवैध तमन्चा व कारतूस बनाने वाले ताज मोहम्मद पुत्र तैयब निवासी कस्बा इलफातगंज थाना इब्राहिमपुर जिला अम्बेडकरनगर को दो अदद अवैध देशी तमन्चा 12 बोर, दो अदद अवैध देशी तमन्चा 315 बोर व एक अदद अवैध निर्मित देशी तमन्चा 315 बोर, दो अदद अवैध स्वनिर्मित जिन्दा कारतूस 12 बोर व एक अदद अवैध खोखा कारतूस 12 बोर मय असलहा व कारतूस बनाने के उपकरण के साथ समय रात में करीब 02.00 बजे गिरफ्तार किया गया।



सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर थाना कलवारी पर *मु0अ0सं0 10/2026 धारा 3/ 5/ 25/ 27 आयुध अधि0* पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपी पर पूर्व में थाना कोतवाली में मु0अ0सं0 641/ 2015 धारा 27, 3, 5/25, 7 आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत है। अवैध तमन्चा व कारतूस रखे जाने के सम्बन्ध मे कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह तमन्चा व कारतूस बनाकर अपने घर से बेचता था, लेकिन पुलिस जान चुकी थी और हमारे घर के तरफ पुलिस तलाश कर रही थी, इसीलिए इधर दो तीन बार से अपने घर से सवारी से तमंचा व कारतूस बनाने का सामान लेकर श्मशान आता हूँ, और यही पर रात के समय जब कोई नहीं रहता तो असलहा बनाता हूँ, और इसे चोरी- छिपे बेच देता हूँ। आज भी तमन्चा व कारतूस बना रहा था कि पुलिस आ गई और मुझे पकड़ लिये। इस पर पकड़े गये व्यक्ति से अवैध तमन्चा व कारतूस बनाने मे प्रयोग किये जाने वाले उपकरण के बारे मे पूछा गया तो उसके द्वारा पास में ही बोरे में व बगल में भट्ठी के पास रखे कुछ सामान/उपकरण की तरफ इशारा करके बताया गया कि इन्हीं सब उपकरण से तमन्चा कारतूस बनाता हूँ। गलती हो गयी माफ कर दिजिए। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कलवारी गजेन्द्र प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह ,एसओजी प्रभारी नि0 विकास यादव के साथ चौकी प्रभारी मांझा खुर्द उ0नि0 शैलेश कुमार यादव, थाना कलवारी, हे0का0 इरशाद खा, हे0का0 अभय उपाध्याय, का0 विजय यादव, का0 चंदन भारती, एसओजी टीम, जनपद बस्ती हे0का0 विपिन भट्ट, का0 देवेन्द्र निषाद, श्यामसुन्दर, थाना कलवारी, का0 सतेन्द्र यादव व शुभम सिंह, थाना नगर, हे0का0 सत्येन्द्र, सर्विलांस सेल शामिल रहे।

## भूमि विकास बैंक अध्यक्ष पद चुनाव संपन्न, भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

**बस्ती।** जनपद में भूमि विकास बैंक (सहकारी समिति) के अध्यक्ष पद का चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हर्रैया शाखा में दोपहर 12 बजे तथा बस्ती सदर शाखा में अपराह्न 1:30 बजे ब्लॉक कार्यालय परिसर में नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई।

इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी शाखा बस्ती से ओम प्रकाश त्रिपाठी एवं शाखा हर्रैया से श्याम बहादुर सिंह ने पीठासीन अधिकारी के समक्ष अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। चूंकि किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया, इसलिए चुनाव नियमों के अंतर्गत दोनों प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पहले ही दोनों शाखाओं के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई थी। भाजपा प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचन की खबर मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई।

# विद्युत उपकेंद्र पर पुराने ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खंड क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र गिदहा चक बैरिया में लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। मंगलवार को विद्युत विभाग ने इस समस्या के समाधान के लिए एक पुराना ट्रांसफार्मर भेजा। इसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने मौके पर पहुंचकर इसका विरोध शुरू कर दिया।ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद ट्रांसफार्मर को फाउंडेशन से हटाकर पावर हाउस परिसर के बाहर कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह ट्रांसफार्मर पुराना है और इसे किसी भी कीमत पर नहीं लगाया जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष गर्मी के मौसम में क्षेत्र के लोगों को भारी बिजली संकट का सामना करना पड़ा था। लो वोल्टेज, बार-बार फाल्ट और लंबी कटौती से लोग परेशान रहे थे। इसलिए इस बार वे पुराने ट्रांसफार्मर को



लगाने के पक्ष में नहीं हैं और स्थायी समाधान चाहते हैं।इस संबंध में एसडीओ कप्तानगंज ने बताया कि फिलहाल पुराने ट्रांसफार्मर को लगाने के निर्देश हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि क्षेत्र को पट्टन 1/32 से जोड़ने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद गर्मी के महीनों में लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

मनीष कुमार, जेई सेकेंडरी, ने बताया कि विभाग से जो ट्रांसफार्मर उन्हें उपलब्ध कराया गया है, उसी को लगाने की प्रक्रिया की जा रही है, लेकिन ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। इस मामले में गिदहा के जेई से फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक वे पुराने ट्रांसफार्मर को चालू नहीं होने देंगे और मांगों की अनदेखी होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

# सेवरही बस स्टैंड के लिए 2.84 करोड़ की धनराशि की मिली शासन से स्वीकृत

- विधायक डॉ. असीम कुमार के प्रयास से क्षेत्र को मिला विकास का नया तोहफा

अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी और गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। स्थानीय विधायक डॉ. असीम कुमार के निरंतर प्रयासों से शासन ने नगर पंचायत सेवरही के वार्ड संख्याङ्क6, शिव शक्ति नगर में स्थापित बहुप्रतीक्षित बस स्टैंड पड़ाव को भव्य एवं आधुनिक स्वरूप देने हेतु ?283.64 लाख (लगभग ?2.84 करोड़) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

विधायक डॉ. असीम कुमार के अनुसार यह महत्वपूर्ण स्वीकृति माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के



सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बस स्टैंड केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि तमकुहीराज क्षेत्र की नई पहचान बनेगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस बस स्टैंड के निर्माण से क्षेत्रवासियों को सुगम और सुरक्षित आवागमन, लंबी दूरी की बस सेवाओं की बेहतर उपलब्धता के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा शिक्षा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। वित्तीय स्वीकृति की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्रवासियों में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष रमेश व्याहुत, पूर्व सभासद ब्रजभूषण मिश्रा उर्फ बड़का बाबू, डा बाबूलाल गुप्ता, विनय तिवारी, मोती जायसवाल, का मानना है कि बस स्टैंड के भव्य निर्माण से सेवरही सहित आसपास के इलाकों का तेजी से विकास होगा और तमकुहीराज एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र के रूप में उभरेगा। कुल मिलाकर, यह परियोजना न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि तमकुहीराज की विकास यात्रा को नई दिशा और नई उड़ान देने का काम करेगी।

# बोर्ड परीक्षा : विद्यार्थियों के डाटा में त्रुटि सुधार का अंतिम मौका

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** यूपी बोर्ड 2026 की परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के डाटा में त्रुटि में सुधार का परिषद ने अंतिम मौका दिया है। क्षेत्रीय सचिव का पत्र आने के बाद डीआईओएस ने जिले के सभी प्रधानाचार्यो को विद्यार्थियों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, जिसे बोर्ड को भेजा जाएगा।

जिले में 22 राजकीय, 55 वित्तपोषित और 291 स्ववित्तपोषित समेत जिले में 368 माध्यमिक विद्यालय संचालित होते हैं। इन विद्यालयों में वर्ष 2026 की बोर्ड की परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। बोर्ड परीक्षा देने वाले कई ऐसे छात्र-छात्राएं हैं जिनके नाम, वर्ग विषय और जेंडर आदि में गड़बड़ी है। उसे सही कराने के लिए बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राएं अपने-अपने कॉलेजों का चक्कर लगा रहे हैं। इसको गंभीरता से लेते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने परीक्षार्थियों के डाटा में हुई त्रुटियों में सुधार के लिए अंतिम मौका दिया। उन्होंने डीआईओएस को पत्र जारी कर बताया कि विद्यार्थी का विवरण रिस्टोर करने, छात्र, उनके माता-पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि, छात्र के विषय, वर्ग, जन्मतिथि, जेंडर, जाति आदि में संशोधन करने के लिए आवश्यक प्रपत्र के साथ 25 जनवरी तक प्रधानाचार्य डीआईओएस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि डाटा में त्रुटि दूर करने के लिए परिषद ने अंतिम मौका दिया है। सभी प्रधानाचार्य नामावलियों से मिलान करते हुए छात्रों से आवेदन लेकर निर्धारित तिथि तक उनके कार्यालय में जमा करें। 25 जनवरी तक आने वाले आवेदनों की त्रुटि बोर्ड 31 जनवरी तक दूर करेगा। इससे कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो सके।

# गंडक नहर में डूब रही छोटी बहन को बचाने गई बड़ी बहन की डूबने से मौत

- जलावन के लिए पत्ता लेने गई थी छोटी बहन अचानक गिरकर डूबने लगी
- मुख्य पश्चिमी गंडक नगर से सटे रकबा दुलमा पट्टी गांव का मामला

अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रकबा दुलमा पट्टी स्थित मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में मंगलवार की सुबह छोटी बहन को डूबते देख बचाने गई बड़ी बहन की मौत हो गई। क्षेत्र में घटना की खबर मिलते ही सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी रही।

मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 8= 30 बजे उक्त ग्राम सभा के रकबा

गंडक नहर में डूबी युवती के घर जुटी लोगों की भीड़



टोला निवासी प्रमोद खरवार की पुत्री मनीषा खरवार (16) वर्ष अपने घर से कुछ दूरी पर मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के किनारे रखी गई गन्ना के पत्ता के ढेर से जलावन के लिए पत्ता लाने गई थी। अचानक पानी देखकर मिर्गी का दौरा आने के कारण चक्कर खाकर गिर पड़ी, और फिसलकर नहर में चली गई। नहर में पानी अधिक होने के कारण वह डूबने लगी। वहीं कुछ दूर पर खड़ी उसकी बड़ी बहन खुशबू खरवार (17) दौड़कर उसे बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी। यह घटना देख आसपास के कुछ उत्साही लोगों ने किसी तरह दोनों को नहर से निकाला। जिसमें बड़ी बहन खुशबू की डूबने से मौत हो गई। वहीं छोटी बहन मनीषा इस दुर्घटना में बाल बाल बच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक खुशबू के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है। इस सम्बन्ध में प्रभारी थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# रामकोला चीनी मिल ने 16 जनवरी तक किसानों के खाते में भेजा भुगतान

अवधनामा संवाददाता

**रामकोला, कुशीनगर।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला द्वारा किसानों को समयबद्ध गन्ना मूल्य भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में मिल प्रबंधन द्वारा 10 जनवरी से 16 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के बैंक खातों में अंतरित कर दिया गया है। जनपद में सर्वप्रथम पेराई कार्य प्रारंभ करने के साथ-साथ समय पर भुगतान कर मिल ने अपनी कार्यकुशलता एवं उत्कृष्ट परंपरा को एक बार फिर सिद्ध किया है।

प्रधान प्रबंधक श्री यशराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत उक्त अवधि में खरीदे गए गन्ने के सापेक्ष कुल 16 करोड़ 04 लाख रुपये की धनराशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसान हित सर्वोपरि है और मिल प्रबंधन का सतत प्रयास रहता है कि किसानों को समय पर भुगतान प्राप्त हो, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रधान प्रबंधक ने किसानों से अपील की कि वे मिल को केवल ताजा, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त गन्ने की आपूर्ति करें, ताकि पेराई कार्य निर्बाध रूप से संचालित किया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसान भाई अपनी संपूर्ण गन्ना आपूर्ति चीनी मिल को ही करें, जिससे उनका बेसिक कोटा बढ़े और भविष्य में उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

इसके अतिरिक्त उन्होंने किसानों को वसंतकालीन गन्ना बुआई के लिए उन्नत किस्में जैसे CO-0118, CoP-9301, CoLK-14201, CoLK-16202 एवं 18231 अपनाने तथा भूमि की उर्वरता एवं फसल सुरक्षा के लिए ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य प्रयोग करने की सलाह दी। प्रेस वार्ता के अवसर पर कारखाना प्रबंधक श्री मानवेंद्र राय एवं गन्ना प्रबंधक श्री इन्द्र कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# कसया में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुल्डोजर, हटाया गया अतिक्रमण

- अतिक्रमण से ही एक मासूम बच्ची की हो गई थी मौत

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** कस्बे के सपहा चौराहे पर बीते दिनों सड़क हादसे में मासूम बालिका सोनम (13) की मौत के बाद हरकत में आई प्रशासन ने मंगलवार को उक्त चौराहा से अतिक्रमण हटवाया।

बता दें कि सपहा चौराहा पर तुर्कपट्टी और सेखवनिया मार्ग के कई जगह पर दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था। अधिकांश स्थानों पर टिन शेड तो कई स्थानों पर अस्थायी दुकानदार लंबे समय से अतिक्रमण किए हुए थे। जिससे सखवनिया रोड व कसया रोड की तरफ बड़े वाहन मोड़ने में बहुत दिक्कत होती थी। साथ ही जाम की स्थिति तक बन जाती थी। नपा कुशीनगर के वार्ड संख्या 3 संत गाडगे नगर एवं वार्ड संख्या 8 पं. राजमंगल पांडेय नगर के सपहा चौराहे पर स्थानीय दुकानदारों द्वारा दोनों पटरियों समेत पीडब्ल्यूडी की सरकारी भूमि पर स्थाई दुकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे आय दिन चौराहे पर दुर्घटनाएं घटित हो रही है एवं जाम की समस्या बनी रहती है सोमवार को पीडब्ल्यूडी की सड़क की भूमि का सीमांकन करवाकर 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी। अतिक्रमण नहीं हटने पर एसडीएम कसया डॉ संतराज सिंह बघेल और तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में राजस्व, नगरपालिका, पुलिस की संयुक्त टीम को चौराहा पर पहुंची। टीम ने जेसीबी की मदद से अवैध अतिक्रमण टिन शेड, गुमटी, पोस्टर बैनर हटा दिया गया। टीम ने पहले सभी को चेतावनी दी और हटाने के लिए समय दिया। टीम को देखकर ही अधिकांश लोगों ने स्वयं ही अतिक्रमण हटाना शुरु कर दिया। इसमें अधिकाश दुकानदारों ने टिन शेड और ठेला पर सजाए दुकानदार सामान हटाकर ले गए, इसके बाद भी कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण न हटाने पर नगर पालिका परिषद के कर्मचारी जेसीबी से हटाना शुरु कर दिए। इस दौरान नगर पालिका के कर्मी से एक व्यक्ति से झड़प भी हुई। जिसपर एसडीएम ने थानाध्यक्ष कसया से आरोपी पर कार्रवाई करने के लिए कहा। एसडीएम कसया डॉ संतराज सिंह बघेल ने बताया कि नगर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। सड़क की सीमा में अतिक्रमण को पूरी तरह से दूर किया जाएगा।

# बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में मनाई गई बेगम साहिबा के 30वी पुण्यतिथि



- बेगम साहिबा बहुत ही परिश्रमी एवं जुझारु महिला थी : मुस्लिमा खातून

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** सोमवार को बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में स्व0 अलहाज खादिमा बेगम साहिबा की 30 वी पुण्यतिथि मनायी गयी । इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिकाओं और छात्राओं ने कलाम पाक की तिलावत की और स्व0 बेगम साहिवा के हक में दुआ की।

स्व0 बेगम साहिबा को याद करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य मुस्लिमा खातून ने कहा कि स्व0 बेगम साहिबा बहुत ही परिश्रमी एवं जुझारु महिला थी । अपने पति स्व0 अबुल खैर साहब की मृत्यु के पश्चात अकेले ही उनके द्वारा शुरू किये गये सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास के कार्यो को सफलतापूर्वक अनवरत जारी रखा। स्व0 बेगम साहिबा ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए सभी के शिक्षित होने पर अत्यधिक जोर दिया। उनका मानना था कि शिक्षा के अभाव में कोई भी कौम तरक्की नही कर सकता है। वो स्वयं भी विद्वान महिला थी इस्लाम धर्म के साथ-साथ उर्दू, अरबी एवं फारसी भाषा की बहुत अच्छी जानकार थी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रवक्ता अंजुम परवीन, स0अ0 उतरफा खातून, नुसरत फातिमा, शबाना अंजुम, खालिदा परवीन, रीता देवी, नजराना , नाजिश, शकील, सावित्री उपाध्याय, रचना सिंह आदि उपस्थित रहीं।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत

**अवधनामा ब्यूरो, कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के खरदर पुल के समीप ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज घायलों को उपचार लिए अस्पताल में भर्ती कराया आगया। मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर निवासी संदीप चौहान (20) और दोघरा निवासी अमन तिवारी (22) मंगलवार को तुर्कपट्टी की तरफ से सपहा की ओर जा रहे थे कि एक ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक के पीछे बैठा युवक ट्रक के पहिए में चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष तुर्कपट्टी स्वतंत्र कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भरी कराया गया। हादसे की सूचना मिलते परिजनों में चीख पुकार मच गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

## शतचंडी महायज्ञ खोखिया धाम का जल यात्रा आज

**बोदरवार, कुशीनगर।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ इक्कीस जनवरी से हो रहा है। इस महायज्ञ की कलश यात्रा में पांच सौ इक्यावन कुंवारी कन्याएं भाग ले रही हैं। शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति इकतीस जनवरी को विशाल भंडारे के साथ होगी। विकास खंड मोतीचक के खोखिया गांव में ग्यारह दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ इक्कीस जनवरी से किया जा रहा है। पं पवन मिश्रा की अगुवाई में इस महायज्ञ की कलशयात्रा खोखिया, बनकटा, मठिया, बोदरवार होते हुए साखोपार नहर पुल पर पहुंच कर जल भरेगी। इस आशय की जानकारी खोखिया ग्राम प्रधान दुर्गेश प्रताप दूबे ने दी। इस अवसर पर मारकंडेय सिंह, मनोज शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला, रमाशंकर सिंह, जोखन सिंह, उत्तम शुक्ला सहित समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई



**अमेठी।** मंगलवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सुलभ शौचालय का फाटक टूटा, लोग जाने से कर रहे परहेज

**अवधनामा संवाददाता, खड्डा, कुशीनगर।** नगर पंचायत छितौनी के पनियहवा नगर बाजार में स्थित सुलभ शौचालय अब बदहाल हो चुका है। जब कि इस शौचालय का बना हुआ ढाई वर्ष ही हुआ है।

बता दे कि अभी मात्र कुछ ही वर्ष पहले पनियहवा बाजार में आम जन की सुविधा के लिए शौचालय बना लेकिन वर्तमान की बात किया जाय तो वह शौचालय इस समय बेहद खराब हो चुका है। जिसके वजह से अब बाजार वासियों को शौच के लिए कोषों दूर जाना पड़ रहा है। मुख्य गेट का फाटक,फर्श सभी जगह जगह क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसके वजह से साफ-सफाई भी नहीं हो पा रहा है। शौचालय में अब गंदगी का अंबार है। दुर्गंध और गंदगी से लोग शौचालय में जाने से कटरा रहे है और आस पास गंदगी करना, लाजमी हो गया है। वार्ड निवासियों ने तत्काल ठीक करने की मांग की है। नगर पंचायत छितौनी के चेयरमैन अशोक निषाद ने बताया है कि समस्या की जानकारी हुई है बहुत जल्दी ही ठीक कर दिया जाएगा।

# मीना मंच से किशोर किशोरियों में प्रगति के पंख लगाएं शिक्षक : अमिता मिश्र

- किशोर किशोरियों में जीवन कौशल, नेतृत्व विकास ,लिंग भेद समाप्त करने के संदेश के सम्पन्न हुई मीना मंच के सुगम कर्ता शिक्षक शिक्षिकाओं की दो दिवसीय बैठक

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** ब्लाक संसाधन केंद्र अमेठी और भादर में मीना मंच के सुगम कर्ता शिक्षक शिक्षिकाओं की दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को सम्पन्न हुई। प्रशिक्षण में दो दिनों में कुल 12सत्र आयोजित किए गए। छः कामिक्स बुक पर चर्चा हुई। शिक्षक शिक्षिकाओं को मीना मंच के गठन और उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई।

पाक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी गई।यौन शोषण से बचाव के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं को बालिकाओं को प्रशिक्षित करने के तरीके सिखाए गए। समूह चर्चाएं भी आयोजित की गई।

प्रशिक्षण में दूसरे दिन ब्लाक संसाधन केंद्र भादर में एस आर जी अमिता मिश्र ने पास्को? एक्ट ,अरमान माड्यूल और अपने स्कूल में बदलाव



की कहानी विषय पर बड़े समूह में चर्चा की।

उन्होंने कहा कि मीना मंच की बैठक हर शनिवार को होती है। बैठक में सुगम कर्ता शिक्षक शिक्षिकाओं को बालिकाओं में नेतृत्व विकास, परस्पर संवाद, समस्या का समाधान करना, निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने और समय प्रबंधन के तरीके सिखाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। समूह चर्चा के दौरान शिक्षिका रेशमा सिंह ने बालिकाओं में गुणों के विकास पर जोर दिया। कहा कि आंतरिक सुंदरता ही वास्तविक सुंदरता है।

ट्रेनर गरिमा यादव ने छः कामिक्स का प्रस्तुतीकरण कराया।यह चर्चा बाडी टाक शारीरिक बनावट, और ,बेटी बेटा विभेद समाप्त करने , संतुलित आहार और बाल अपराध पर आधारित रही।

कार्यशाला के दौरान स्कूल हर दिन आए,आओ परिवेश बदले,एक कदम स्वच्छता की ओर, चुप्पी तोड़ो,रंग लाल-खतरे का निशान, स्वस्थ जीवन की कुंजी ? आदि विषयों पर चर्चा सत्र आयोजित करके सुगम कर्ताओं को साप्ताहिक गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। ब्लाक संसाधन केंद्र अमेठी में बच्चा राम वर्मा और कंचन ने सुगम कर्ताओं को प्रशिक्षित किया।

आरती सिंह, लालती देवी, पुनीता मौर्य, ममता सिंह, द्वारिका प्रसाद,होम प्रकाश, सुनीता,रीना , भा, विक्रम उपाध्याय, भाग्यवती,पवन कुमार, जितेन्द्र कुमार मिश्र, मंजीत यादव ,रेखा,ब्रह्म सुधा तिवारी, श्वेता सिंह, अनिल कुमार विश्वकर्मा, शकुंतला सिंह, अभिजीत राय,मो रऊफ, पूर्णिमा सिंह निशा मिश्र आदि मौजूद रहे। यूनिसेफ की ओर से मो कमर ने कार्यशाला का पर्यवेक्षण और अनुश्रवण किया।

> मीना मंच 11-18वर्ष आयु वर्ग के किशोर किशोरियों के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालयों/कम्पोजिट विद्यालयों में संचालित एक ऐसा मंच है जो बालिकाओं के विद्यालयों में नामांकन, नियमित उपस्थिति तथा ठहराव के लिए प्रेरित करता है। मीना मंच गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशलों का विकास करना है।इस मंच में बाल अधिकार, पोषण, लैंगिक समानता, आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्यालय सुरक्षा, व्यक्ति गत स्वच्छता, पर्यावरणीय स्वच्छता माहवारी स्वच्छता प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन आदि मुद्दों पर चर्चा होती है।
>
> **अमिता मिश्र, एस आर जी**

# गणतंत्र दिवस को लेकर डीएम ने अधिकारियों संघ की तैयारी बैठक

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** गणतंत्र दिवस को लेकर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 जनवरी को प्रातः 06 बजे जनपद के समस्त मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों एवं गिरजाघरों में एकता, अखंडता एवं सर्वधर्म सद्भाव के लिए प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाएंगी। प्रातः 07 बजे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। प्रातः 08:30 बजे जनपद के सभी सरकारी भवनों पर राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा तथा वृक्षारोपण किया जाएगा। पुलिस लाइन रविन्द्र नगर धुस में प्रातः 09:30 बजे ध्वजारोहण एवं भव्य परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पुलिस बल के साथ एनसीसी, स्काउट-गाइड एवं होमगार्ड के जवान प्रतिभाग करेंगे। सभी शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, प्रतियोगिताएं एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनकी विधवाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही महापुरुषों, शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा।

जनपद के प्रमुख चौराहों, सरकारी भवनों, पर्यटन स्थलों एवं सांस्कृतिक परिसरों में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं तिरंगा सजावट सुनिश्चित की जाएगी। चिकित्सालयों एवं कुष्ठ आश्रमों में फल वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित होगा। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रम आपसी समन्वय से समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाएं। साथ ही जनपदवासियों से अपील की गई कि वे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को रोशनी एवं तिरंगे से सजाकर राष्ट्रीय पर्व को उत्साहपूर्वक मनाएं।

# डीएम ने तहसील जसराना का किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने तहसील जसराना का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने तहसील के विभिन्न पटलों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और राजस्व कार्यो की समीक्षा की, निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक कार्यों में शिथिलता और वित्तीय लक्ष्यों के अपूर्णतः पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया, निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने प्रत्येक पटल पर जाकर राजस्व अभिलेख और पत्रावलियों की जांच की और अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए, ई-परवाना नवीस अनुभाग की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि राजस्व वसूली लक्ष्य के सापेक्ष कम है, जिलाधिकारी ने कम वसूली पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित कार्मिकों को चेतावनी दी, यदि निर्धारित समय में सुधार नहीं हुआ, तो कठोर कार्यवाही की जाएगी, मत्स्य पालन आवंटन के कार्यों की समीक्षा करते हुए इसकी प्रक्रिया और गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त किया और यहां पर कार्यरत दो रजिस्ट्रार-कानूनगो, सुशील कुमार व नेत्रपाल सिंह को चार्जशीट देने की बात कही, उन्होंने उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला को निर्देशित किया कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के बैठने की समुचित व्यवस्था हो, इसके लिए अलग-अलग केबिनों का निर्माण यहां कराया जाए, अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जनता की समस्याओं और समाधान का राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति शासन की प्राथमिकता है। इसके पश्चात् जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा नगर पंचायत जसराना का अपर जिलाधिकारी विशु राजा के साथ निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं के पास व्याप्त गंदगी को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त की, महापुरुषों की मूर्तियों की इस दुर्दशा पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई, उन्होंने कहा कि देश के गौरवशाली महापुरुषों की प्रतिमाओं के प्रति ऐसी लापरवाही अक्षम्य है, जिलाधिकारी ने मौके पर निर्देश दिया कि 24 घंटे के भीतर सभी मूर्तियों की साफ-सफाई व रंग रोगन किया जाए, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रैन बसेरे की व्यवस्थाओं को भी परखा और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि यहां रुकने वाले नागरिकों के लिए स्वच्छ पेयजल, बिस्तर इत्यादि की समुचित व्यवस्था हो।

# दीपक चौधरी चुने गए भूमि विकास बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष



**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** ब्लॉक कार्यालय टूंडला में भूमि विकास बैंक अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा जिला महामंत्री दीपक चौधरी निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय टूंडला में भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद का नामांकन हुआ, जिसमें भाजपा जिला महामंत्री दीपक चौधरी ने दलबल के साथ अपना नामांकन किया, अन्य किसी और का नामांकन न होने पर उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। बैंक प्रबंधक ने उनके निर्वाचित होने की घोषणा की व तहसीलदार राखी शर्मा ने उन्हें जीत का प्रमाणपत्र सौंपा। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर समर्थकों ने साफ बांध फूल मालाओं से ढोल नगाड़े बजा कर मिष्ठान वितरण कर नव निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, गुड्डू बघेल पूर्व विधायक शिव सिंह चक, राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष देशराज सिंह, राम तीर्थ चक, रूपेश शुक्ला, संजय परमार, रिंकू उपाध्याय, लाल बहादुर सिंह लालन, देवेंद्र बेनीवाल, अनिल कुमार चौधरी, अजीत जुरैल आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्रीय जन मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाल किया जागरूक

**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर के पांचवें दिन चयनित गांव देवखेड़ा में नशा मुक्ति एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि किशन शर्मा सह निदेशक मत्स्य अधिकारी एवं प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय एवं उपस्थित शिक्षकों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने स्वागत गीत गाकर आए हुए अतिथियों का वेज एवं पट्टा डालकर स्वागत किया। किशन शर्मा एवं प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रेलियो का शुभारंभ किया। किशन शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वयं सेवकों से कहा कि आप घर घर जाकर के लोगों को मतदान के बारे में समझाएं तथा जिनकी 18 वर्ष की आयु हो चुकी है वह अपने वोट अवश्य बनवाएं।

# 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन संबंध में बैठक संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत थीम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर जनपद में कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में बैठक विकास भवन में आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस 24 जनवरी को अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के गौरवशाली इतिहास तथा जनपद के समग्र विकास को प्रदर्शित करने के लिए डिस्ट्रिक्ट गैलरी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विकास कार्यों, उपलब्धियों और नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित विभाग आयोजन में प्रतिभाग करते हुए स्टाल लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि स्टैंडी, बैनर एवं अन्य प्रचार सामग्री में जनपद के विकास को दर्शाने वाले उच्च गुणवत्ता के चित्रों का प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन में सकारात्मक संदेश पहुंचे। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस व मतदाता जागरूकता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा।

# कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए: जिलाधिकारी

**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी जसराना के टीकतपुरा क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन में स्थित प्राचीन महादेव मंदिर के प्रांगण में चल रहे सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के कार्यों का निरीक्षण करने गए, उन्होने यहां पर कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता को परखा, साथ ही कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले समय में धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से यह क्षेत्र महत्वपूर्ण साबित होगा, उन्होंने कहा कि मंदिर के सौंदर्यीकरण से न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और दर्शनार्थियों के लिए आवागमन के रास्तों को और सुदृढ़ीय बनाने पर जोर दिया, निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी, उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहें।



# तहसील क्षेत्र में बिना विभागीय पंजीकरण संचालित हो रहे कई अस्पताल

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** जनपद सुलतानपुर की तहसील बल्दीराय क्षेत्र के पारा बाजार वलीपुर देहली सहित कई अन्य बाजारों में बिना विधिवत विभागीय पंजीकरण के कई अस्पतालों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। आरोप है कि इन अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग का मौन संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते अब तक किसी प्रभावी कार्रवाई की पहल नहीं की गई। सूत्रों के अनुसार विभाग द्वारा कई बार जांच किए जाने का दावा तो किया गया, लेकिन रसूखदार और तथाकथित ÷हाई क्लास÷ अस्पतालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग द्वारा छोटे मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ सख्ती दिखाई जाती रही है, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले को और गंभीर बनाता है यह तथ्य कि जब अस्पतालों के सभी दस्तावेज और पंजीकरण सही बताए जा रहे हैं, तो फिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सुलतानपुर ने आवेदक द्वारा मांगी गई जनसूचना का उत्तर समयसीमा के भीतर क्यों नहीं दिया । आवेदक ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की स्पष्ट अवहेलना करते हुए कई माह बीत जाने के बाद भी सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। सूत्रों का यह भी दावा है कि क्षेत्र में संचालित कुछ अस्पतालों में डिग्री तो और किसी की है जबकि मौके पर एलोपैथिक उपचार किया जा रहा है, जो गंभीर अनियमितता की ओर इशारा करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बल्दीराय तहसील क्षेत्र में संचालित ऐसे अस्पतालों की निष्पक्ष और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जांच कराई जाए, तो कई अस्पतालों की काली करतूतें सामने आ सकती हैं।

जनसूचना के तहत आवेदन करने वाले आवेदक ने बताया कि सीएमओ सुलतानपुर द्वारा अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया है, जिससे मजबूर होकर अब वह सूचना आयोग में द्वितीय अपील की तैयारी कर रहा है।

# आध्यात्मिक मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक : सुनील

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** मंगलवार को स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सुनील आम्बेकर ने मंगलवार को स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत जब आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रगति कर रहा है, तब आध्यात्मिक मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारा देश जब आर्थिक स्थिति में आगे बढ़ रहा है और जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है, तब उसे आध्यात्मिकता की भी उतनी ही जरूरत है। हर व्यक्ति को देश के बारे में सोचने की उतनी ही जरूरत है। विवेकानंद जी के जीवन का यह संदेश प्रसारित करने की दृष्टि से आज इस प्रतिमा का अनावरण हुआ है।



कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि स्वामी विवेकानंद का जीवन संघर्षों से भरा रहा और उनके आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। प्रतिमा के अनावरण के साथ ही पूरे परिसर में उत्साह का माहौल देखा गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए% के संदेश को आत्मसात करने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, भाजपा नेता आलोक कुमार आर्या और डॉ. एके सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## चौरासी बाबा की प्रथम पुण्यतिथि

**जयसिंहपुर/सुल्तानपुर।** संत श्री चौरासी महाराज जी की प्रथम पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई। इस अवसर पर चौरासी बाबा आश्रम में श्रद्धा, भक्ति और सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भजन-कीर्तन और भंडारा शामिल था। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के गुरुद्वारे से आए रागी जत्थे के भजन-कीर्तन से हुई। जत्थे ने मनोहारी प्रस्तुतियां देकर महाराज जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। दोपहर 12 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चले इस भजन-कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरा आश्रम परिसर आध्यात्मिक वातावरण में लीन हो गया। भजन-कीर्तन के उपरांत आश्रम परिसर में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री गुरु गोविंद सिंह शैक्षिक तथा धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया था। मीडिया से बातचीत में सेवादार दीपेंद्र सिंह ने बताया कि संत श्री चौरासी महाराज जी का समाधि स्थल बनकर तैयार हो चुका है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शीघ्र ही इसके सुंदरीकरण का कार्य कराया जाएगा। दीपेंद्र सिंह ने आगे बताया कि महाराज जी के भक्तों, शिष्यों और सेवादारों के सहयोग से आश्रम परिसर में उनकी भव्य मूर्ति की स्थापना भी की जाएगी।

# अवैध अतिक्रमण पर एसडीएम नानपारा के नेतृत्व में गरजी जेसीबी



**अवधनामा संवादाता**

■ सरकारी भूमि पर बने पक्के निर्माण हुए ज़मीनदोज़

**बहराइच।** नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम इमामनगर गड़रहवा स्थित गाटा संख्या-280 रकबा 0.1900 है. जोकि राजस्व अभिलेखों में खलिहान के नाम दर्ज है तथा गाटा संख्या 68 जो कि राजस्व अभिलेखों में तालाब के नाम दर्ज है। जिस पर ग्राम के ही कुल 16 व्यक्तियों के द्वारा लंबे समय से उपरोक्त सरकारी भूमि पर पक्का निर्माण करके अवैध कब्जा कर रखा था। सरकारी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय पांडेय, राजस्व निरीक्षक सनाउल्लाह व क्षेत्रीय लेखपाल ने जे.सी.बी के माध्यम से ध्वस्त करवा दिया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान दौरान एसएसबी व पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम नानपारा द्वारा लगातार सरकारी भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने पर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणकारियो में भय का माहौल है वही यह भी स्पष्ट हो गया है कि अब प्रशासन अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण पर कड़ी कार्यवाही कर रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किए गए सभी अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा। सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## ट्रेलर ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, दो गंभीर



**सुल्तानपुर।** अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर देहात कोतवाली क्षेत्र के पकड़ी के पास मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे भीषण हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मारते हुए रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन करीब आधे घंटे तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। इस लापरवाही से आक्रोशित ग्रामीणों ने घायल युवकों को मालवाहक ई-रिक्शा में लादकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दो की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक व घायल युवक प्रतापगढ़ जनपद के निवासी बताए जा रहे हैं। हालांकि अभी तक मृतक की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर रही है और दुर्घटना करने वाले चालक की तलाश की जा रही है।

# शंकराचार्य महाराज के साथ अमानवीय व्यवहार को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ प्रयागराज में हुई पुलिसिया उत्पीड़न और अमानवीय व्यवहार के खिलाफ सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन की अगुवाई करते हुए संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि जिस सनातन धर्म ने पूरी दुनिया को मर्यादा और सम्मान सिखाया, आज उसी धर्म के सर्वोच्च पद शंकराचार्य के साथ अभद्र व्यवहार होते देखना हृदयविदारक है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि आदि गुरु शंकराचार्य की उस महान परंपरा के ध्वजवाहक हैं, जिसने भारत को एक सूत्र में पिरोया है। कटका क्लब के मीडिया प्रभारी मोनू यादव ने बताया कि पूज्य गुरु जी के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया जाएगा।

सार्वजनिक रूप से पूज्य महाराज से माफी मांगी जाए।कटका क्लब के आईटी सेल प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा ने बताया कि जो जुल्म आज संतों और शंकराचार्य पर हो रहा है इससे पूर्व अंग्रेजों के दौर में भी नहीं हुआ करते थे। जिस संस्था बर्दाश्त नहीं करेगी जल्द उग्र आंदोलन करेगी। इससे पूर्व शंकराचार्य ने संस्था को समर्थन दे चुके हैं। ज्ञापन के दौरान आदर्श जायसवाल, रामराज पांडेय, प्रज्वल मिश्र, सुशांत पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

## 21 जनवरी को आयोजित होगा किसान दिवस

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 21 जनवरी 2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 24 जनवरी को

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 24 जनवरी 2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

# सीमावर्ती क्षेत्रों के चिन्हित अतिक्रमणों को हटवाया जाय : जिलाधिकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. में सरकारी भूमि एवं नो मेन्स लैन्ड पर अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. के मध्य सरकारी भूमि पर पाये गये 641 अवैध अतिक्रमण को चिन्हांकित करते हुये अब तक टास्क फोर्स द्वारा 212 अवैध अतिक्रमण को हटा दिया गया। अवशेष अतिक्रमण को नियमानुसार हटाये जाने की प्रकिया गतिमान है।

डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा नो मैन्स लैन्ड पर चिन्हांकित किये गये अतिक्रमण को यथाशीघ्र हटाये जाने एवं भारत-नेपाल सीमा के ज्वाइन्ट सर्वे हेतु सर्वे आफ इंडिया को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि टास्क फोर्स द्वारा की गयी कार्यवाही की समीक्षा हेतु प्रत्येक सप्ताह सभी सम्बन्धित अधिकारी बैठक भी करें।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी, कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच, कमॉडेन्ट 42वीं वाहिनी एस.एस.बी., कमॉडेन्ट 59वीं वाहिनी एस.एस.बी. नानपारा, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा, तहसीलदार नानपारा मौजूद रहे जबकि अन्य अधिकारियों द्वारा वर्चुअली बैठक में प्रतिभाग किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा नोटिस**

निम्नलिखित कार्य के लिए उप. मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा संख्या 149-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IREPS की वेबसाइट यानी https://www.ireps.gov.in पर समापन तिथि 12.02.2026 समय (11.30Hrs.) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई-टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| NIT संख्या: 149-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 19.01.2026 | |
| निविदा संख्या: 149-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 | |
| कार्य का नाम : उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अंतर्गत अचलगंज हाल्ट को क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करने तथा लखनऊ (चारबाग वर्कशॉप) में वंदे भारत (16 कोच) के लिए पिट लाइन परीक्षण हेतु शेड क्षमता का सृजन तथा उत्तरेटिया स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन के प्रावधान के सम्बंध मे 25 केवी, 50 हर्ट्ज एकल फेज एसी ओएचई का डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना (एरेक्शन), परीक्षण एवं कमीशनिंग | |
| निविदा प्रपत्र लागत: कुछ नहीं। | |
| लगभग निविदा मूल्य: रु.5,99,54,219.19 (रुपये पाँच करोड़ निन्यानवे लाख चौवन हजार दो सौ उन्नीस रुपये और उन्नीस पैसे मात्र) | |
| बोली सुरक्षा: रु.4,49,800/- | |
| समापन की अवधि: 18 माह | |
| ऑफर की वैधता: 60 दिन | |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक: 19.01.2026 | |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है: 29.01.2026 | |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय: 12.02.2026 (11.30Hrs.) | |
| पात्रता मापदंड: निविदा दस्तावेज के अनुसार। | |

ध्यान दें: (i) ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। (ii) सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू-मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।"
टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

No. 149-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक: 19.01.2026 199/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 10.02.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00802026 दिनांक 19.01.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 33-SrDEN-I-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : सहायक मंडल इंजीनियर-प्रथम/लखनऊ के खंड में आलमनगर-उत्तरेटिया बाईपास खंड पर स्थित पुल संख्या 13 एवं 59 का पुनर्वास कार्य जिसमें चिनाई की जैकेटिंग तथा बेड ब्लॉक का प्रतिस्थापन शामिल है। | |
| 4 | अनुमानित लागत | रु० 1,63,55,966.20 |
| 5 | धरोहर राशि | रु० 231800.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 27.01.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 10.02.2026 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 207/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक उ.प्र. परिवहन निगम अयोध्या**

पत्रसं. अयो0क्षे0/क्षे0प्र0/स्था0/आ0मै0(परि0)/2026/104 दिनांक :14.01.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

सेवा प्रदाता आर्यन ग्रुप ऑफ गार्ड सर्विसेज, पता-3/437, सेक्टर-जे, अलीगंज,लखनऊ के माध्यम से उ.प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम के अयोध्या क्षेत्र में आउट सोर्सिंग के आधार पर 66(छियासठ) परिचालकों (अनारक्षित वर्ग/ई.डब्लू.एस. /अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति) के अभ्यर्थियों से सेवायोजन हेतु ऑनलाइन आवेदन सेवायोजन की अधिकारिक वेबसाईट sewayojan.up.nic.in के माध्यम से इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण, अधिमानी अर्हता राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्ती नीलिट संस्था से निर्गत सीसीसी प्रमाणपत्र धारक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।
विस्तृत विवरण आर्यन ग्रुप ऑफ गार्ड सर्विसेज, पता-3/437, सेक्टर-जे, अलीगंज,लखनऊ, सम्पर्क नं. 8418865555 सेवायोजन की वेबसाइट sewayojan.up.nic.inपर विस्तृत विवरण उपलब्ध है।
नोट : विज्ञापन प्रकाशन तिथि 20-01-2026 से तक 28.01.2026 रहेगी।

विमल राजन
क्षेत्रीय प्रबन्धक

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-1 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 1347/EE-1/नि. दिनांक- 20/01/2026

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 27/01/2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 27/01/2026 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जल कल विभाग लखनऊ के नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्ट मनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र. सं | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Shifting of 250 mm 30mtr. MS pipeline at House of Nitin Gupta to Makka Sonar Mandir Jai Narayan Road. | 8300.00 | 450 | 07 दिवस |
| 2 | Laying of 90 mm dia 100mtr. Pvc pipeline at House no-116/40 to Uttam House Jamboor khana. | 3400.00 | 200 | 07 दिवस |
| 3 | Rep. of 200 mm dia CI pipeline Cabinetganj Bandariyabagh VD Marg. | 1900.00 | 100 | 07 दिवस |
| 4 | Pipe replacement work of 140 mm dia 12mtr. Pvc pipeline at Ganga Prasad Road Maulviganj. | 2500.00 | 150 | 07 दिवस |
| 5 | Laying of 90 mm dia 50 mtr. Pvc pipeline at House no-280/1 to 280/6 backside of Bihari lal Dharamshala Rastogi street Bashiratganj ward. | 1800.00 | 100 | 07 दिवस |
| 6 | Laying of 90 mm dia 65 mtr. Pvc pipeline at infront of Manmohan Tiwari House to House no - 96/23 Ganeshganj. | 2200.00 | 150 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता, जोन - 1
जल कल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

# बी.एल.ए.नए बूथ पर अवश्य नियुक्त किए जाये : डीएम



राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में विचार-विमर्श के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को मीटिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि फॉर्म 06 पूरा भरवाकर दिया जाए, जिसमें आधार कार्ड अवश्य लगाया जाए। उन्होंने सभी पार्टियों से अपील की कि बी0एल0ए0नए बूथ पर अवश्य नियुक्त किए जाएं एवं सुनवाई स्थल पर आवेदक के साथ फोटो खींची जाएगी। उन्होंने कहा कि आवेदक की ई0आर0ओ0 के साथ फोटो खींची जाएगी। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर नोटिस रिसीव कराए जाएंगे एवं सुनवाई के दौरान अभिलेख अवश्य लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि फॉर्म 06 में एक अभिलेख आधार कार्ड लगाकर जमा कर सकते है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची सही होनी चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि आज जनपद में लगभग साढ़े चार हजार लोगों की जनसुनवाई है, सभी को शत-प्रतिशत उपस्थित रहना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अवश्य जागरूक किए जाए साथ ही उन्होंने कहा कि गांव-गांव कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया जाए। उक्त बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, उदयभान सिंह यादव समाजवादी पार्टी, आशुतोष दीक्षित कांग्रेस, मोहित जाटव बसपा, राहुल पाल अपना दल, कृपा नारायण तिवारी भाजपा, संजीव भदौरिया भाजपा, राकेश कुमार जिला महासचिव बसपा सहित समस्त राजनैतिक दल उपस्थित रहे।

# पत्रकार अखिलेश सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम (हरदोई)।** हरदोई पत्रकार एसोसिएशन इकाई बिलग्राम की और से मंगलवार की शाम दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह की पुण्य स्मृति में एक श्रद्धांजलि एवं शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में पत्रकारिता जगत से जुड़े वरिष्ठ, युवा एवं स्थानीय पत्रकारों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं ने स्वर्गीय अखिलेश सिंह के व्यक्तित्व, उनके निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता कार्य, सामाजिक सरोकारों तथा जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि अखिलेश सिंह ने सदैव सत्य, ईमानदारी और आमजन की आवाज़ को प्राथमिकता दी। उनका असामयिक निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। पत्रकार साथियों ने उनके साथ जुड़े संस्मरण साझा करते हुए कहा कि उनका सरल स्वभाव, बेबाक लेखनी और संघर्षशील जीवन आने वाली पीढ़ी के पत्रकारों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने पत्रकारिता के मूल्यों को जिस निष्ठा से निभाया, वह अनुकरणीय है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप यादव, आरिफ नवाब शब्बू, कमरुल खान, अजय राज त्रिवेदी, शुभम दीक्षित, सैफ अली जाफरी, नफीस अहमद, हरीकृष्ण वीरू, रिज़वान अंसारी, शब्बीर अहमद, फारूक कुरैशी, अतुल द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे। सभा के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया तथा ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे स्वर्गीय अखिलेश सिंह को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और शोकसंतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

## मेडिकल ऑफिसरों का कुष्ठ रोग पर प्रशिक्षण संपन्न

**सोनभद्र।** दिनांक 20 जनवरी को जनपद सोनभद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में एन.एल.आर इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में मेडिकल ऑफिसरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्य कुष्ठ अधिकारी डॉ. जया देहलवी ने कहा कि लेप्रा रिएक्शन की समय पर पहचान और रोकथाम अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इसके कारण कुष्ठ रोगियों में विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने मेडिकल ऑफिसरों से अपील की कि वे मरीजों की नियमित निगरानी करें और रिएक्शन के लक्षण दिखते ही तुरंत उपचार सुनिश्चित करें। इसके पश्चात एन.एल.आर इंडिया फाउंडेशन के डॉ. अब्दुल्ला ने कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षणों, प्रारंभिक पहचान एवं शीघ्र उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर इलाज से कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक किया जा सकता है और विकलांगता को रोका जा सकता है। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में स्टेट कुष्ठ पुनर्वास समन्वयक बिपिन सिंह द्वारा सेल्फ केयर और कुष्ठ पुनर्वास पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि नियमित सेल्फ केयर से घाव, अल्सर और विकलांगता की गंभीरता को कम किया जा सकता है।

# डीपीएस के छात्र आर्यभट्ट चैलेंज में बने टॉपर

सीबीएसई की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में टॉप 100 मेधावियों में डीपीएस इटावा के तीन छात्र भी शामिल

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** मजबूत इच्छा शक्ति और कुशल निर्देशन हो तो असंभव कार्य भी संभव होता है, इसी क्रम में सीबीएसई बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आर्यभट्ट गणित चैलेन्ज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए पूरे जनपद इटावा से सिर्फ दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के ही तीन होनहार छात्रों ने टॉप 100 छात्रों में अपनी जगह सुनिश्चित कर जनपद सहित पूरे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। सीबीएसई बोर्ड द्वारा आर्यभट्ट गणित चैलेंज प्रतियोगिता गणित विषय में छात्रों की रुचि और इनोवेशन के साथ साथ उत्कृष्ट कौशल परीक्षण करने के लिए प्रत्येक वर्ष कक्षा 8 से 10 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर देश भर में सीबीएसई के प्रत्येक रीजन से शीर्ष 100 मेधावी छात्रों का गणित विषय में उत्कृष्टता के लिए चयन किया जाता है। इस वर्ष भी विगत 10 नवम्बर को आयोजित हुई इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रयागराज एवं लखनऊ रीजन में संयुक्त रूप से चयनित टॉप 100 छात्रों में पूरे जनपद इटावा से मात्र तीन छात्रों सम्यक गुप्ता, गगन और सार्थक भदौरिया का ही चयन हुआ है जो डीपीएस इटावा के छात्र है। तीनों होनहार छात्रों का कुशल मार्गदर्शन डीपीएस इटावा के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने किया था। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव एवं वाइस चेयरमैन डॉ.प्रीति यादव सहित प्रिंसिपल भावना सिंह ने तीनों विजेता छात्रों एवं विद्यालय के गणित विभाग के समस्त स्टाफ को इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की बधाई और शुभकामनाएं दीं है।

## अल्ट्राटेक, डाला द्वारा किया गया जरूरतमंदो को कंबल वितरण

**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड डाला सीमेंट वर्क्स के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर के मार्गदर्शन ,खान प्रमुख विवेक खोसला एवं मानव संसाधन प्रमुख संजीव राजपूत के मार्गदर्शन में दिनांक 19/01 / 26 दिन सोमवार को भलुवाटोला में 400 से अधिक गरीब जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष, ओबरा चांदनी देवी ग्राम पंचायत बिल्ली प्रधान प्रतिनिधि अमरेश यादव ,इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर , मानव संसाधन प्रमुख संजीव राजपूत, खान प्रमुख विवेक खोसला ,धर्मेंद्र कुमार पांडे , सुरेश जोशी एवं अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे। इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष हम क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को ठंड के मौसम में बचाव हेतु निःशुल्क कंबल वितरण करते हैं जिससे लोगों को लाभ प्राप्त हो।

# भाजपा प्रत्याशियों ने भूमि विकास बैंक अध्यक्ष पद के लिए किए नामांकन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष अरुण कुमारअन्नू गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों ने भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। सदर विधानसभा के बढ़पुरा ब्लॉक में भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद हेतु विसम्भर सिंह, भर्थना विधानसभा के भर्थना ब्लॉक में अध्यक्ष पद हेतु महेंद्र सिंह, चकरनगर ब्लॉक में अध्यक्ष पद हेतु अंगद सिंह तथा सैफई ब्लॉक में अध्यक्ष पद हेतु सुमेर सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने बताया कि भूमि विकास बैंक अध्यक्ष पद के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के तहत सोमवार को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था। मंगलवार से अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो 22 जनवरी तक चलेगी। 27 जनवरी को मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। नामांकन के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की मजबूती और आगामी चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी की जीत का संकेत बताया। नामांकन के दौरान प्रत्याशियों साथ बड़ी संख्या में समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सिद्धार्थ शंकर दोहरे, सावित्री कठेरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, ब्लॉक प्रमुख बढ़पुरा गणेश राजपूत, ब्लॉक प्रमुख बसरेहर दिलीप यादव, विमल भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि चकरनगर राकेश यादव, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# 10 माह के मासूम की मौत के बाद ई-रिक्शा से ले जाया गया शव

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** सरकारी अस्पताल,जिन्हें गरीब और मजबूर लोगों के लिए आखिरी सहारा माना जाता है,वही अगर संवेदनहीनता का अड्डा बन जाएं तो सिस्टम पर सवाल उठना लाजमी है। हरदोई मेडिकल कॉलेज से सामने आई यह घटना न सिर्फ शर्मनाक है,बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र को कठघरे में खड़ा करती है। कोतवाली शहर क्षेत्र के मन्नापुरवा निवासी विजयपाल का 10 माह का मासूम बेटा हर्षित सोमवार सुबह अचानक सांस लेने में दिक्कत से तड़पने लगा। बदहवास मां सुमन बच्चे को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचीं। डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को भर्ती तो किया, लेकिन इलाज की कोशिशों के कुछ देर बाद मासूम ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा,लेकिन असली पीड़ा तब शुरू हुई, जब अस्पताल प्रशासन ने मानवता की सारी सीमाएं लांघ दीं।परिजनों का आरोप है कि मेडिकल कॉलेज परिसर में दो-दो शव वाहन मौजूद थे और खड़े भी रहे, इसके बावजूद कर्मचारियों ने शव वाहन देना जरूरी नहीं समझा।एक मां को उसके दर्द के साथ अकेला छोड़ दिया गया। नतीजतन, मां सुमन को अपने 10 माह के बेटे के शव को गोद में उठाकर ई-रिक्शा से घर ले जाना पड़ा। यह दृश्य किसी भी संवेदनशील इंसान को झकझोर देने के लिए काफी है।सवाल यह है कि जब अस्पताल में संसाधन मौजूद हैं,तो फिर यह लापरवाही क्यों? क्या गरीब की मौत और उसके शव का कोई मोल नहीं? इलाज में लापरवाही और मौत के बाद की यह अमानवीय व्यवस्था मेडिकल कॉलेज प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर और सीधे आरोप लगाती है।यह घटना साफ बताती है कि बदहाल सिस्टम में सबसे ज्यादा अपमान और पीड़ा आम और गरीब परिवारों को ही झेलनी पड़ती है, जिनकी चीखें अक्सर फाइलों और बहानों में दबा दी जाती हैं।

## स्वदेशी संकल्प यात्रा का किया स्वागत



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** मंगलवार को लखनऊ से चलकर इटावा पहुँची स्वदेशी संकल्प यात्रा का अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद द्वारा शास्त्री चौराहे पर स्थित नगर मंत्री संजीव शर्मा के प्रतिष्ठान पर व्यापार मंडल ने फूल माला एवं पुष्प बरसाकर स्वागत किया। जिला महामंत्री धर्मेन्द्र जैन ने कहा यह स्वदेशी संकल्प यात्रा उत्तरप्रदेश के 40 जनपद में पहुंचेगी ओर स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग एवं विदेशी सामान का बहिष्कार के लिए लोगों को जागरूक कर रही। स्वागत करने वालों में जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन जिला संरक्षक गणेश प्रसाद अग्रवाल ब्रजेश मिश्रा जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान युवा जिला महामंत्री रजीत सिंह कुशवाह महिला संरक्षक सुशीला राजावत महिला जिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाह महिला महामंत्री वर्षा दुबे महिला जिला उपाध्यक्ष रिचा कुशवाह महिला जिला कोषाध्यक्ष रेनू शुक्ला महिला जिला उपाध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर सिंह चौहान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सन्तोष कुमार वर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लल्लू वारसी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ सन्तोष राठौर युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास शाक्य जिला मंत्री यामीन रिकू चौधरी नगर मंत्री आकाश वर्मा नगर मंत्री संजीव शर्मा अभिषेक जैन सहित बड़ी संख्या में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत



**मौदहा। हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** मौदहा कस्बा के मीरा तालाब में मंगलवार को एक युवक की डूबने से मौत हो गई, पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया है।मौदहा कस्बा के मोहल्ला ब्लाक नई बस्ती निवासी युवक तौसीब (22) पुत्र तौकीर की मीरा तालाब में डूबकर मौत हो गई है। इस घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक अपने पिता का इकलौता पुत्र था।

## मौदहा की सहारा ने आसान मैंच में पनवाड़ी को हराया




**मौदहा। हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के गुसियारी गांव के एपीजे अब्दुल कलाम खेल मैदान में जीपीएल कप सीजन 19 में पांचवां मैच सहारा मौदहा वा हाशमी क्लब पनवाड़ी के बीच मैच खेला गया जिसमें सहारा मौदहा ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करने का फैसला लिया द्यजिसमें निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 127 रन बनाए सहारा मौदहा की तरफ से जैद ने 31 बोलो में 54 रनों की पारी खेली जवाब में उतरी हाशमी क्लब पनवाड़ी की टीम ने 12.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 101 रन बनाकर ऑल आउट हो गई इस तरीके से सहारा मौदहा ने 26 रनों से ये मैच जीत लिया हाशमी क्लब पनवाड़ी की तरफ से सबसे ज्यादा 14 बोलो में 26 रन बनाए। आज के मैच के मैंन ऑफ द मैच ज़ैद रहे मैंन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देते मिथुन यादव मैच के अंपायर सहगल खान व अमीर अहमद रहे स्कोरर जावेद अहमद व तौसीफ खान रहे कुश सिंह यादव तौसीफ रहे कॉमेंटेटर सरदार खान व इनाम खान रहे लाइव मैच आमिर जमाल ने दिखाया इस मौके पर कमेटी के कुलदीप यादव कुश यादव जैम मालिक शेख हसन इदरीश फैय्याज समस्त लोग मौजूद रहे।

## दुष्कर्म पीड़िता से मिले महंत राजूदास महाराज

**सुमेरपुर हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** लव जिहाद, धर्मांतरण एवं दुष्कर्म पीड़िता के घर पहुंचकर हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास महाराज एवं पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल पहुंचकर न्याय दिलाने के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने परिवार के सदस्यों को बिना भय एवं दबाव के अदालती कार्यवाही में सहयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि बेटियों के साथ इस तरह की दरिंदगी और जबरन धर्मांतरण का दबाव किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि वह इस मामले में शासन-प्रशासन से बात कर दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। पूर्व सांसद ने पीड़ित परिवार की सुरक्षा के लिए प्रशासन से मांग की।

## अडानी फाउंडेशन द्वारा पनारी पंचायत के ओबरा गाँव मे हेल्थ कैंप का आयोजन



**सोनभद्र/डाला।** अडानी सीमेंट सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में पनारी पंचायत के ओबरा गाँव में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, और कुल 242 लोगों की जांच कर दवा का वितरण किया गया इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के सी.एस.आर. हेड मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास,जल संरक्षण,ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत् प्रयासरत है। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के कम्युनिटी वालेंटियर सत्यम एवं राहुल कुमार, डॉक्टर अरुण चौबे, डाक्टर एकता, बसंत, राव विरेंद्र,गाँव की आशा, आंगनबाड़ी और गांव के अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विधायक ने बेठिगांव संपर्क मार्ग का किया शिलान्यास

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सदर विकास खंड क्षेत्र के बेठिगांव संपर्क मार्ग का मंगलवार को सदर विधायक भूपेश चौबे ने शिलान्यास किया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना व आयुष्मान योजना के लाभार्थियों में प्रमाण पत्र एवं कार्ड वितरित किया। इस दौरान उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पढ़ाई से लेकर दवाई तक छत से लेकर इज्ज़त तक सबका ख्याल रख रही है। पहले लोग इलाज के अभाव में दम तोड़ते थे, पैसे के अभाव में गरीब पढ़ नहीं पाता था और बहन बेटियां खुले में घूम नहीं सकती थी। अब सरकार लोगों के इलाज के लिए इंतजाम कर रही है, सुरक्षा का माहौल है। गरीबों को मुफ्त में अनाज तो किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। मनरेगा योजना का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान में जो रोजगार 100 दिन का मिलता था उसे भाजपा सरकार ने 125 दिन का किया। ऐसे में मजदूरों को लाभ होगा। अब बिचौलिए धन को नहीं हड़प पाएंगे। कहा कि आपकी भाजपा सरकार आयुष्मान कार्ड के जरिए गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए 5 लाख तक की व्यवस्था की है, अब किसी भी गरीब व्यक्ति की मौत पैसे के अभाव में नहीं होगी। बेठिगांव ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि अनूप त्रिपाठी ने कहा कि रॉबर्ट्सगंज-रामगढ़ मार्ग से बेठिगांव संपर्क मार्ग की हालत अत्यंत जर्जर व दयनीय हो गई थी। सदर विधायक के प्रयास से इस सड़क को विशेष मरम्मत के लिए प्रस्तावित किया गया। इसके लिए शासन से बजट भी निर्गत हो गया। इस सड़क के बनने से क्षेत्र के बेठिगांव, सिरपालपुर के साथ ही करारी, अमौली सहित अन्य गांवों के लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। इससे पहले सड़क का भूमि पूजन आचार्य विशाल शास्त्री ने विधि विधान से कराया। खंड विकास अधिकारी लालजी शुक्ला ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अपना नंबर भी ग्रामीणों से साझा किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनूप तिवारी ने विधायक एवं खंड विकास अधिकारी का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। बीडीसी योगेश कुशवाहा, कोटेदार बबलू केशरी ने भी स्वागत किया। इस मौके पर रामचंद्र त्रिपाठी, विकाश मिश्रा, पंकज मिश्रा, लसड़ा प्रधानपति विमलेश पांडेय, हरिप्रसाद चौबे, राजबली, हीरालाल, योगेंद्र तिवारी, विजय कुमार कनौजिया बबलू पुष्पा तिवारी कौशल्या धर्मेंद्र हीरालाल खरपटु सावित्री देवी सीता छोटे रीना देवी लोक निर्माण विभाग के जेई रवि मौर्या, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस मनाये जाने हेतु रूप-रेखा की गयी निर्धारित

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि गणतंत्र दिवस समारोह जनपद में गत वर्ष की भाति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा, दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा झण्डा लगाएं जिससे गणतंत्र दिवस के उल्लास का माहौल बन सके, 26 जनवरी,2026 को प्रातःकाल 8.30 बजे सरकारी भवनों पर राष्ट्रध्वज फहराया जायेगा, इस अवसर पर राष्ट्रगान के गायन के साथ ही संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रातः 9.30 बजे पुलिस परेड, पुलिस लाइन में सम्पन्न होगा, पुलिस लाइन में परेड का सम्पूर्ण कार्यकम भव्य रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल संयोजन में प्रारम्भ होगा। प्रातः 10:00 बजे समस्त शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्रगान सामूहिक रूप से किया जायेगा। समस्त शिक्षण संस्थानों में इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए जिसमें राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन अवश्य हो। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का इतिहास बताया जाय और सशक्त सैन्य बलों के बलिदान का नमन करते हुए देश भक्तों के जीवन के प्रेरक प्रसंग दोहराए जाय, जिससे राष्ट्रीय चेतना विकसित हो। अपरान्ह 01:00 बजे शहीद स्मारक ग्राम परासी दूबे एवं लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह के सामने नेहरू पार्क में शहीदों की श्रद्धाजलि का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। पूर्वान्ह 11.00 बजे नगर पालिका द्वारा कम से कम 04 मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेंगा।

## अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2025 -26 का हुआ शुभारंभ

**सोनभद्र/सिंगरौली।** सोमवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के एनएससी में अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ हुआ।

19 जनवरी से 23 जनवरी, 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 12 टीमों से 192 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान सीएमएस, एनसीएल डॉ. विवेक खरे, सीएमएस, एनएससी, डॉ. पंकज , परियोजना जेसीसी सदस्य, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड मेम्बर्स, परियोजना से विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अंतर क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 लीग कम नॉकआउट के आधार पर खेली जा रही है। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को खेला जाएगा। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष अपने कर्मियों का मनोबल बढ़ाने एवं उनके शारीरिक और मानसिक विकास हेतु वर्ष भर अनेक खेल प्रतियोगिताओं जैसे क्रिकेट, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, कैरम, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स इत्यादि का आयोजन किया जाता है।

# कानूनी पेंच और वर्चस्व की जंग में फंसा 'शेख अब्दुल कादिर जिलानी मदरसा'

अवधनामा संवाददाता

हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी प्रबंधन बेबस, ताले अब भी नहीं खुले

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बा मौदहा स्थित मदरसा शेख अब्दुल कादिर जिलानी की तालाबंदी अब केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई भर नहीं रह गई है, बल्कि यह मामला कानूनी दांव-पेंचों, आपसी वर्चस्व की जंग और कुर्सी की लड़ाई में पूरी तरह उलझ चुका है। हाई कोर्ट द्वारा सुधार का अवसर दिए जाने के कई माह बाद भी मदरसा प्रबंधन की चुप्पी ने पूरे प्रकरण को और संदिग्ध बना दिया है।

जांच-पड़ताल में सामने आया है कि मदरसे की बंदी की असली वजह न तो सिर्फ प्रशासनिक सख्ती है और न ही न्यायालय का आदेश, बल्कि प्रबंधन समिति के अधिकार की लड़ाई है, जिसने इस शैक्षणिक संस्थान का भविष्य अधर में डाल दिया है।

**जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का स्पष्ट बयान**

पूरे मामले पर स्थिति स्पष्ट करते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, हमीरपुर ने बताया–

उच्च न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया था कि मदरसे में पाई गई कमियों को दूर कर सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जाए, लेकिन आदेश के बावजूद आज तक कोई भी प्रबंधन समिति हमारे पास नहीं आई है। बिना मान्यता मदरसा चल सकता है, लेकिन बिना वैध प्रबंधन समिति के किसी भी संस्था का संचालन संभव नहीं है। जिस संस्था के अंतर्गत यह मदरसा संचालित हो रहा था, उसका प्रबंधकीय विवाद उपजिलाधिकारी न्यायालय मौदहा में




लंबित है। जब तक उसका निस्तारण नहीं होता, तब तक मदरसा संचालन की अनुमति नहीं दी जा सकती।

**हाई कोर्ट से नहीं मिली राहत, सिर्फ शर्तों पर मिला था मौका**

मदरसा प्रबंधन ने तालाबंदी के खिलाफ हाई कोर्ट की शरण ली थी, लेकिन माननीय न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी (कोर्ट संख्या-32) की अदालत से उन्हें कोई स्टे अथवा तत्काल राहत नहीं मिली। Writ-C No. 35336 of 2025 का निस्तारण करते हुए न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि– प्रशासन द्वारा चिन्हित गंभीर अनियमितताओं को दूर कर जिला के सक्षम अधिकारी के जाऐं।

**उपजिलाधिकरी कोर्ट की फाइल बनी सबसे बड़ी बाधा**

हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी तथाकथित प्रबंधक जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं हो सके। इसकी सबसे बड़ी वजह उपजिलाधिकरी न्यायालय मौदहा में लंबित केस संख्या T202307320502586 है।

**क्या है असली अड़चन?**– वर्ष 2023 से मदरसा प्रबंधन समिति को लेकर उपजिलाधिकरी कोर्ट में विवाद वाद लम्बित है। जिस के निस्तारित होने तक किसी भी पक्ष को वैध प्रबंधन का दर्जा नहीं मिल सकता है न ही विवादित समिति के किसी भी प्रत्यावेदन पर प्रशासन विचार कर सकता है।

**30 अगस्त 2025 की कार्रवाई ने बढ़ाई मुश्किलें**- गौरतलब है कि 30 अगस्त 2025 को प्रशासन ने इस मदरसे को सील कर दिया था। जांच के दौरान–

बिना अनुमति नाबालिग बच्चों को रखने, बाल संरक्षण कानूनों की अनदेखी, गंभीर प्रशासनिक व शैक्षणिक अनियमितताएं, जैसी खामियां पाई गई थीं।

**अब आगे क्या?**- कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक उपजिलाधिकरी न्यायालय में लंबित प्रकरण का अंतिम निर्णय नहीं आता, तब तक मदरसे के खुलने की कोई संभावना नहीं है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यह संघर्ष अब शिक्षा या बच्चों के भविष्य से ज्यादा संस्था पर कब्जे की जंग बन चुका है, जिसकी कीमत पूरे समाज को चुकानी पड़ रही है।

# प्रदेश को दिव्यांगजन-सशक्त बनाने पर मंथन

## दिव्यांगजनों के अधिकारों और सशक्तिकरण को लेकर योगी सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री नरेन्द्र कश्यप

- पेंशन से लेकर बाधारहित अधोसंरचना तक, दिव्यांग कल्याण पर सरकार का ठोस एजेंडा
- दिव्यांगजनों के लिए सुगम आवागमन, शिक्षा और रोजगार पर कड़ा फोकस



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में योजना भवन स्थित सभाकक्ष में दिव्यांगता पर गठित राज्य सलाहकार बोर्ड की सातवीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, विधायकों एवं बोर्ड के सदस्यों द्वारा दिव्यांगजनों के हित में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिन पर गहन विचार-विमर्श करते हुए नीतिगत निर्णय लिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को सम्मानजनक, आत्मनिर्भर और बाधारहित जीवन प्रदान करने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिव्यांगजनों तक समयबद्ध, निष्पक्ष और बिना किसी बाधा के पहुंचाया जाए। मंत्री कश्यप ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 11 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को 1000 रुपये प्रतिमाह, अर्थात 12,000 रुपये वार्षिक भरण-पोषण पेंशन प्रदान की जा रही है, जबकि वर्ष 2017 से पूर्व यह राशि मात्र 300 रुपये प्रतिमाह थी। उन्होंने कहा कि पेंशन भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।बैठक में दिव्यांगजनों के निःशुल्क आवागमन, रोडवेज बसों में आरक्षित सीटों के पालन, कॉक्लियर इम्प्लांट के उपरांत उसके रख-रखाव, तथा दिव्यांगजनों की वास्तविक स्थिति के आकलन हेतु एक समग्र डेटा प्रणाली विकसित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी 18 मंडलों में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) स्थापित करने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका है, जिससे दिव्यांगजनों को उपचार, उपकरण मरम्मत और परामर्श की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगी। बोर्ड के सदस्यों ने इस निर्णय की सराहना की। नगर विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रदेश के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों, पार्कों, शौचालयों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों को दिव्यांगजनों के लिए पूर्णतः बाधारहित बनाया जाए। परिवहन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि रोडवेज बसों में दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा शासनादेश के अनुसार चार आरक्षित सीटों का अनिवार्य पालन हो। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग को सभी विभागीय वेबसाइटों को सुगम्य भारत अभियान के मानकों के अनुरूप दिव्यांगजन-अनुकूल बनाने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभागों को दिव्यांग बच्चों के सर्वेक्षण, विशेष शिक्षकों की उपलब्धता तथा विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में रैम्प, लिफ्ट एवं बाधारहित शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही राज्याधीन सेवाओं में 4 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण तथा शिक्षण संस्थानों में 5 प्रतिशत आरक्षण के प्रभावी अनुपालन पर भी जोर दिया गया। अंत में मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योगी सरकार का संकल्प है कि प्रदेश का कोई भी दिव्यांगजन योजनाओं, सुविधाओं और अधिकारों से वंचित न रहे। उन्होंने सभी विभागों को राज्य सलाहकार बोर्ड के निर्णयों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# स्मृतिशेष एस एम पारी की याद मे लगा स्वास्थ्य और आयुष्मान कार्ड शिविर

- पत्रकारो/छायाकारों को मिले बीमा बाण्ड



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब के द्वारा दिवंगत वरिष्ट छायाकार एस एम पारी की याद मे मेडिकल कैम्प और आयुष्मान कार्ड बनवाने का विशेष कैम्प लगाया गया। विदित है की मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब प्रेस छायाकारों एवम न्यूज़ चैनल कैमरामैन का राष्ट्रीय संगठन है। इस मीडिया फोटोग्राफर्स कलब के संगठन की स्थापना वर्ष 2002 मे की गयी थी। संस्थापक अध्यक्ष एस एम पारी ने संगठन की स्थापना की थी।संगठन का मुख्य उद्देश्य प्रेस छायाकारों एवम पत्रकारों के व्यक्तिगत एवम पारिवारिक हितो के लिए किया गया था। 19 जनवरी 2023 को एस एम पारी का निधन ब्रेन कैंसर से हो जाने के कारण क्लब की वर्तमान चेयर पर्सन और कोषाध्यक्ष मंजू श्रीवास्तव ने उनके बनाये कार्यो की बागडोर अपने हाथो मे लेकर संगठन को बिना किसी रूकावट के जनहित के कार्यो को चलाये रखा। मेडिकल कैंप और आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छितवापुर की डा अलका गुप्ता ने अपने सहयोगियो के साथ विकास दीप परिसर में मेडिकल शिविर लगाया। पत्रकारों, छायाकारो के परिवारजनो के साथ साथ आम जनता सहित लगभग 200 लोगो ने इस मेडिकल कैम्प मे निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और आयुष्मान कार्ड बनवाकर लाभ लिया। क्लब के महामंत्री रिजवान ने बताया की क्लब अपने सदस्यों के लिए दुर्घटना बीमा भी कराता रहा है। पूर्व की भांति इस वर्ष पत्रकारो - छायाकारो को दुर्घटना बीमा बाण्ड का वितरण किया गया। उजाला सेवा संस्थान के सहयोग मे चले स्वास्थ्य शिविर-आयुष्मान कार्ड बनवाने साथ बीमा बाण्ड विवरण के अवसर पर मोहम्मद अली साहिल शायर , संजय गुप्ता अध्यक्ष आदर्श व्यापार मंडल ,प्रदीप शर्मा लोहिया वाहिनी राष्ट्रीय उपाध्याय समाजवादी पार्टी, ज्योति किरन रतन लोक कलाकार, रूबी राज सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार प्रभात त्रिपाठी, मुकुल मिश्रा, शिखा सक्सेना, संजीव गोसाई, अभिषेक मिश्रा, अभिषेक चौधरी, सनी सैनी, जुबैर, नीरज जायसवाल, रचना अग्रवाल, अमरनाथ रावत, समर्थ सक्सेना, शरफुददीन सहित क्लब के तमाम सदस्य और आम जन उपस्थित हुए।

# रेलवन ऐप से अनारक्षित टिकट पर डिजिटल भुगतान से मिलेगी तीन प्रतिशत की छूट

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** भारतीय रेलवे यात्रियों को डिजिटल माध्यमों से अधिक सुविधा,पारदर्शिता एवं प्रोत्साहन देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।यह सुविधा प्रयोगिक आधार पर दिनांक 14 जुलाई तक लागू की जा रही है। अब तक रेलवन ऐप पर अनारक्षित टिकट बुक करते समय केवल क्र 2ड्ड्यद्दद्ब के माध्यम से भुगतान करने पर ही 3 प्रतिशत बोनस कैशबेक की सुविधा उपलब्ध थी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तथा डिजिटल भुगतान को और अधिक लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से रेलवे ने यह लाभ अब सभी स्वीकृत डिजिटल भुगतान माध्यमों पर लागू करने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के अंतर्गत रेलवन ऐप के जरिए अनारक्षित टिकट लेते समय यदि यात्री यूपीआई,डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग अथवा अन्यस्वीकृत डिजिटल भुगतान माध्यमों का उपयोग करता है, तो उन्हें टिकट मूल्य पर 3 प्रतिशतकी छूट मिलेगी। इससे यात्रियों को टिकट बुकिंग में प्रत्यक्ष आर्थिक बचत होगी।

रेलवे की यह पहल केशलेस लेन-देन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूती प्रदान करेगी। विशेष रूप से दैनिक यात्रा करने वाले यात्रियों, अनारक्षित श्रेणी में सफर करने वाले आम नागरिकों तथा उपनगरीय क्षेत्रों के यात्रियों को इस सुविधा से सीधा लाभ मिलेगा। यात्रियों के लिए यह ऐप पहले से ही काउंटर पर लगने वाली लंबी कतारो से राहत दिलाने में उपयोगी सिद्ध हो रहा है। अब सभी डिजिटल भुगतान मोड पर 3 प्रतिशत लाभ की सुविधा मिलने से रेलवन ऐप की उपयोगिता और लोकप्रियता में और वृद्धि होने की संभावना है।यह पहल नकेवल यात्रियों के समय और धन की बचत करेगी बल्कि रेलवे की सेवाओं को अधिक आधुनिक सुगमएव पर्यावरण अनुकूल बनाने में भी सहायक होगी।

सी आर आई एस द्वारा विकसित इस एप को प्लेस्टोर अथवा ऐप स्टोर से डाउनलोड कर रेल कनेक्ट या यूटीएस मोबाइल ऐप के मौजूदा उपयोगकर्ता अपनी पहचान के प्रमाण के साथ सीधा लॉगिन कर सकते हैं। इस ऐप पर अनारक्षित टिकट, आरक्षित टिकट प्लेटफार्म टिकट,ट्रेन एव स्टेशनसे संबंधित जानकारी,शिकायत निवारण सहित विभिन्न यात्री सुविधाएं एक मंच पर उपलब्ध हैं।

# गोमतीनगर पहुंची अमृत भारत एक्सप्रेस, हुआ भव्य स्वागत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह उत्सव के रंग में रंग गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारंभ की गई गाड़ी संख्या 05949 डिब्रूगढ़ गोमती नगर अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल ट्रेन ने गोमतीनगर स्टेशन पर पहली बार पहुंची। फूल मालाओं के साथ लोको पायलटों, ट्रेन मैनेजर और यात्रियों का रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक ओंकारनाथ वर्मा और वाणिज्य निरीक्षक तथा अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर स्पेशल ट्रेन के आगमन पर जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि अमृत भारत ट्रेनें आम आदमी को ध्यान में रख कर विकसित की गई हैं। यह ट्रेन असम, पश्चिम बंगाल व बिहार, डिब्रूगढ़ से चलकर गुवाहाटी, कामाख्या, न्यू जलपाईगुड़ी, कटिहार, बरौनी, हाजीपुर, छपरा, गोरखपुर जंक्शन, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, अयोध्या धाम जंक्शन होते हुए लखनऊ शहर से जुड्कर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नया आयाम देंगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस इन ट्रेनों में स्वच्छता, आराम और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है, जिसे यात्रियों ने विश्स्तरीय करार दिया। 15949 डिब्रूगढ़ गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस का साप्ताहिक नियमित संचालन दिनांक 30 जनवरी से किया जायेगा। यह ट्रेन डिब्रूगढ़ रेलवे स्टेशन से सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को रात्रि 9 बजे प्रस्थान कर गुवाहाटी, कामाख्या, न्यू जलपाईगुड़ी, कटिहार, हाजीपुर व छपरा होते हुए तीसरे दिन गोरखपुर से प्रातः 7 बजे, खलीलाबाद से 7:41 बजे, बस्ती से 8:16 बजे, मनकापुर से 9:02 बजे, अयोध्या धाम जंक्शन से 10:10 बजे, अयोध्या कैण्ट से 10:40 बजे तथा बाराबंकी से 12:38 बजे छूटकर गोमतीनगर दोपहर 1:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में दिनांक 2 फरवरी से अमृत भारत एक्सप्रेस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से सप्ताह के प्रत्येक रविवार को 6:40 बजे चलकर बाराबंकी से 7:14 बजे, अयोध्या कैण्ट से 9:40 बजे, अयोध्या धाम जंक्शन से 10:05 बजे, मनकापुर से 10:58 बजे, बस्ती से 11:50 बजे, दूसरे दिन खलीलाबाद से 12:18 बजे, गोरखपुर जंक्शन से 2 बजे चलकर छपरा, हाजीपुर, कटिहार, न्यूजलपाईगुड़ी, कामाख्या, गुवाहाटी होते हुए तीसरे दिन डिब्रूगढ़ दोपहर में 12:40 बजे पहुंचेगी।




### वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर बजाई धुन

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के रेलवे सुरक्षा बल ने मंगलवार को वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर इस गीत की धुन बजाई। डीआरएम गौरव अग्रवाल एवं चन्द्रमोहन मिश्र वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त लखनऊ के नेतृत्व में वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर वंदे मातरम थीम को आरपीएफ के बैण्ड ने लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर बजाया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन लखनऊ जंक्शन पर आने व जाने वाले यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों ने धुन को सुना गया और उसकी सराहना की।

डिब्रूगढ़-गोमतीनगर अमृत भारत ट्रेन का पहला आगमन
गोमतीनगर स्टेशन पर अमृत भारत ट्रेन का उत्सवी स्वागत
पूर्वोत्तर से लखनऊ की नई रेल कनेक्टिविटी शुरु
गोमतीनगर में पहली बार पहुंची अमृत भारत एक्सप्रेस
अमृत भारत ट्रेन से पूर्वोत्तर-लखनऊ की दूरी और आसान
30 जनवरी से नियमित चलेगी डिब्रूगढ़-गोमतीनगर अमृत भारत ट्रेन

### संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 कर्मचारियों को सेफ्टी अवार्ड प्रदान

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 कर्मचारियों को डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने सेफ्टी अवार्ड प्रदान किया। सम्मानित होने वाले रेल कर्मियों में सूरज कुमार शन्टमैन व्यासनगर, महेंद्र कुमार यादव मेट वाराणसी, सुमन कुमार टेक्निशियन वाराणसी और आकाश कुमार पॉइंट्समैन सराय शामिल हैं।

# मर्णिकर्णिका घाट के ध्वस्तीकरण कांग्रेस कमेटी ने दिया ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वाराणसी में पिछले दिनों मर्णिकर्णिका घाट के ध्वस्तीकरण के विरोध में जिला और शहर कांग्रेस कमेटी ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष रुद्रदमन सिंह बबलू और शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मर्णिकर्णिका घाट और माता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्तियों के ध्वस्तीकरण के विरोध में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपे ज्ञापन में मर्णिकर्णिका घाट को पुराने स्वरूप में वापस लाने, माता अहिल्याबाई की मूर्तियों की स्थापना कराने और ध्वस्तीकरण में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी है। शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और जिलाध्यक्ष रुद्रदमन सिंह बबलू ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि यह स्थान माता अहिल्याबाई होल्कर के लिए बहुत महत्व रखता था, जिसका जीर्णोद्धार वर्ष 1792 में उन्होंने कराया था। यही नहीं यहां माता अहिल्याबाई की पवित्र और ऐतिहासिक मूर्तियां भी ध्वस्तीकरण के बाद मणिकर्णिका घाट के मलबे में दबी पड़ी हुई हैं। इस संबंध में खासगी देवी अहिल्याबाई होल्कर चैरिटीज ट्रस्ट इंदौर ने भी अपना लिखित विरोध दर्ज कराया है। ज्ञापन में मर्णिकर्णिका घाट को पुराने स्वरूप में वापस लाने, माता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्तियों की स्थापना और घाटों के सौंदर्यीकरण का काम काशी के धर्माचार्यों और काशीवासियों से वार्ता कर पुराने स्वरूप में दोबारा स्थापित किया जाए और ध्वस्तीकरण में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता राजेन्द्र पाण्डे, इशरत अली, अभिमन्यु विश्वकर्मा, नकी रजा, अजय वर्मा, शिव बहादुर सिंह, इम्तियाज खान, फखरुल इस्लाम, महीप सिंह, अनिल निषाद एडवोकेट, मोहम्मद सुल्तान एडवोकेट, जमाल खान सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# केजीएमयू में जाति या मजहब के आधार पर भेदभाव की जगह नहीं : डॉ. सोनिया नित्यानंद

- संवैधानिक पद पर धर्म से ऊपर निष्पक्षताः केजीएमयू वीसी
- हिंदू हूं, लेकिन सभी धर्मो का सम्मानः केजीएमयू वीसी




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केजीएमयू में धर्म परिवर्तन को लेकर जमकर हंगामा मचा था। इस बीच केजीएमयू की वीसी डॉ. सोनिया नित्यानंद ने खुलकर बात चीत करते हुए कहा की हिन्दू होने पर उन्हें गर्व है लेकिन संवैधानिक पद पर रहते हुए निष्पक्षता का भाव रखना उनकी ज़िम्मेदारी है। वीसी का एक हिंदी अखबार को दिए गए इस बयान की चर्चा खूब है। उन्होंने साफ कहा कि वह हिंदू है और अगले जन्म में भी हिंदू परिवार में ही पैदा होना चाहेंगी, लेकिन एक संवैधानिक पद पर रहते हुए उनका कर्तव्य है कि वे सभी धर्मो के प्रति समान सम्मान और निष्पक्षता का भाव रखें। केजीएमयू जैसे शैक्षणिक और चिकित्सकीय संस्थान में जाति या मजहब के आधार पर भेदभाव की जगह नहीं है। केजीएमयू जैसे शैक्षणिक और चिकित्सकीय संस्थान में जाति या मजहब के आधार पर भेदभाव की कोई जगह नहीं है। यौन शोषण को लेकर एक महिला रेजिडेंट डॉक्टर की ओर से लिखित शिकायत मिली थी।नियमानुसार विशाखा कमेटी का गठन किया गया। जांच में सामने आया कि दोनों रेजिडेंट डॉक्टरों को यहां रूम अलॉट थे।

इसके अलावा दोनों ने बाहर भी एक रूम ले रखा था, जहां वे मिलते-जुलते थे। जब महिला रेजिडेंट को पता चला कि पुरुष रेजिडेंट शादीशुदा है, तो उसने उससे दूरी बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद पुरुष रेजिडेंट उसे मानसिक रूप से परेशान करने लगा। विशाखा कमेटी ने उसे यौन उत्पीड़न का दोषी पाया। उसकी सेवा समाप्ति के लिए डीजीएमई को पत्र भेजा गया है।

# शातिर जालसाजों ने युवक का कार्ड बदल लगाया हजारों का चूना

**लखनऊ।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां जालसाजों ने एक युवक को अपनी बातों में फंसाकर उसके खाते से हजारों रुपये उड़ा दिए। घटना के संबंध में पीड़ित ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायतकर्ता चंदन कुमार, जो दशहरी मोड़ सिकरौरी के निवासी हैं, ने बताया कि वह एचडीएफसी बैंक के खाताधारक हैं। घटना वाले दिन वह पारा थाना क्षेत्र के एक एटीएम बूथ पर पैसे निकालने गए थे। उन्होंने अपने डेबिट कार्ड से ?20,000 की निकासी की। इसी दौरान वहां मौजूद दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें बातों में उलझा लिया और कहा कि वह अपने खाते का बैलेंस चेक कर लें। जब चंदन बैलेंस चेक कर रहे थे, तभी शातिरों ने चालाकी से उनका गोपनीय पिन देख लिया और हाथ की सफाई दिखाते हुए उनका एटीएम कार्ड बदल दिया (कार्ड स्वैपिंग)।

# याद किये गए बाबू जी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** युगपुरुष मानवता की प्रतिमूर्ति दलितों के मसीहा डॉ माता प्रसाद मित्र की पाँचवी पुण्यतिथि पर बोधिसत्व बाबा साहेब टुडे मासिक पत्रिका द्वारा आलमनगर स्थित सेंगर कॉम्प्लेक्स में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

समारोह की अध्यक्षता राम रतन प्रसाद पूर्व सहायक निदेशक, रेशम विकास विभाग ने की। मुख्य अतिथि डॉ आर आर जैसवार, लोकपाल, लखनऊ, विशिष्ट अतिथि जी पी बौद्ध पूर्व जिला उद्यान अधिकारी, डी के दोहरे पूर्व जिला विकास अधिकारी, डॉ सर्व प्रकाश भाष्कर, बौद्धाचार्य नेक राम बौद्ध रहे। मुख्य वक्ता डॉ अनिल कुमार सिंह जैसवार ÷पण्डित बेअदब लखनवी, डॉ लालती देवी व राजेन्द्र कुमार गौतम रहे। समारोह का शुभारंभ तथागत गौतम बुद्ध, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन व बुद्ध वन्दना से हुआ। तत्पश्चात् बाबू जी डॉ माता प्रसाद मित्र जी के चित्र पर माल्यार्पण व आदरांजली समर्पित करते हुए सबने बाबू जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इनके अतिरिक्त हेमंत कुमार, पी एन बौद्ध, धर्मेन्द्र कुमार आर्य, आकाश गौतम, एस पी कुरील, सुशील कुमार, अखिलेश चौरसिया, दिव्या रावत, दीपक कुमार सिंह, राम नारायण, बाबू लाल गौतम, फौजदार गौतम आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अंत में आयोजक ज्ञान प्रकाश जख्मी ने आभार ज्ञापित किया।

# हजरत जैनब की विलादत पर सजी महफिल

- रौजे में कई गई भव्य सजावट

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स) की नवासी हजरत जैनब (स.अ.) की विलादत के सिलसिले में मंगलवार को रौजए ज़ैनबिया के ताहिर जरवली हाल टिकैत राय तालाब में सानिये जहरा (स.अ.) महफिल कमेटी कि ओर से एक तरही महफिल आयोजन किया गया। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना अम्मार काजिम जरवली ने हजरत जैनब (स.अ.) की अजमत को बयान किया। इसके बाद शायर-ए-अहलेबैत एजाज जैदी द्वारा दी गई मिसरे तरह सीरते जहरा का आईना तेरा किरदार है मिसरे तरह पर मौलाना नसीर आज़मी, नायाब हल्लौरी, सुहेल बस्तवी, ताज कानपुरी, सज्जाद हाल्लौरी, जफर नसीराबादी, अतहर सीतापुरी, जफर फैजाबादी, हसन मिर्जापुरी, हिलाल नक़वी, कर्नल जर्रार अहमद, हसन फराज, खुशनूद मुस्तफा, शुजा अब्बास और अख्तर अज़्मी सहित अनेक शायरों ने अपने कलाम पेश किए। इस मौके पर मौलाना रजा हुसैन ने भी शहज़ादी के अहमियत बयान की। जश्ने का आगाज कारी हबीब आलम रिजवी ने तिलावते कुराने पाक से व संचालन ज़ाहिद कानपुरी ने किया। कमेटी के अध्यक्ष नवाब इमरान अली खां और महासचिव सैयद आफताब रिजवी ने महफिल में आये सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।



### घरों में हुई नज्र

जनाबे जैनब (स.अ.) की विलादत की खुशी में लोगों ने अपने घरों, इमामबाड़ों व मस्जिदों में नज़्रों का आयोजन किया। मगरिब की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने अपने घरों में नज़्र दी। इसके बाद लोगों का नज़्रों में आने जाने का सिलसिला जारी रहा।

### जश्ने फातहे कर्बला कल

हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के जन्म दिवस के मौके पर 22 जनवरी को हुसैनी अकादमी की ओर से रौजाए काजमैन में जश्ने फातहे कर्बला शीर्षक से महफिल का आयोजन होगा। महफिल को मौलाना अशरफ अल गरवी रात 8.30 बजे खिताब करेंगे। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी तिलावते कुराने पाक से और संचालन मौलाना आबिस काजिम जरवली करेंगे। महफिल में अन्तराष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध शायर इमाम हुसैन (अ.स.) की शान में अपने कलाम पेश करेंगे।

### दरगाह हजरत अब्बास में विशाल अलम की जियारत 23 को

लखनऊ। अमीरउल मोमेनीन हजरत अली (अ.स.) के बेटे हजरत अब्बास (अ.स.) के जन्मदिन के मौक पर 23 जनवरी को दरगाह हजरत अब्बास रूस्तम नगर में एक शानदार अलम-ए-मुबारक कि जियारत करायी जायेगी। इसके बाद जश्ने हजरत अबुल फजलिल अब्बास का आयोजन होगा। जश्न के लिए दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। जश्न का आगाज तिलावते कुराने पाक व हदीसे किसा से किया जायेगा। इसके बाद 110 बच्चे हजरत अब्बास (अ.स.) की शान में मनकबत पेश करेंगे। महफिल को मौलाना कल्बे जव्वाद और मौलाना हबीब हैदर सहित कई उलमा खिताब करेंगे।

# संसद और विधानमंडल सत्रों के घटते समय पर मायावती चिंतित

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संसद और विधानमडल सत्र के घटते समय पर चिंता व्यक्त की है। मायावती ने एक्स पोस्ट लिखा संसद व राज्य विधानमंडलों के सत्र के घटते समय के साथ हंगामा, स्थगन आदि से जनउपयोगिता का प्रभाव घट रहा है। लखनऊ में चल रहे 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में घटते समय पर चिंता जताना उचित, सामयिक व सराहनीय है। वहीं मायावती ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मदरसा संबंधी फैसले का भी स्वागत किया, जिसमें कहा गया कि सरकारी मान्यता न होना मदरसे बंद करने का आधार नहीं है। इस आधार पर श्रावस्ती में मदरसे की सील 24 घंटे में हटाने के निर्देश का स्वागत।संभवतः कोई भी सरकार नीतिगत तौर पर निजी मदरसों के विरुद्ध नहीं, बल्कि जिला स्तर पर अधिकारियों की मनमानी का ही शायद यह परिणाम है कि इस प्रकार की अप्रिय घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। इस पर सरकार को सख्ती करनी चाहिए।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल में लगेगा शुल्क

- प्रवेश शुल्क 15 रूपए है वहीं म्यूजियम में प्रवेश के लिए 50 रूपए देना होगा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी के राष्ट्र प्रेरणा स्थल में अब मुफ्त एंट्री नहीं मिलेगी जहां प्रवेश शुल्क 15 रूपए है वहीं म्यूजियम में प्रवेश के लिए 50 रूपए देना होगा। एलडीए के साथ हुई संचालन समिति की बैठक में इस पर मोहर लग गयी। 24 जनवरी से 26 जनवरी तक इसी स्थान पर होने वाले यूपी दिवस में यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यूपी दिवस से प्रेरणा स्थल लोगों को आकर्षित किया जायेगा।पार्क में बच्चों के मनोरंजन आदि के लिए किड्स जोन विकसित करने पर चर्चा हुई। इस पर काम किया जाएगा। पार्क का लोकार्पण 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। उसके 31 दिसंबर तक प्रवेश निःशुल्क रहा और एक जनवरी से टिकट लगाया गया। उत्तर प्रदेश दिवस के तहत तीन दिन 24 से 26 जनवरी तक का मुख्य आयोजन राजधानी स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में होगा। इसमें जहां प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों द्वारा गायन, शास्त्रीय व लोक नृत्य, नाटक, भजन, सुगम संगीत, जनजातीय नृत्य, समकालीन प्रस्तुतियों का मंचन किया जाएगा। वहीं युवाओं को इंडियन ओसेन बैंड आकर्षित करेगा।

उत्तर प्रदेश दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आधुनिकता और परंपरा का समन्वय देखने को मिलेगा। संस्कृति विभाग की ओर से इसे लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। इसके तहत प्रकाश मिश्रा व प्रतिभा सिंह बघेल द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा कथक, भरत नाट्यम व ओडिसी नृत्य की संयुक्त प्रस्तुतियां होंगी।

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी), हस्तशिल्प, जीआई टैग उत्पाद, पर्यटन स्थलों, मिशन शक्ति, औद्योगिक व अधोसंरचना विकास, विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विषयक प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। मुख्य समारोह में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, उत्कृष्ट उद्यमियों, महिला शक्ति, युवाओं, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों व विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा।